"वाङ् नो विवृणुयादात्मानमित्यध्येयं व्याकरणम् ।" [पतञ्जलिः]

सुगम संस्कृत-व्याकरण

FOR SCHOOLS AND COLLEGES

लेखक—

प्रो० आनन्दस्वरूप शास्त्री, एम० ए०

भू० पू० प्राध्यापक मेरठ कालेज, मेरठ

प्रकाशक—

मोतीलाल बनारसीदास

पोस्ट बक्स नं ७५, नेपालीखपरा, बनारस

प्रथम संस्करण] १९५२ [मूल्य २॥)

"तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते ॥" [भर्तृहरिः]

(शब्दों के तत्त्व का बोध व्याकरण के बिना नहीं होता)

प्रकाशक—
सुन्दरलाल जैन
मैनेजिंग प्रोप्राइटर
मोतीलाल बनारसीदास
नेपाली खपरा, बनारस।

मुद्रक—
अच्युत मुद्रणालय
ललिताघाट,
बनारस।

प्राक्कथन

अध्यापन काल में संस्कृत के उच्चश्रेणियों के छात्रों में भी व्याकरण-ज्ञान का अभाव देखकर अनेक बार मेरी इच्छा हुई कि संस्कृत-व्याकरण की कोई ऐसी पुस्तक लिखी जावे जो सरल तथा वैज्ञानिक ढंग से छात्रों को संस्कृत-व्याकरण का अच्छा बोध करा सके, जिससे कि वे संस्कृत-भारती के मन्दिर में प्रवेश पाकर वहां की संचित ज्ञानराशि का कुछ उपभोग कर सकें। संस्कृत जैसी प्राचीन समृद्ध तथा व्यवस्थित भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अनिवार्य है। सौभाग्य से संस्कृत भाषा का व्याकरणशास्त्र अत्यन्त वैज्ञानिक तथा परिपूर्ण है, परन्तु प्राचीन परम्परा के अनुसार निर्मित सस्कृत व्याकरण के ग्रन्थ स्कूलों तथा कालेजों के छात्रों के लिए अत्यन्त दुर्बोध हैं, और अर्वाचीन ढंग से लिखे हुए व्याकरणग्रन्थों से संस्कृतव्याकरण का इतना अच्छा बोध होने नहीं पाता। प्रस्तुत पुस्तक ('सुगम संस्कृतव्याकरण') में प्राचीन तथा अर्वाचीन दोनों प्रकार की प्रणालियों का समन्वय है। इसमें संस्कृत व्याकरण की सभी आवश्यक बातों का विवेचन यथासाध्य सरल तथा वैज्ञानिक ढंग से किया गया है।

यह पुस्तक स्कूलों तथा कालेजों के छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। उत्तरप्रदेशीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड द्वारा पूर्वमाध्यमिक (High School) तथा उत्तरमाध्यमिक (Intermediate) परीक्षाओं के लिए निर्धारित संकृत व्याकरण के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का इस पुस्तक में सन्निवेश है, उसके अतिरिक्त संस्कृत व्याकरण का शेष आवश्यक तथा उपयोगी विषय भी दिया गया है। उपर्युक्त पाठ्यक्रम द्वारा निर्धारित सम्पूर्ण शब्दरूप तथा धातुरूप तो इस पुस्तक में दिये ही गये हैं, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य आवश्यक शब्दों तथा धातुओं के रूपों का भी सन्निवेश कर दिया गया है। इस प्रकार यह पुस्तक हाईस्कूल कक्षाओं से लेकर यूनिवर्सिटी की ऊंची श्रेणीयों तक के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

उपर्युक्त पाठ्यक्रम से अतिरिक्त शब्दों तथा धातुओं पर ※ ऐसा चिह्न दिया गया है, तथा केवल इंटरमीडियेट-छात्रों के लिए निर्धारित शब्दों

तथा धातुओं पर † ऐसा चिह्न दिया गया है। हाई स्कूल-छात्र चिह्न-रहित शब्दों तथा धातुओं के ही रूप याद कर सकते हैं, तथा धातुओं के रूपों में से भी पहिले पाँच लकारों (लट्, लृट्, लङ्, लोट् तथा विधिलिङ्) के रूप ही उनके लिए पर्याप्त हैं। सन्धि प्रकरण में भी जिन नियमों पर † ऐसा चिह्न है, वे नियम केवल इंटरमीडियेट छात्रों के पाठ्यक्रम में ही नियत हैं; तथा जिन नियमों पर ❀ ऐसा चिह्न है वे पाठ्यक्रम से अतिरिक्त हैं। कृदन्त-प्रकरण तथा विभक्ति-प्रकरण इन्टरमीडियेट पाठ्यक्रम के अनुसार लिखे गये हैं; किन्तु जिन अंशों पर ❀ ऐसा चिह्न है, वे अंश ऊची श्रेणियों के लिए हैं, इन्टरमीडियेट छात्र भी उनसे लाभ उठा सकते हैं। कारकविभक्ति प्रकरण में विभक्तिनियमों के साथ साथ Apte's Guide के तत्सम्बन्धी अंशों की संख्याएं भी कोष्ठ में दे दी हैं। हाईस्कूल तथा इन्टरमीडियेट के पाठ्यक्रमों में समास विषय भी निर्धारित है; समासों का विशद विवेचन समास प्रकरण में किया गया है। शेष प्रकरणों के विषय का ज्ञान भी संस्कृत व्याकरण के ज्ञान के लिए अनिवार्य है। वर्ण-प्रकरण का अच्छे प्रकार अध्ययन कर लेने पर यह पुस्तक अधिक सुगम तथा रोचक प्रतीत होगी।

शब्दरूप तथा धातुरूप बनाने के उपयोगी नियम सुबन्त-प्रकरण तथा धातु-प्रकरण में तथा उन रूपों के साथ साथ तलटिप्पणियों में सरल ढंग से प्रस्तुत किये गये हैं। शब्दरूपों तथा धातुरूपों के तुलनात्मक अध्ययन के लिए उन रूपों के साथ साथ नीचे उपयोगी तल टिप्पणियां (पादटिप्पणियां) दी गई है। दो दो धातुओं के रूप साथ साथ दो कालम में आमने सामने दिये गये है, जिससे रूपों के तुलनात्मक अध्ययन में सहायता मिले। धातुओं के वैकल्पिक रूप छोटे टाइप में दिये गये हैं।

प्राय: सभी प्रकरणों में नियमों के साथ साथ नीचे तलटिप्पणियों में उन नियमों से सम्बन्ध रखने वाले उपयोगी पाणिनि-सूत्र, वार्तिक, श्लोक आदि दिये गये हैं, जिससे उन नियमों को स्मरण रखने में सहायता मिले। विषय को सरल तथा स्पष्ट करने के लिए अनेक स्थलों पर तालिकाएं दी गई हैं, तथा प्रकरणों के अन्त में उपयोगी परिशिष्ट जोड़ दिये गये हैं।

पुस्तक की छपाई शुद्ध तथा सुन्दर हो इसके लिए यद्यपि भरसक प्रयत्न किया गया है, किन्तु फिर भी कुछ कारणों से यत्र तत्र अशुद्धियां रह ही गई हैं, जिसके लिए लेखक को अत्यन्त दुःख है। इन अशुद्धियों में से विराम, हलन्त-चिह्न, मात्रा, रेफ, व ब, प ष, घ ध आदि की मुद्रणसम्बन्धी कुछ अशुद्धियां ऐसी भी हैं जिनका संशोधन कोई भी छात्र सरलतापूर्वक स्वयं कर सकता है; शेष अशुद्धियों का संशोधन पुस्तक के अन्त में दे दिया गया है, जिसे देखकर इन सब अशुद्धियों को पुस्तक में शुद्ध करके ही पुस्तक पढ़नी चाहिए। पुस्तक में यद्यपि छोटे कोष्ठों ( ) तथा बड़े कोष्ठों [ ] का भी एक विशेष क्रम है, किन्तु प्रेस ने अपने सुभीते के अनुसार अनेक स्थलों पर इस क्रम का भी अतिक्रम कर दिया है। परिस्थितिवश इस प्रकार के कुछ दोषों के रह जाने पर भी यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी ऐसी आशा है।

इस पुस्तक के लिखने में काशी विश्व विद्यालय के पुस्तकालय से जो सहयोग प्राप्त हुआ है उसके लिए लेखक अत्यन्त कृतज्ञ है, तथा जिन लेखकों के ग्रन्थों से सहायता ली गई है उनका भी वह आभारी है। यदि इस पुस्तक द्वारा संस्कृत भारती की कुछ भी सेवा हो सकी तो लेखक अपने परिश्रम को सफल समझेगा।

काशी (विश्व विद्यालय)
फाल्गुन शुक्ल, २००८ वि०

आनन्दस्वरूप

विषय-सूची

(ख) कारक-कृदन्त—(१) कर्तृवाचक—ण्वुल्, तृच्, क, अच्, अण्, क्विप्, णिनि [२१७-१६]; (२) कर्तृभिन्नकारकवाचक—ष्ट्रन्, घ, कि आदि [२१९] (ग) भाववाचक-कृदन्त [२१६-२१]—(१) पुंलिङ्ग—घञ्, अच्, अप्, कि, नङ्; (२) स्त्रीलिङ्ग–क्तिन्, अ, युच्; (३)—नपुंसक—ल्युट्, क्त।

सुगम संस्कृत-व्याकरण

अध्याय १.

वर्ण प्रकरण

१. संस्कृत (अथवा देवनागरी) वर्णमाला में ४४ वर्ण हैं, जो दो विभागों में बँटे हुए हैं:— स्वर (Vowels), तथा व्यञ्जन (Consonants)। स्वरों को अच् तथा व्यञ्जनों को हल् भी कहते हैं। स्वर के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती, किन्तु व्यञ्जन के उच्चारण में स्वर की सहायता लेनी पड़ती है। व्यञ्जन ('क्' इत्यादि) का उच्चारण स्वर ('अ' इत्यादि) की सहायता के बिना नहीं हो सकता; अतः उच्चारण की सुविधा के लिए क्, ख् इत्यादि व्यञ्जन में 'अ' स्वर मिलाकर 'क' 'ख' इत्यादि लिखते हैं।

नीचे स्वर तथा व्यञ्जन का कुछ विशेष परिचय दिया जाता है:—

२. स्वर (अच्)— स्वर दो प्रकार के हैं:—

(i) मूलस्वर (Simple Vowels)—इनमें और कोई स्वर नहीं मिला रहता; (ii) संयुक्त स्वर (Diphthongs)—ये दो स्वरों के संयोग से बनते हैं।

(i) मूल स्वर— मात्रा अर्थात् उच्चारण काल की दृष्टि से मूल स्वर दो प्रकार के होते हैं—ह्रस्व (Short), तथा दीर्घ (Long); ह्रस्वस्वर को एक मात्रिक तथा दीर्घ स्वर को द्विमात्रिक भी कहते हैं। दीर्घ स्वर के उच्चारण में ह्रस्व स्वर के उच्चारण से दुगुना समय लगता है।[1]

---

१. उच्चारणकाल की दृष्टि से स्वर का एक तीसरा भेद 'प्लुत' भी होता है, जिसे त्रिमात्रिक कहते हैं, किन्तु वह बहुत कम प्रयोग में आता है। प्लुत स्वर के आगे ३ लिखा होता है।

ह्रस्व—अ, इ, उ, ऋ, ऌ
दीर्घ—आ, ई, ऊ, ॠ,—(ऌ का दीर्घ नहीं होता)

विशेष—'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' से मूल स्वर के प्रायः ह्रस्व तथा दीर्घ दोनों ही रूपों का अभिप्राय होता है। जब स्वर के केवल ह्रस्व अथवा दीर्घ रूप से ही अभिप्राय हो, तो उस स्वर के बाद में त अथवा कार जोड़ देते हैं; जैसे, अत् (अथवा अकार)=ह्रस्व अ; आत् (अथवा आकार)=दीर्घ अ, अर्थात् आ।

(ii) **संयुक्त स्वर**—संयुक्त स्वर केवल दीर्घ ही होते हैं, ह्रस्व नहीं होते। प्रत्येक संयुक्त स्वर दो स्वरों के संयोग से बनता है; यथा,

ए (अ+इ), ऐ (अ+ए)
ओ (अ+उ), औ (अ+ओ)

अनुनासिक स्वर—जब कोई स्वर मुख तथा नासिका दोनों से बोला जावे, तब उसे अनुनासिक स्वर कहते हैं; अनुनासिक स्वर के ऊपर ँ चिह्न लगता है। 'हँस' शब्द के ह् में अ अनुनासिक (अँ) है, किन्तु 'हंस' शब्द के ह् में जो अ है उससे परे अनुस्वार है, जो अलग वर्ण माना जाता है। अनुनासिक स्वर मुख और नासिका से, तथा अनुस्वार केवल नासिका से बोला जाता है।

३. **व्यञ्जन (हल्)**—व्यञ्जनों के निम्नलिखित विभाग हैं:—

(i) स्पर्श (mutes)—पाँचों वर्गों के २५ वर्ण—

कवर्ग (कु)—क, ख, ग, घ, ङ

मध्य वर्गीय {
चवर्ग (चु)—च, छ, ज, झ, ञ
टवर्ग (टु)—ट, ठ, ड, ढ, ण
तवर्ग (तु)—त, थ, द, ध, न
}

पवर्ग (पु)—प, फ, ब, भ, म

(स्पर्श व्यञ्जनों के उच्चारण में उच्चारण स्थानों के साथ जिह्वा का स्पर्श होता है)

(ii) अन्तःस्थ (Semivowels)—चार मूलस्वरों के अनुरूप
चार अन्तःस्थ— य, र, ल, व
(इ, उ, ऋ, ऌ मूलस्वरों के अनुरूप अर्थात् समानस्थानीय चार अन्तःस्थ क्रमशः य, व, र, ल हैं। इनके उच्चारणमें जिह्वा न तो उच्चारण स्थानों को स्पर्श ही करती है, और न उनसे बहुत दूर— जैसा स्वरों के उच्चारण में होता है—रहती है, किन्तु दोनों स्थितियों के बीच में रहती है। अन्तःस्थ व्यञ्जनों की स्थिति स्वर तथा व्यञ्जनों के बीच की है; अतः ये अन्तःस्थ अर्थात् बीच के कहाते हैं)।

(iii) ऊष्म—श, ष, स, ह।
(ऊष्म वर्णों के उच्चारणमें अधिक वेग के कारण वायु कुछ उष्ण हो जाती है। इन वर्णोंमें से श, ष, स को घर्षक Sibilants तथा ह को महाप्राण[२]—Aspirate भी कहते हैं।)

इन ३३ व्यञ्जनों के अतिरिक्त अनुस्वार (ं) तथा विसर्ग (ः) भी व्यञ्जन ही माने जाते हैं। अनुस्वार स्वर के ऊपर, तथा विसर्ग स्वर के आगे लिखा जाता है। (व्यञ्जनके साथ अनुस्वार, तथा विसर्ग कभी नहीं आते) वास्तव में तो म् तथा न् का अनुस्वार, तथा पदान्त स् अथवा र् का विसर्ग होता है। परन्तु उच्चारण में कुछ अन्तर होने से अनुस्वार तथा विसर्ग अलग वर्ण माने जाते हैं।[३] अनुस्वार का उच्चारण केवल नासिका से होता है; विसर्ग का उच्चारण कण्ठ से होता है। उच्चारण में विसर्ग कुछ कुछ ह के समान है।

---

२. जिन स्पर्श वर्णों में ह की ध्वनि मिली रहती है उन्हें महाप्राण स्पर्श कहते हैं; जैसे ख (kh), घ (gh), आदि। (?)

३. इनके अतिरिक्त जिह्वामूलीय (≍ क, ≍ ख), तथा उपध्मानीय (≍ प, ≍ फ) को भी व्यञ्जन ही मानते हैं। जिह्वामूलीय क, ख से पूर्व, तथा उपध्मानीय प, फ से पूर्व ≍ इस प्रकार दिखाये जाते हैं। किन्तु इनका प्रयोग बहुत ही कम है।

विशेष—इन उपर्युक्त ३३ व्यञ्जनों में उच्चारणकी सुविधा के लिए 'अ' स्वर मिला हुआ है। स्वर-संयोग रहित केवल व्यञ्जन लिखना हो, तो उस व्यञ्जन के नीचे हल्चिह्न (्) लगा देते हैं। व्यञ्जनों को हल् भी कहते हैं और इसीलिए केवल व्यञ्जन सूचक इस चिह्न को भी हल् कहने लगे। जिस व्यञ्जन के नीचे यह चिह्न हो उसे हलन्त व्यञ्जन कहते हैं; जैसे, क् , ख् आदि हलन्त व्यञ्जन हैं।

संयुक्त व्यञ्जन—जब दो व्यञ्जनों के बीच में कोई स्वर न हो तो ऐसे व्यञ्जनों को संयुक्त व्यञ्जन कहते हैं; जैसे 'रक्त' में क्त तथा 'अग्नि' में ग्नि संयुक्त व्यञ्जन हैं। कभी कभी दो से अधिक व्यञ्जन भी संयुक्त रहते हैं; जैसे 'कृत्स्न' में तीन, तथा 'कार्त्स्न्य' में पाँच व्यञ्जन संयुक्त हैं। कुछ व्यञ्जनों के रूप संयुक्त होने पर बदल जाते हैं; जैसे क्ष = क्ष (रक्षा = रक्षा), ज्ञ = ज्ञ (यज्ञ = यज्ञ)। 'र्' से पूर्व स्वर न हो, तो वह अपने पूर्व व्यञ्जन के नीचे संयुक्त होता है, (जैसे, क्रम = क्रम), और यदि 'र्' से परे स्वर न हो तो 'र्' अपने आगे वाले व्यञ्जन के ऊपर ॅ इस रूप में संयुक्त होता है (जैसे कर्म = कर्म)।

अनुनासिक व्यञ्जन—प्रत्येक वर्ग का पाँचवां वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न् , म् ,) तथा यँ, वँ, लँ अनुनासिक व्यञ्जन हैं; अर्थात् ये मुख तथा नासिका से बोले जाते हैं।

४. वर्णों के उच्चारण स्थान—किसी वर्ण का उच्चारण मुखके जिस स्थान से होता है, उस वर्ण का वही उच्चारण स्थान कहलाता है। निम्न-लिखित तालिका में सब वर्णों के उच्चारण स्थान दिये हैं।

वर्ण तथा उनके उच्चारण-स्थान ।

स्वर	व्यञ्जन				उच्चारण-स्थान
	स्पर्श	अन्तःस्थ	ऊष्म	अन्य (विसर्ग अनु० आदि	
अ	कु	...	ह	विसर्ग (:)	कण्ठः
इ	चु	य	श	...	तालु
ऋ	टु	र	ष	...	मूर्धा
लृ	तु	ल	स	...	दन्ताः
उ	पु	...	...	...	ओष्ठौ
ए, ऐ	...	...	...	...	कण्ठतालु[४]
ओ, औ	...	...	...	...	कण्ठौष्ठम्[४]
...	...	व (v)	...	...	दन्तौष्ठम्
...	...	...	...	अनुस्वार (ं)	नासिका
अनुनासिक स्वर, (जैसे अँ)	अनुनासिक व्यञ्जन (ङ, ञ, ण, न, म आदि)				नासिका च (अर्थात् मुख और नासिका)

४. ए, ऐ संयुक्त स्वर हैं इनके मूलस्वर अ, इ हैं अतः 'अ' का स्थान (कण्ठ), तथा 'इ' का स्थान (तालु) मिलकर इन दोनों का स्थान है कण्ठतालु। इसी प्रकार ओ, औ स्वरों के मूल स्वर अ, उ हैं, अतः ओ औ का स्थान कण्ठौष्ठ है।

५. वर्णोंके अन्य भेद—

(क) (i) **अघोष** (Surds)—प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा वर्ण तथा श, ष, स अघोषहैं। इन्हें परुष (Hard) वर्ण भी कहते हैं।

(ii) **घोष** (Sonants)—अघोष वर्णों के अतिरिक्त शेष वर्ण (स्वर तथा व्यञ्जन) घोष हैं। (सब स्वर घोष हैं) । घोष वर्णों को कोमल (Soft) भी कहते हैं।

(ख) (i) **अल्पप्राण**— प्रत्येक वर्ग के पहले तीसरे, पाँचवें वर्ण तथा अन्तःस्थ वर्ण अल्पप्राण कहाते हैं।

(ii) **महाप्राण** (Aspirate)—प्रत्येक वर्ग के दूसरे चौथे वर्ण तथा ऊष्म वर्ण महाप्राण कहाते हैं। विसर्ग भी महाप्राण ही है। 'ह' कोमल महाप्राण है, और विसर्ग कुछ परुष महाप्राण है। निम्न तालिका में वर्णों के ये चारों प्रकार दिखाये गये हैं—

वर्ण	अघोष	घोष	अल्पप्राण	महाप्राण
कवर्ग	क, ख,	ग, घ, ङ	क, ग, ङ,	ख, घ
चवर्ग	च, छ,	ज, झ, ञ	च, ज, ञ	छ, झ,
टवर्ग	ट, ठ,	ड, ढ, ण	ट, ड, ण	ठ, ढ
तवर्ग	त, थ,	द, ध, न	त, द, न,	थ, ध
पवर्ग	प, फ,	ब, भ, म	प, ब, म,	फ, भ
अन्तस्थ	—	य, र, ल, व	य, र, ल, व	—
ऊष्म	श, ष, स	ह	—	श, ष, स, ह
अनुस्वार, विसर्ग	विसर्ग	अनुस्वार	अनुस्वार	विसर्ग
स्वर	—	अच्	अच्	—

६. **सवर्ण अक्षर**— (i) **स्वरों में**—जिन स्वरों का उच्चारण स्थान समान है वे आपस में सवर्ण हैं। इस प्रकार प्रत्येक मूलस्वर का ह्रस्व तथा दीर्घ रूप आपस में सवर्ण हैं (अ, आ सवर्ण हैं, इ, ई सवर्ण हैं तथा उ, ऊ सवर्ण हैं)। ए, ऐ परस्पर सवर्ण हैं तथा ओ औ भी परस्पर सवर्ण हैं। (ऋ, ऌ भी आपस में सवर्ण माने जाते हैं।

(ii) **व्यञ्जनों में**—प्रत्येक वर्ग के पाँचों वर्ण परस्पर सवर्ण हैं।

७. **प्रत्याहार**—संस्कृत के प्राचीन वैयाकरणों ने लाघव तथा सुविधा के लिए वर्णों के अनेक समूह बनाकर उन्हें भिन्न भिन्न नाम दिये हैं; जैसे, अक्, अच्, हल्, झल्, जश्, खर् इत्यादि। इन्हें प्रत्याहार कहते हैं। संस्कृत व्याकरण के अध्ययन में प्रत्याहारों का ज्ञान अत्यन्त उपयोगी है। इसके लिए पाणिनि मुनि द्वारा दिये हुए निम्नलिखित १४ माहेश्वर सूत्र अवश्य याद कर लेने चाहिएँ:—

अ इ उ ण्। ऋ ऌ क्। ए ओ ङ्। ऐ औ च्।
ह य व र ट्। ल ण्। ञ म ङ ण न म्। झ भ ञ्।
घ ढ ध ष्। ज ब ग ड द श्। ख फ छ ठ थ च ट
त व्। क प य्। श ष स र्। ह ल्।

इन सूत्रों में वर्णों का क्रम इस प्रकार है:—

(i) पाचों मूल स्वर, (ii) चारों संयुक्त स्वर, (iii) चारों अन्तःस्थ वर्ण, (iv) वर्गों के पाँचवें अक्षर (अनुनासिक स्पर्श),

---

५. उच्चारण के समय स्वरतन्त्रियों की विशेष स्थिति के अनुसार घोष, अघोष, तथा वायु के कम अथवा अधिक वेग के अनुसार अल्पप्राण और महाप्राण नाम रक्खे गये हैं।

(v) वर्गों के चौथे अक्षर, (vi) वर्गों के तीसरे अक्षर, (vii) वर्गों के दूसरे अक्षर, (viii) वर्गों के प्रथम अक्षर, (ix) चारों ऊष्म। पाँचों मूल स्वरों के समान-स्थानीय आरम्भ में पाँच व्यञ्जन है। वर्गों का भी एक क्रम है।

प्रत्येक सूत्र के अन्त में एक हलन्त व्यञ्जन (ण्, क्, ङ् आदि) है जिसका उपयोग केवल प्रत्याहार बनाने के लिए है; प्रत्याहार के नाम में दो ही वर्ण होते हैं पहला – हलन्त व्यञ्जन के अतिरिक्त किसी भी सूत्र का कोई वर्ण, और दूसरा—उसके आगे का कोई भी हलन्त व्यञ्जन। प्रत्याहार के पहले वर्ण से हलन्त व्यञ्जन तक जितने भी वर्ण हैं, हलन्त व्यञ्जनों को छोड़कर वे सभी वर्ण उस प्रत्याहार में माने जाते हैं। इस प्रकार अच् प्रत्याहार में सब स्वर हैं, हल् प्रत्याहार में सब व्यञ्जन; इसीलिए स्वरों को अच् तथा व्यञ्जनों को हल् भी कहते हैं। इसी प्रकार इन सूत्रों से अनेक प्रत्याहार (हश्, झश्, झल्, जश्, यर्, खर्, शर्, वल्, अल् आदि).बने हैं।

८. वर्णविषयक कुछ पारिभाषिक संज्ञाएँ—

(i) गुण[६]-अत् (ह्रस्व अ), ए, ओ।

(ii) वृद्धि[७]-आत् (आ), ऐ, औ।

स्वरों को गुण अथवा वृद्धि आदेश[८] नीचे लिखे अनुसार होता है:-

स्वर	गुण	वृद्धि
अ	अ (ह्रस्व)	आ
इ	ए	ऐ
उ	ओ	औ
ऋ	अर्	आर्

६. 'अदेङ् गुणः' पा०' (अत् एङ् गुणः)

७. 'वृद्धिरादैच्' पा० (वृद्धिः आत् ऐच्)

८. किसी वर्ण के स्थान में अन्य वर्ण के होने को आदेश कहते हैं।

(iii) **सम्प्रसारण**[९]—यण् (य्, व्, र्, ल्) के स्थान में क्रमशः इक् (इ, उ, ऋ, ऌ) का आदेश सम्प्रसारण कहाता है; (अर्थात् य् को इ, व् को उ, र् को ऋ तथा ल् को ऌ का आदेश सम्प्रसारण है।)

(iv) **उपधा**[१०]—किसी शब्द के अन्तिम वर्ण से पूर्व वर्ण को उपधा कहते हैं; जैसे 'पठ्' में अन्तिम वर्ण ठ् से पूर्व अ की उपधा संज्ञा है, इसी प्रकार 'दिव्' में इ की उपधा संज्ञा है।

(v) **टि**[११]—किसी शब्द का अन्तिम अच् (स्वर) तथा उसके बाद का व्यञ्जन (यदि कोई हो) मिलकर 'टि' कहाते हैं। जैसे 'राजन्' शब्द में अन्तिम् अच् अ है और उसके बाद में न् है, तो अन् को टि कहेंगे; इसी प्रकार 'स्वामिन्' में इन् टि है।

(vi) **इत्**—कभी कभी धातु प्रत्यय इत्यादि में कोई वर्ण ऐसा जुड़ा रहता है, जिसका लोप मान लिया जाता है, ऐसे वर्ण को इत् कहते हैं। ऐसा वर्ण यद्यपि प्रत्यय आदि के साथ शब्द में नहीं जुड़ता फिर भी उस 'इत्' वर्ण के कारण व्याकरण सम्बन्धी अन्य प्रयोजन (विकार इत्यादि) सिद्ध होते हैं। (माहेश्वर सूत्रों के अन्त में व्यञ्जनों की इत् संज्ञा है। 'नी' धातु में 'क्त्वा' प्रत्यय जुड़ने से 'नीत्वा' शब्द बनता है; इस शब्द में 'क्त्वा' प्रत्यय का क् नहीं जुड़ा, क्योंकि उस क् की इत् संज्ञा है; 'क्त्वा' प्रत्यय में क् इत् होने से, नी को गुण (ने) नहीं हुवा, जैसे 'नेता' में होता है)

---

९. 'इग्यणः सम्प्रसारणम्' पा०, (इक् यणः सम्प्रसारणम्)

१०. 'अलोऽन्त्यात्पूर्वं उपधा' पा०

११. 'अचोऽन्त्यादि टिः' पा०

अध्याय २

सन्धि प्रकरण

१. संस्कृत में दो वर्ण (दो स्वर, एक स्वर और एक व्यञ्जन, दो व्यञ्जन, अथवा विसर्ग और एक अन्य वर्ण) जब साथ साथ आते हैं तो उन दोनों में से किसी एक में अथवा दोनों में प्रायः कुछ परिवर्त्तन (विकार) हो जाता है ; और कभी कभी दोनों वर्णों के स्थान में एक नया ही वर्ण हो जाता है (जिसे एकादेश कहते हैं)। दो वर्णों के इस प्रकार परस्पर जुड़ने को सन्धि कहते हैं। यह सन्धि वाक्यके पदों में तो वक्ता की इच्छा के ऊपर निर्भर है (चाहे वह सन्धि करे या न करे), परन्तु प्रकृति-प्रत्यय में, उपसर्ग-धातु में, तथा समास के पदों में सन्धि अनिवार्य है ।[1]

२. सन्धि तीन प्रकार की होती है—(क) स्वर सन्धि (स्वर की स्वर से), (ख) व्यञ्जन सन्धि (व्यञ्जन की व्यञ्जन से, अथवा व्यञ्जन की स्वर से), और (ग) विसर्ग सन्धि (विसर्ग की स्वर से, अथवा विसर्ग की व्यञ्जन से)।

(क) स्वर (अच्) सन्धि—

(१) यदि मूल स्वर से परे उसी का समान (सवर्ण) स्वर हो तो दोनों के स्थान में दीर्घ एकादेश हो जाता है ।[२] उदा०—

उदा०-(अ + अ = आ)—मुर अरि = मुरारिः, रुजा आतुरः = रुजातुरः;
(इ + इ = ई)—इति इव = इतीव, मुनि ईशः = मुनीशः;
(उ + उ = ऊ)—भानु उदयः = भानूदयः, चमू ऊर्जः = चमूर्जः;
(ऋ + ऋ = ॠ)—पितृ ऋणम् = पितॄणम् ।

---

१. "संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः ।
नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते ॥"

२. 'अकः सवर्णे दीर्घः ।' पा०

(२) यदि 'अ' से परे कोई असमान मूलस्वर हो तो दोनों को मिलाकर गुण होजाता है।[3]

उदा०—(अ + इ = ए)—गज इन्द्रः = गजेन्द्रः, रमा ईशः = रमेशः;
(अ + उ = ओ)—सर्व उदयः = सर्वोदयः, महा ऊरुः = महोरुः;
(अ + ऋ = अर्)—राजा ऋषिः = राजर्षिः, महा ऋद्धिः महर्द्धिः

(३) यदि 'अ' से परे एच् (ए, ओ, ऐ, औ) हो, तो दोनों को वृद्धि एकादेश हो जाता है।[4] (अर्थात् यदि 'अ' से परे 'ए' या 'ऐ' हो तो मिलकर 'ऐ' और यदि 'ओ' या 'औ' हो तो 'औ' हो जाता है)[4]

उदा०—(अ + ए = ऐ)— नाम एव = नामैव, बालिका एका = बालिकैका;
(अ + ऐ = ऐ —देव ऐश्वर्यम्, = देवैश्वर्यम्, मत ऐक्यम् = मतैक्यम्;
(अ + ओ = औ)— गङ्गा ओघः = गङ्गौघः, महा ओषधिः = महौषधिः;
(अ + औ = औ)—जन औत्सुक्यम् = जनौत्सुक्यम्, महा औषधम्: महौषधम्;

अपवाद—उपसर्ग के 'अ' से परे धातु का 'ए' अथवा 'ओ' हो तो दोनों को मिलाकर पररूप एकादेश (अर्थात् 'ए' अथवा 'ओ') हो जाता है।[5] उदा०—प्र एजते = प्रेजते; उप ओषति = उपोषति।

(४) यदि इक् (इ, उ, ऋ, लृ) से परे कोई अच् हो तो इक् के स्थान में समान स्थानीय यण् (य्, व्, र्, ल्,) हो जाता है।[6]

उदा०—(इ को य्)—इति आदि = इत्यादि, सुधी उपास्य = सुध्युपास्यः;
(उ को व्)—मधु अरिः = मध्वरिः, गुरु औदार्यम् = गुर्वौदार्यम्;
(ऋ को र्)—पितृ आज्ञा = पित्राज्ञा, धातृ अंशः = धात्रंशः
(लृ को ल्)—लृ आकारः = लाकारः;

---

३ 'आद् गुण०'। पा०

४ 'वृद्धिरेचि'। पा०

५ एङि० पररूपम्। पा०

६ 'इको यणचि' पा०, (इकः यण् अचि)

(५) यदि एच् (ए ओ ऐ औ) से परे कोई स्वर हो तो 'ए' को अय, 'ओ' को अव्, 'ऐ' को आय् तथा 'औ' को आव् आदेश हो जाता है। (संक्षेपतः—संयुक्त स्वरों को मूल स्वरों में तोड़कर नियम (४) के अनुसार इक् को यण् कर देते हैं; जैसे, ए = अइ = अय्; ओ = अउ = अव्; ऐ = अए = अ अइ = आय्; औ = अओ = अ अउ = आव्)[७]

उदा०–('ए' को अय्) ने अनम् = न्अय् अनम् = नयनम्;
('ओ' को अव्)—पो अनम् = प्अव् अनम् = पवनम्;
('ऐ' को आय्)—नै अकः = न्आय् अकः = नायकः;
('औ' को आव्)—पौ अकः = प्आव् अकः = पावकः।

विशेष—जब पद[८] के अन्त में एच् को अय् आदि आदेश हुए हों तो य्, व् का विकल्प से लोप हो जाता है; और लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती।

उदा०–(पदान्त अय्)—कवे आगच्छ = कवय् आगच्छ
= कव आगच्छ, कवयागच्छ
भावते एषः = भावतय् एषः
= भावत एषः, भावतयेषः
(पदान्त अव्)—भानो उद्गच्छ = भान उद्गच्छ, भानवुद्गच्छ
(पदान्त आय)—श्रियै उत्सुकः = श्रिया उत्सुकः, श्रियायुत्सुकः
(पदान्त आव्)—गुरौ आगते = गुरा आगते, गुरावागते

(६) पदान्त एङ् (ए, ओ) के परे अत् (ह्रस्व अ) हो, तो पूर्व रूप एकादेश हो जाता है (अर्थात् पूर्ववर्ण तथा परवर्णको मिला-

---

७. 'एचोऽयवायावः' पा० (एचः अय्, अव्, आय्, आव्)

८. विभक्ति युक्त शब्द को पद कहते हैं। 'सुप्' तथा तिङ् (जो क्रमशः संज्ञा तथा धातु के बाद में जुड़ते हैं) प्रत्ययों को विभक्ति कहते हैं, अतः सुबन्त तथा तिङन्त शब्दों को पद कहते हैं। ('सुप्तिङन्तं पदम्' पा०)

कर पूर्ववर्ण (ए, ओ) हो जाता है)।[९] संक्षेपतः, पदान्त 'ए' 'ओ' से परे ह्रस्व अ का लोप हो धाता है। (इस लुप्त हुए अकार के स्थान में प्रायः अवग्रह चिह्न (ऽ) लगाते हैं)

उदा०–हरे अवतर = हरेऽवतर; विष्णो अव = विष्णोऽव (इन उदाहरणों में 'हरे' तथा 'विष्णो' सम्बोधन के एक वचन होने से पद हैं। इनके परे 'ह्रस्व अ' है इसलिए पूर्वरूप एकादेश हुवा; नियम (५) के अनुसार अय्, अव् नहीं हुवा)

७ द्विवचन के अन्त में 'ई' 'ऊ' 'ए' हों तो उनकी किसी भी स्वर के साथ सन्धि नहीं होती।[१०]

उदा०–मुनी एतौ; साधू आगतौ; बालिके इमे। (इन उदाहरणों में सन्धि नहीं हो सकती)

(ख) व्यञ्जन (हल्) सन्धि

(१) स्तु को श्चु के योग में श्चु, तथा ष्टु के योग में ष्टु हो जाता है।[११] (स् को श्चु के योग में श, तथा ष्टु के योग में ष् होता है; और इसी प्रकार तवर्ग को श्चु के योग में चवर्ग, तथा ष्टु के योग में टवर्ग होता है)

उदा०– (स् को श्)— मनस् शान्तिः = मनश्शान्तिः
रामस् चिनोति = रामश्चिनोति

(स् को ष्)—बालस् षष्ठः बालष्षष्ठः
रामस् टीकते = रामष्टीकते

(तु को चु)—तत् शान्तम् = तच् शान्तम्
शत्रून् जयति = शत्रूञ्जयति

(तु को टु)— षष् थः = षष्ठः
एतत् टीकते = एतट्टीकते
षट् नाम् = षण्णाम्

---

९ 'एङः पदान्तादति' पा०, (एङःपदान्तात् अति)

१० 'ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम्' पा० (ईत् उत् एत् द्विवचनं प्रगृह्यम्)

११. 'स्तोः श्चुना श्चुः', 'ष्टुना ष्टुः' पा; [तु = तवर्ग; चु = चवर्ग; टु = टवर्ग]

❀ अपवाद (i) श् से परे तवर्ग को चवर्ग नहीं होता;[१२] जैसे,
प्रश्नः = प्रश्नः; विश्नः = विश्नः
(ii) ष् परे हो तो, तवर्ग को टवर्ग नहीं होता;[१३] जैसे,
सरित् षष्ठी = सरित् षष्ठी, सन् षष्ठः सन्षष्ठः

(२) पदान्त में अनुनासिक-भिन्न स्पर्श को (i) † अनुनासिक परे होने पर अनुनासिक (स्ववर्ग का पाँचवा वर्ण) अथवा तृतीय वर्ण,[१४] (ii) घोष[१५] परे होने पर तृतीय वर्ण (अल्पप्राण घोष),[१६] (iii) अघोष परे होने पर प्रथम वर्ण (अल्पप्राण अघोष),[१७] तथा (iv) अवसान (वर्ण का अभाव) परे होने पर प्रथम अथवा तृतीय वर्ण हो जाता है।[१८]

उदा०—(i) दिक् नागः = दिङ्नागः, दिग्नागः, षट्मुखः = षण्मुखः, षड्मुखः,
(ii) वाक् ईशः = वागीशः; परिव्राट् याति = परिव्राड् याति;
महत् धनम् = महद् धनम्; अप् जः = अब्जः
(iii) तद् कमनीयम् = तत्कमनीयम्; एतद् फलम् = एतत्फलम्; सुहृद् सहायः = सुहृत्सहायः
(iv) वाक्, वाग्; जगत्, जगद्; रामात्, रामाद्

❀ **विशेष**—पदान्त में व्यञ्जनों की स्थिति—
(i) अन्तःस्थ वर्णों (य्, व्, र्, ल्,) में से-य्, व्, ल् प्रायः अवसान में नहीं होते। पदान्त र् को अवसान में विसर्ग हो जाता है; जैसे पुनर् = पुनः; प्रातर् = प्रातः।

---

१२ 'शात्' पा० १३ 'तोः षि' पा०
१४ † 'यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा' पा० (यर् = ह के अतिरिक्त व्यञ्जन) अननुनासिक स्पर्शों में ही प्रायः इस सूत्रका नियम लगता है।
१५. घोष = सब स्वर, तथा वर्गोंके तीसरे, चौथे, पाँचवें वर्ण।
१६. 'झलां जशोऽन्ते' पा०। १७. 'खरि च' पा०। १८. ❀ 'वाऽवसाने' पा०

(ii) अनुनासिकों में से केवल ङ्, न्, म् ये तीन ही पद के अन्त में आते हैं; जैसे प्रत्यङ्, रामान्, हरिम्। पदान्त न् को ही चवर्ग परे होने पर ञ्, तथा टवर्ग परे होने पर ण् होता है; जैसे, शत्रून् जेतुम् = शत्रूञ् जेतुम्, चक्रिन् ढौकसे = चक्रिण् ढौकसे।

(iii) स्पर्शों में से—चवर्ग को पदान्त में कवर्ग हो जाता है;[१८] जैसे,—वाच् = वाक्, ऋत्विज् = ऋत्विग्, इत्यादि

(iv) ऊष्म वर्णों में से श्, ष्, ह् को पदान्तमें प्रायः टवर्ग (ट्, ड्) होजाता है,[२०] जैसे, विश् = विट्, विड्, (किन्तु दिश् = दिक्-ग् दृश् = दृक्-ग्); षष् = षट्, षड्; विश्ववाह् = विश्ववाट् (ड्), इत्यादि। पदान्त स् को र् होकर विसर्ग हो जाता है[२०]; जैसे; पयस् = पयर् = पयः; रामस् = रामर् = रामः; इत्यादि

निष्कर्ष—पदान्त में कु, तु, पु के अल्पप्राण वर्ण (पहले, तीसरे तथा पाँचवें वर्ण, टु के पहले तथा तीसरे वर्ण, तथा विसर्ग ही रहते हैं। शेष वर्ण आदेश रूप में ही आसके हैं, जब उनसे परे अवसान न हो तो।

(३) अपदान्त में अनुनासिक भिन्न स्पर्श को (i) तीसरे चौथे वर्गीय वर्ण (अश्) परे होने पर स्ववर्ग का तीसरा (जश्); [२१] तथा (i) अघोष परे होने पर स्ववर्गका पहला वर्ण हो जाता है।

उदा०—(i) लभ् धा = लब्धा; बुध् धिः = बुद्धिः

(ii) भेद् ता = भेत्ता, योध् स्यते = योत्स्यते

❀ विशेष—अपदान्त में सभी व्यञ्जन आसकते हैं। अन्तःस्थ तथा अनुनासिक व्यञ्जन परे हों, तो अपदान्त व्यञ्जन में प्रायः कोई

---

१९. ❀ 'चोः कुः' पा०

२०. (त० टि० १६) पदान्त में श् को ष्, और ष् को समान स्थानीय वर्ग (टवर्ग) का तीसरा अथवा पहला वर्ण हो जाता है। पदान्त ह् को ढ् होकर ड् अथवा ट् हो जाता है। ('हो ढः' पा०)

विकार नहीं होता; जैसे साध्य, आर्द्र, विघ्न। तीसरे चौथे वर्गीय वर्ण परे हों तो अपदान्त श्, ष्, स् को भी समानस्थानीय वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है;[२१] जैसे, मस्ज्=मश्ज्=मज्ज् मज्जति—(श् को समान स्थानीय चवर्ग का तीसरा वर्ण)।

(४) (क) पदान्त म् को अनुस्वार हो जाता है, हल् परे हो तो।[२२]

उदा०-ग्रामम् याहि = ग्रामं याहि; हरिम् वन्दे = हरिं वन्दे; शिष्यम् शास्ति = शिष्यं शास्ति; साधुम् सेवस्व = साधुं सेवस्व, मधुरम् हसति = मधुरं हसति, इत्यादि। परन्तु, रामम् अभिवादय, माम् एहि, (यहां अनुस्वार नहीं होगा)

❀ (ख) अपदान्त न् तथा म् को भी अनुस्वार होता है, झल् (अन्तःस्थ तथा अनुनासिक छोड़कर अन्य व्यञ्जन) परे हो तो।[२३]

उदा०-पयान्सि = पयांसि; आक्रम् स्यते = आक्रंस्यते: (परन्तु, मन्यते, गम्यते, बालकान् पश्य)

टिप्पणी-अनुस्वार या तो न् का होता है या म् का। 'न्' को अपदान्त में ही अनुस्वार होता है, किन्तु 'म्' का अपदान्त तथा पदान्त दोनों जगह हो सकता है।

(५) † (क) अनुस्वार को, अन्तःस्थ तथा स्पर्श वर्ण परे होने पर, पर सवर्ण (अनुनासिक) होता है।[२४]

उदा०—गंगा = गङ्गा; चंचुः = चञ्चुः; पंडितः = पण्डितः; शांति = शान्ति; अंबा = अम्बा;

❀ (ख) पदान्त अनुस्वार को पर सवर्ण विकल्प से होता है।[२५]

---

२१. 'झलां जश् झशि' पा०; (जश्=तीसरा वर्गीय वर्ण; झश्=चौथा तीसरा वर्गीय वर्ण)

२२. 'मोऽनुस्वारः' पा० (हलि)

२३. ❀ 'नश्चापदान्तस्य झलि' पा० (च=और अर्थात् म्)

२४. † 'अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः' पा० (यय्=अन्तःस्थ तथा स्पर्श)। अन्तःस्थ परे होनेपर अनुस्वार को परसवर्ण बहुत ही कम होता है; प्रायः स्पर्श परे होनेपर ही होता है।

२५. 'वा पदान्तस्य' पा०

उदा०—त्वं करोषि = त्वङ् करोषि, त्वं करोषि; शत्रुं जयति = शत्रुञ्जयति, शत्रुं जयति, पुंलिङ्गम्, पुँल्लिङ्गम्

विशेष—श्, ष्, स्, ह्, परे रहने पर अनुस्वार नहीं बदलता; जैसे—संशयः, धनूंषि, संसारः, संस्कृतम्, अंहः, रंहः इत्यादि।

❀ (६) तवर्ग को ल् परे होने पर ल् हो जाता है।[२६]

उदा०—तत् लीनः = तल्लीनः; विद्वान् लिखति = विद्वाँल्लिखति[२७]।

❀ (७) 'श्' को 'छ्'—पदान्त झय् (अननुनासिक स्पर्श) से परे श हो, और उस श् से परे अम् (स्वर, अन्तःस्थ, अनुनासिक, ह) हो, तो श् को विकल्प से छ हो जाता है।[२८]

उदा०—दिक् शासनम् = दिक्छासनम्, दिक्शासनम्;
सम्राट् शास्ति = सम्राट् छास्ति, सम्राट् शास्ति;
तत् श्यामत्वम् = तच्छ्यामत्वम्, तच्श्यामत्वम्;
तत् श्लोकेन = तच्छ्लोकेन, तच्श्लोकेन।

❀ (८) पदान्त 'न्' को स्—पदान्त न् से परे मध्यवर्गत्रय के अघोष (छव्—छ, ठ, थ, च, ट, त) हों, और उनसे परे अम् (दे० पूर्व नियम) हो, तो न् को स् (नियम १ के अनुसार श् तथा ष भी) हो जाता है, तथा न् से पूर्व अनुनासिक ँ अथवा अनुस्वार ं हो जाता है।[२९] (किन्तु 'प्रशान्' शब्द के न् को स् नहीं होता)

उदा०—खादन् चलति = खादँश्चलति, खादंश्चलति;
पाशान् छिनत्ति = पाशाँश्छिनत्ति, पाशांश्छिनत्ति;
हसन् टीकते = हसँष्टीकते, हसंष्टीकते;
मुनीन् त्रायते = मुनीँस्त्रायते, मुनींस्त्रायते।

---

२६. 'तोर्लि' पा०। (तोः = तवर्गस्य; लि = लकारे परे)

२७. अनुनासिक तवर्ग 'न्' को अनुनासिक ल् (लँ) हुवा।

२८. 'शश्छोऽटि' पा०; 'छत्वममीति वाच्यम्' वा०।

२९. 'नश्छव्यप्रशान्' पा०। (नः छवि अप्रशान्)

* (९) **पदान्त न् (तथा ङ्,) को द्वित्व**—पदान्त न् (तथा ङ्) से पूर्व ह्रस्व स्वर हो, और बाद में कोई भी स्वर हो, तो न् (तथा ङ्) को द्वित्व हो जाता है।[३०]

उदा०—प्रहसन् इव = प्रहसन्निव;

प्रत्यङ् आत्मा = प्रत्यङ्ङात्मा

* (१०) **'छ्' को 'च्छ्'**—स्वर (ह्रस्व वा दीर्घ) से परे छ को च्छ हो जाता है।

उदा०—तरु छाया = तरुच्छाया; आ छादनम् = आच्छादनम्।

(ग) विसर्ग सन्धि—

[व्याकरण शास्त्र के अनुसार विसर्ग स्वतन्त्र वर्ण नहीं है। पदान्त स् को रु (र्) हो जाता है,[३१] और फिर इस रु (र्) को तथा अन्य पदान्त र् को अघोष अथवा अवसान परे होने पर विसर्ग हो जाता है ;[३२] जैसे, रामस् शेते = रामर् शेते = रामः शेते ; प्रातर् कमनीयम् = प्रातः कमनीयम ; एवं, रामस् = रामर् = रामः ; प्रातर् = प्रातः। परन्तु व्यावहारिक दृष्टि से विसर्ग को एक स्वतन्त्र वर्ण मान लिया गया है। विसर्ग से पूर्व सदा स्वर ही होता है। विसर्ग की सन्धि अपने आगे वाले स्वर अथवा व्यञ्जन से होती है।]

विसर्गसन्धि के नियम—

(१)—[विसर्ग से पूर्व 'अ', परे घोष]

(i) विसर्ग से पूर्व ह्रस्व 'अ' हो, और परे ह्रस्व 'अ' अथवा कोई भी घोष व्यञ्जन हो, तो विसर्ग का उ हो जाता है।[३३] (और

---

३०. 'ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्' पा०।

३१. 'ससजुषो रुः' पा०। (ससजुषोः = पदान्त स् तथा सजुष् के ष् का)

३२. 'खरवसानयोर्विसर्जनीयः' (पदान्तरेफस्य) पा०।

३३. 'अतो रोरप्लुतादप्लुते' पा०; 'हशि च' पा०।

फिर अ उ मिलकर ओ हो जाता है—स्वर सन्धि)

उदा०—वृक्षः अत्र = वृक्षउ अत्र = वृक्षो अत्र (= वृक्षोऽत्र);
रामः याति = रामउ याति = रामो याति;
कृष्णः हसति = कृष्णो हसति;
एवं, मेघो गर्जति, अश्वो धावति, शिष्यो नमति, इत्यादि ।

(ii) विसर्ग से पूर्व ह्रस्व 'अ' हो, और परे ह्रस्व 'अ' को छोड़कर कोई भी स्वर हो, तो **विसर्ग का लोप** हो जाता है ।

उदा०—रामः आयाति = राम आयाति,
सूर्यः उदेति = सूर्य उदेति; अश्वः एकः = अश्व एकः । (परन्तु अश्वः अत्र = अश्वोऽत्र)

विशेष—'एषः' तथा 'सः' से परे ह्रस्व 'अ' के अतिरिक्त कोई भी वर्ण (स्वर, व्यञ्जन) हो, तो **विसर्ग का लोप** हो जाता है ।[३४]

उदा०—एषः हसति = एष हसति
सः करोति = स करोति
सः तिष्ठति = स तिष्ठति
(परन्तु एषः अश्वः = एषोऽश्वः, सः अत्र = सोऽत्र)

(iii) विसर्ग से पूर्व 'आ' हो (अथवा भो, भगो अघो शब्द हों,) और परे कोई भी घोष (स्वर, व्यञ्जन) हो, तो **विसर्ग का लोप** हो जाता है ।[३५]

उदा०—जनाः अनुगच्छन्ति = जना अनुगच्छन्ति,
छात्राः एते = छात्रा एते,

---

३४. 'एततदोः सुलोपो···हलि' पा०

३५. 'भो भगोअघोअपूर्वस्ययोऽशि' पा० (भोस्, भगोस्, अघोस के स् को तथा ऐसे पदान्त स् को जिसके पूर्व अ आ हो; अश् अर्थात् घोष परे होने पर य् हो जाता है, और फिर उस य् का 'लोपः शाकल्यस्य' तथा 'हलि सर्वेषाम्' इन पा० सूत्रों के अनुसार लोप हो जाता है)

अश्वाः धावन्ति = अश्वा धावन्ति
(भोः गच्छ = भो गच्छ; भगोः नमस्ते = भगो नमस्ते; अघोः याहि = अघो याहि ।)

(२)—[विसर्ग से पूर्व 'अ' भिन्न स्वर, परे घोष]
विसर्ग से पूर्व अ आ के अतिरिक्त अन्य कोई भी स्वर हो, और परे कोई भी घोष (स्वर वा व्यञ्जन) हो, तो **विसर्ग का** र् हो जाता है ।

उदा०–हरिः अर्च्यः = हरिरर्च्यः,
विष्णुः आगतः = विष्णुरागतः,
रवेः उदयः = रवेरुदयः;
तैः हसितम् = तैर्हसितम् ;
गौः दुह्यते = गौर्दुह्यते ।

† **विशेष**–इस नियम के अनुसार 'अ' भिन्न स्वर से परे विसर्ग के स्थान में होने वाले र् का तथा रकारान्त शब्दों (पुनर् , प्रातर् आदि) के र् का लोप हो जाता है, यदि र् परे हो तो; और र् के लोप होने पर पूर्व अण् (अ, इ, उ) को दीर्घ हो जाता है ।[३६] उदा०–पुनर् रमते = पुना रमते; हरिर् रम्यः = हरी रम्यः शम्भुर् राजते = शम्भू राजते; रवेः रथः = रवे रथः, भानोः रश्मिः = भानो रश्मिः । (परन्तु, मनस् रथः = मनोरथः; बालस् रोदिति = बालो रोदिति)

(३)—[विसर्ग से पूर्व कोई भी स्वर, परे अघोष]
(i) विसर्ग से परे यदि कु पु के अघोष (क, ख, प, फ) हों, तो **विसर्ग का प्रायः विसर्ग** ही रहता है ।[३७]

---

३६. रोरि'' पा०; 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः' पा० ।
३७. 'कुप्वोः ≍क ≍पौ च' पा० । [च अर्थात् विसर्ग भी । ≍क (जिह्वामूलीय) तथा ≍प (उपध्मानीय) प्रायः प्रयोग में नहीं आते]

उदा०-रामः करोति; धेनुः खादति; कपिः पलायते; वृक्षाः फलन्ति ।

(ii) विसर्ग से परे यदि मध्यवर्गत्रय के अघोष (च, छ, ट, ठ, त, थ) हों, तो विसर्ग का स् हो जाता है । (हल्सन्धि नियम १ के अनुसार स् को च् छ परे होने पर श्, तथा ट् ठ् परे होने पर ष् हो जाता है)

उदा०-रामः चलति = रामश्चलति;
वृक्षाः छादयन्ति = वृक्षाश्छादयन्ति,
धेनुः टीकते = धेनुष्टीकते;
हरिः त्रायते = हरिस्त्रायते;
गौः तरति = गौस्तरति ।

(iii) विसर्ग से परे यदि शर् (श्, ष्, स्) हो तो विसर्ग को भी क्रमशः शर् (श्, ष्, स्) विकल्प से हो जाता है ।[39] पक्ष में विसर्ग ही बना रहता है)

उदा०—हरिः शेते = हरिश्शेते, हरिः शेते;
जनः षष्ठः = जनष्षष्ठः, जनः षष्ठः;
श्वेतः सर्पः = श्वेतस्सर्पः, श्वेतः सर्पः ।

—:*:—

३. णत्व विधान

नियम—समान पद में, ऋ, र्, ष् से परे अपदान्त न् को—बीच में अट्, कु, पु, नुम् (अनुस्वार) अलग अलग अथवा मिलकर आजाने पर भी—ण् हो जाता है ।[40]

उदा०-(i) ऋ, र्, ष्, से परे न् को ण्—

---

३८. 'विसर्जनीयस्य सः' (खरि) पा० । ३९ 'वा शरि' पा० ।

४०. 'रषाभ्यां नो णः समानपदे' पा०; 'ऋवर्णाच्च' वा०; 'अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि' पा० । (अट् = स्वर, ह, य, व, र; कु = कवर्ग; पु = पवर्ग)

तिसृ नाम् = तिसृणाम् ; नृ नाम् = नृणाम् ;
चतुर् नाम् = चतुर्णाम् ; विस्तीर् न = विस्तीर्णः;
उष् न = उष्णः; कृष् न = कृष्णः;
पूष्ना = पूष्णा ;

(ii) अट्, कु, पु, नुम् बीच में आने पर न् को ण्—
कार् अन = कारणम् ; दूष् अन = दूषणम् ;
कार्या नाम् = कार्याणाम् ; अर्वन् आ = अर्वणा ;
अर्क इन = अर्केण ; मूर्खा नाम् = मूर्खाणाम् ;
अर्प् अन = अर्पणम्, गर्भ इन = गर्भेण ;
बृंह् अन = बृंहणम् ।

४. षत्वविधान

नियम—इण् (अ आ के अतिरिक्त स्वर, ह, अन्तःस्थ) तथा कवर्ग से परे आदेश तथा प्रत्यय के अपदान्त स् को—बीच में अनुस्वार, विसर्ग, शर् (श्, ष्, स्) आ जाने पर भी-ष् हो जाता है।[४१]

उदा०—(i) इण् तथा कवर्ग से परे स् को ष्—
हरि सु = हरिषु, भानु सु = भानुषु; पितृ सु = पितृषु, एवं रामेषु, गोषु, नौषु, दिक्षु (दिक् सु = दिक्षु = दिक्षु), करिष्यति इत्यादि शब्दों में प्रत्यय के स् को ष् हुवा है। सिषेव, सुष्वाप आदि शब्दों में आदेश के स् को ष् हुवा है।

(ii) अनुस्वार विसर्ग, शर् बीच में आ जाने पर स् को ष—
हवींषि, धनूंषि, सर्पिःषु यजुःषु, सर्पिष्षु, यजुष्षु आदि।
(परन्तु राजसु रमासु—अ आ के बाद में स् को ष् नहीं होता; योत्स्यते में त् का व्यवधान होने से स् को ष् नहीं हुवा।)

---

४१. 'इण् कोः' 'आदेशप्रत्यययोः', 'नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि' पा०।

परिशिष्ट

संक्षिप्त सन्धि-तालिका

(क) स्वर-सन्धि	(ख) व्यञ्जन-सन्धि	(ग) विसर्ग-सन्धि
(१) 'दीर्घ' एकादेश-	(१) 'स्तु' का 'श्चु' 'ष्टु'	(१)-[अ + विसर्ग + घोष]
(मूलस्वर + समान-	(श्चु, 'ष्टु' के योग में)	(i) विसर्ग का उ, (अ + उ = ओ)
स्वर)	(२) पदान्त वर्गीय—	(ह्रस्व अ + विसर्ग + ह्रस्व अ
	(i) पंचम तृतीय, वर्ण-	अथवा घोष हल्)
(२) 'गुण' एकादेश-	(अनुनासिक परे हो तो)	(ii) विसर्ग का लोप—
	(ii) तृतीय वर्ण—	(क)-(ह्रस्व अ + विसर्ग +
(अ + असमान मूलस्वर)	(घोष परे हो तो)	अन्य स्वर)
(३) 'वृद्धि' एकादेश-	(iii) तृतीय, प्रथम वर्ण-	(ख)-(आ + विसर्ग + घोष)
	(अवसान परे हो तो)	(ग)-एषः, सः + ह्रस्व अ से
(अ + एच्)	(३) अपदान्त वर्गीय-	भिन्न वर्ण
अप०-पररूप एकादेश-	(i) तृतीय वर्ण-	(२) ('अ' भिन्न स्वर +
(उपसर्गका अ, आ	(किसी भी वर्ग का	विसर्ग + घोष)
	तृतीय-चतुर्थ परे हो तो)	(i) विसर्ग का र्—
+ धातुका एङ्)	(ii) प्रथम वर्ण-	('र्' से भिन्न घोष परे हो तो)
(४) यण्-	(अघोष परे हो तो)	(ii) विसर्ग (र्) का लोप,
	(४) पदान्त म् का	तथा पूर्व अण् (अ इ उ)
(इक् + अच्)	अनुस्वार—	को दीर्घ—
	(हल् परे हो तो)	(र् परे हो तो)
(५) अयादि—	(५) अनुस्वार का पर	(३)-[स्वर + विसर्ग +
(एच् + स्वर)	सवर्ण-	अघोष]
(विशे०) इस सन्धि में	(अन्तःस्थ, स्पर्श	(i) विसर्ग का विसर्ग ही रहे—
पदान्त य् व् का लोप	परे हो तो)	(क, ख, प, फ, परे हो तो)

(क) स्वर-सन्धि	(ख) व्यञ्जन-सन्धि	(ग) विसर्ग-सन्धि
(६) 'पूर्वरूप' एकादेश (पदान्त ए ओ + ह्रस्व अ) (७) प्रकृतिभाव (सन्धि का न होना)- द्विवचनान्त ई, ऊ, ए,	(६) तवर्ग का —ल् (ल् परे हो तो) (७) श् का विकल्पसे छ्- (व० प्रथमवर्ण से परे,) (८) पदान्त न् का स् , पूर्व स्वर पर अनुस्वार- (च, छ, ट, ठ, त, थ परे हों तो) (९) पदान्त न् का द्वित्व- ह्रस्व स्वर + प० न् + स्वर (१०) छ् का च्छ (स्वर से परे)	(ii) विसर्ग का श् , ष्, स्— (च छ, ट ठ, त थ, परे हो तो) (iii) विसर्ग का विसर्ग अथवा श्, ष् , स्— (श् , ष् , स् परे हो तो)

अध्याय ३

सुबन्त प्रकरण

१. **सुबन्त पद**—संस्कृत में कारक-विभक्तियों को प्रकट करने के लिए २१ प्रत्यय हैं, जिन्हें **सुप्** कहते हैं। ये सुप् प्रत्यय जिन शब्दों में जुड़ते हैं उन्हें **प्रातिपदिक** कहते हैं। प्रातिपदिक शब्द—संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, तथा अव्यय भेद से—चार प्रकार के हैं। प्रातिपदिक शब्दों में सुप् प्रत्यय जुड़ने पर जो शब्द बनते हैं उन्हें **सुबन्त-पद** कहते हैं। पदका अर्थ है वाक्यों में प्रयोग करने योग्य शब्द। सुप् प्रत्यय जुड़ने पर ही प्रातिपदिक शब्दों का वाक्य में प्रयोग हो सकता है।

२. **लिङ्ग**[1]—संस्कृत में प्रातिपदिक शब्दों के—पुंलिङ्ग[2], स्त्रीलिङ्ग तथा नपुंसक (क्लीब) लिङ्ग—ये तीन लिङ्ग होते हैं। प्रातिपदिकों से बने हुए सुबन्त पदों के भी प्रातिपदिकों के समान ही लिङ्ग होते हैं। संस्कृत में पदार्थों के स्वाभाविक लिङ्ग के अनुसार ही उनके वाचक शब्दों का लिङ्ग होना आवश्यक नहीं है। स्त्री के लिए 'स्त्री', 'दाराः', 'कलत्रं' इन तीनों शब्दों का प्रयोग होता है, जो क्रमशः स्त्रीलिङ्ग, पुंलिङ्ग तथा नपुंसक लिङ्ग हैं। शरीर के लिए 'शरीरं', 'देहः', 'तनुः' इन भिन्न-भिन्न लिङ्ग वाले शब्दों का प्रयोग होता है, जो क्रमशः नपुंसक लिङ्ग, पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग हैं। इसी प्रकार प्रणामः (पुं), प्रणतिः (स्त्री०), प्रणमनं (नपुं०) इन तीनों शब्दों से भी एक ही व्यापार का बोध होता है। वस्तुतः, संस्कृत में किसी शब्द के लिङ्ग का आधार प्रायः उस शब्द की व्युत्पत्ति होती है, पदार्थ की स्वाभाविक स्थिति नहीं। विशेषण शब्द का लिङ्ग विशेष्य के अनुसार ही होता है; जैसे, श्वेतः अश्वः, श्वेता गौः, श्वेतं कमलं, महान् पुरुषः, महती क्रान्तिः, महद् आन्दोलनम्, इत्यादि।

३. **वचन**—हिन्दी तथा अंग्रेजी में केवल दो ही वचन होते हैं—एकवचन (Singular), और बहुवचन, (Plural); किन्तु संस्कृत में तीन वचन होते हैं—**एकवचन**, **द्विवचन**, और **बहुवचन**। एकवचन से **एक** का, द्विवचन से **दो** का और बहुवचन से **दो से अधिक** का बोध होता है; जैसे, एकवचन—अश्वः (एक घोड़ा), द्विवचन—अश्वौ (दो घोड़े), बहुवचन—अश्वाः (दो से अधिक, बहुत, घोड़े) परन्तु इसके निम्नलिखित कुछ अपवाद भी हैं:—

---

१. लिङ्गज्ञान विषयक नियम अलग लिङ्गप्रकरण में दिये हैं।
२. 'पुंलिङ्ग' (पुम् लिङ्ग) शब्द 'पुँल्लिङ्ग' भी लिखा जा सकता है। देखो हल् सन्धि ५ (ख)।

एकवचन से अनेक का बोध—'सिंहः स्वपिति' इस वाक्य में 'सिंहः' शब्द एकवचन है तथा एक ही सिंह का बोधक है; परन्तु 'सिंहः श्वापदेषु बलिष्ठः' इस वाक्य में 'सिंहः' शब्द एकवचन होने पर भी सम्पूर्ण सिंह-जाति (अर्थात् बहुसंख्यक सिंहों) के लिए प्रयुक्त हुवा है।

बहुवचन से एक का बोध—

(i) आदर प्रदर्शित करने के लिए कभी-कभी एक व्यक्ति के लिए भी बहुवचन का प्रयोग होता है; जैसे 'इति श्रीशङ्कराचार्याः।

(ii) जनपद (राष्ट्र) का नाम, यदि वहां के निवासियों के नाम पर रक्खा गया है, बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है;[3] जैसे, वङ्गाः, कलिङ्गाः, पञ्चालाः, मगधाः इत्यादि। 'वङ्गाः' शब्द बहुवचन होने पर भी एक (बङ्ग देश) के लिए प्रयुक्त हुवा है।

(iii) कुछ शब्द नित्य बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं, चाहे वे एक के ही बोधक हों; जैसे,

शब्द		बहुवचन
दार (पत्नी)	—	दाराः (पुं०)
अप् (जल)	—	आपः (स्त्री०)
वर्षा (वर्षा ऋतु)	—	वर्षाः (स्त्री०)
लाज (खील)	—	लाजाः (पुं०)
अक्षत (साबुत धान)	—	अक्षताः (पुं)
असु (प्राण)	—	असवः (पुं०)
प्राण	—	प्राणाः (पुं)

४. **कारक**—क्रिया के साथ जिसका साक्षात् सम्बन्ध हो उसे कारक कहते हैं। कारक ६ प्रकार के होते हैं:—

३. परन्तु यदि जनपद के नाम के आगे 'देश' अथवा 'विषय' शब्द जोड़ दिया जाय तो एकवचन का ही प्रयोग होगा; जैसे, वङ्गदेशः, बङ्गविषयः इत्यादि।

(i) कर्त्ता[४]—क्रिया को स्वतन्त्ररूप से करनेवाला, जैसे, रामः पठति।

(ii) कर्म[५]—क्रिया के द्वारा कर्त्ता को जो सबसे अधिक ईप्सित हो; जैसे, रामः **पुस्तकं** पठति।

(iii) करण[६]—क्रिया का प्रकृष्टतम साधन; जैसे **नेत्राभ्यां** पश्यति।

(iv) सम्प्रदान[७]—क्रिया के कर्म का जिसके साथ सम्बन्ध कर्त्ता को इष्ट हो; जैसे, **विप्राय गां** ददाति; **नृपाय** वार्त्तां कथयति।

(v) अपादान[८]—पृथक् होने में जो पृथक् होने की क्रिया का कर्त्ता न हो; जैसे, **ग्रामाद्** आयाति, धावतोऽश्वात् पतति।

(vi) अधिकरण[९]—क्रिया का आधार; जैसे, **ग्रामे** वसति।

(विशेष—'इदं रामस्य पुस्तकम्' इस वाक्य में राम का सम्बन्ध क्रिया के साथ नहीं है, किन्तु संज्ञा (पुस्तक) के साथ है, अतः 'रामस्य' सम्बन्ध कारक नहीं है। ऐसे सम्बन्ध को केवल 'सम्बन्ध' अथवा 'सम्बन्धमात्र' कहते हैं।)

५. **विभक्ति**—इन सातों प्रकार के सम्बन्धों (६ कारक, तथा १ सम्बन्धमात्र) को प्रकट करनेके लिए संस्कृत में सात विभक्तियां—**प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी**—हैं। प्रत्येक विभक्ति में एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन—ये तीनों वचन होते हैं। इस प्रकार सातों विभक्तियों में एक शब्द के २१ रूप हो जाते हैं।

---

४. 'स्वतन्त्रः कर्त्ता' पा०। ५. 'कर्त्तुरीप्सिततमं कर्म' पा०। ६. 'साधकतमं करणम्' पा०। ७. 'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' पा०। ८. 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' पा०। ९. 'आधारोऽधिकरणम्' पा०।

विभक्ति-प्रयोग—सातों प्रकार के सम्बन्धों (६ कारक तथा १ सम्बन्धमात्र) को प्रकट करने के लिए सातों विभक्तियों का प्रयोग संक्षेप से इस प्रकार है:—

७ सम्बन्ध	सम्बन्ध सूचक चिह्न (हिन्दी)	उदाहरण (हिन्दी)	७ विभक्ति	उदाहरण (संस्कृत)
१. कर्त्ता	कर्तृवाच्य-०, ने	राम पढता है।	१. प्रथमा	रामः पठति।
	कर्मवाच्य-से	रामसे पढ़ा जाता है।	(तृतीया)	रामेण पठ्यते।
२. कर्म	कर्तृवाच्य-को	रामको हरि देखता है।	२. द्वितीया	रामं हरिः पश्यति।
	कर्मवाच्य-०	राम हरि से देखा जाता है	(प्रथमा)	रामः हरिणा दृश्यते।
३. करण	से, के द्वारा	राम मुख से खाता है।	३. तृतीया	रामः मुखेन खादति।
४. सम्प्रदान	को, के लिए	रामको हरि धन देता है	४. चतुर्थी	रामाय हरिः धनं ददाति।
५. अपादान	से	रामसे सीता वियुक्त हुई	५. पञ्चमी	रामात् सीता वियुक्ता।
६. सम्बन्ध	का, की, के,	यह रामकी पुस्तक है।	६. षष्ठी	इदं रामस्य पुस्तकम्।
७. अधिकरण	में, पर,	राममें कुटिलता नहीं है	७. सप्तमी	रामे कुटिलता नास्ति।
		आसन पर बैठता है।		आसने उपविशति।
(सम्बोधन)[10]	हे, अरे, ओ, इत्यादि	हे राम, बचाओ मुझे	(प्रथमा)	राम, त्रायस्व माम्।

१०. सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति ही प्रयुक्त होती है। सम्बोधन में केवल एक वचन का रूप बदलता है, द्विवचन तथा बहुवचन के रूप प्रथमा के समान ही होते हैं।

६. सुप् प्रत्यय— सातों विभक्तियों के २१ रूपों को बनाने के लिए २१ सुप् प्रत्यय निम्नलिखित हैं:—

विभक्ति	सुप्		
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सु (स्)	औ	जस् (अस्)
द्वितीया	अम्	औट् (औ)	शस् (अस्)
तृतीया	टा (आ)	भ्याम्	भिस्
चतुर्थी	ङे (ए)	भ्याम्	भ्यस्
पञ्चमी	ङसि (अस्)	भ्याम्	भ्यस्
षष्ठी	ङस् (अस्)	ओस्	आम्
सप्तमी	ङि (इ)	ओस्	सुप् (सु)

प्रथमा के एकवचन सु से लेकर सप्तमी के बहुवचन सुप् के हलन्त प् तक सुप् प्रत्याहार बनता है, जिसमें सम्पूर्ण २१ विभक्ति-प्रत्यय आ जाते हैं। इसलिए इन विभक्ति प्रत्ययों को 'सुप्' भी कहते हैं। (सप्तमी का बहुवचन भी सुप् है, जो प्रत्यय है, प्रत्याहार नहीं)। इन प्रत्ययों में कुछ वर्ण इत् हैं; इत् वर्ण को निकाल कर प्रत्यय का जितना अंश प्रातिपदिक में जुड़ेगा उतना अंश उस प्रत्यय के सामने कोष्ठ में दिया है।

सुप्प्रत्यय-विषयक कुछ पारिभाषिक शब्द—

सुट्—प्रथमा के एकवचन 'सु' से लेकर द्वितीया-द्विवचन के 'औट्' के हलन्त 'ट्' तक 'सुट्' प्रत्याहार बनता है। सुट् में आरम्भ के पाँच प्रत्यय (सु, औ, जस् , अम् , औट्) आते हैं।

सर्वनामस्थान[११]—नपुंसक लिङ्ग को छोड़कर सुट् की सर्वनाम-स्थान संज्ञा है। (अर्थात् पुंलिङ्ग, स्त्री लिङ्ग में सुट् सर्वनामस्थान कहाते हैं। नपुंसक लिङ्ग के प्रथमा द्वितीया के बहुचन में जस् शब्द को जो शि (इ) आदेश होता है उसे भी सर्वनामस्थान कहते हैं।

सम्बुद्धि[१२]—सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति ही प्रयुक्त होती है। सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति के एक वचन (सु) को 'सम्बुद्धि' कहते हैं।

ङित्—चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी, के एक वचन (ङे , ङसि, ङस् , ङि) प्रत्ययों को ङित् कहते हैं, क्योंकि इनका ङ् इत् है

अजादिविभक्ति—जिन सुप् प्रत्ययों में आदि में कोई अच् है उन्हें अजादि विभक्ति कहते हैं; जैसे, औ, जस् , अम् , औट्, शस्, टा, ङे, ङसि, ङस्, आम्, ङि, ओस्।

परिशिष्ट।

प्रत्ययों के इत् वर्णों के विषय में कुछ संक्षिप्त नियम निम्न लिखित हैं

(१) प्रत्यय के अन्त में हल् की इत् संज्ञा होती है, जैसे, 'औट्' में 'ट्' की, तथा 'सुप्' (सप्तमी बहुवचन) में प् की इत् संज्ञा है।

अपवाद—किन्तु विभक्तिप्रत्ययों में अन्त में रहने वाले तवर्ग, म् और स् की इत् संज्ञा नहीं होती;[१४] जैसे, 'अम्' में 'म्' की तथा

---

११. 'शिः सर्वनामस्थानम्' पा०, 'सुड् अनपुंसकस्य' पा०। १२, 'एकवचनं सम्बुद्धिः पा०। १३ 'हल् अन्त्यम्' पा०। १४ 'न विभक्तौ तुस्माः' पा०।

'भिस्' 'भ्यस्' 'ओस्' में स् की इत् संज्ञा नहीं है, अतः ये वर्ण प्रत्ययों के साथ शब्द में जुड़ते हैं।

पुंलिङ्ग शब्दों के ह्रस्व अ, इ, उ से परे शस् के स् को न् आदेश होता है इस न् की भी इत् संज्ञा नहीं होती। (अतः रामान्, हरीन्, गुरून्, पितॄन् आदि रूप बनते हैं।)

(२) प्रत्यय के आदि में कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तथा ल, श, ष् की इत् संज्ञा होती है।[१५] ङे, ङसि, ङस्, में 'ङ' की इत् संज्ञा है, 'जस्' में ज् की इत् संज्ञा है (अतः 'अस्' रहा), 'टा' में ट् की इत् संज्ञा है (अतः 'आ' रहा), 'शस्' में 'श्' की इत् संज्ञा है (अतः अस् रहा)

अपवाद—तद्धित प्रत्यय के आदि में यदि ल्, श्, कु (कवर्ग) हो तो इनकी इत् संज्ञा नहीं होती। (तद्धित प्रत्ययों का विषय आगे आयेगा)

(३) कभी कभी प्रत्यय के किसी स्वर की भी इत् संज्ञा होती है;[१६] जैसे, 'सु' में उ की इत् संज्ञा है (अतः 'स्' रहा) तथा ङसि में इ की इत् संज्ञा है (अतः ङस् रहा; फिर इस ङस् का अस् रह गया)।

विशेष—'औट्' तथा टा प्रत्यय का ट् इत् है, अतः इन्हें टित् कहेंगे; 'शस्' का श् इत् है अतः वह शित् हुवा; ङे, ङसि इत्यादि प्रत्ययों का ङ् इत् है अतः वे ङित् हुए। इसी प्रकार जिसका क् इत् है उसे कित् कहेंगे, जिसका ण् इत् है उसे णित्, इत्यादि।)

---

१५. 'षः प्रत्ययस्य' पा०। 'चुटू' पा०। 'लशक्वतद्धिते' पा०।

१६. 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' पा०

अध्याय ४

सुबन्तरूप प्रकरण

I. अजन्त संज्ञा शब्द[1]

(१) जिन शब्दों के अन्त में कोई अच् (स्वर) होता है वे अजन्त (अच् + अन्त) कहाते हैं। जिनके अन्त में कोई हल् (व्यञ्जन) होता है वे हलन्त (हल् + अन्त) कहाते हैं। अजन्त संज्ञा शब्द लिङ्ग के विचार से तीन प्रकार के हैं:-

(i) अजन्त पुंलिङ्ग[2]-राम, हरि, सखि, पति, भूपति, सुधी, गुरु, कर्त्तृ, पितृ, गो, इत्यदि,

(ii) अजन्त स्त्रीलिङ्ग[3]-रमा, मति, नदी, स्त्री, लक्ष्मी, श्री, धेनु, वधू, मातृ, इत्यादि।

(iii) अजन्त नपुंसकलिङ्ग[4]-गृह, वारि, दधि, मधु, इत्यादि।

---

१. विशेषण शब्दों के रूप विशेष्य के अनुसार ही होते हैं अतः विशेषण शब्दों के रूप संज्ञाशब्दों के रूपों के अंतर्गत ही हैं। सर्वनाम शब्दों तथा संख्या-वाची शब्दों के रूप इसी अध्याय में अलग दिये जायँगे।

२. पुंलिङ्ग शब्द—आकारान्त (यथा विश्वपा) ईकारान्त (यथा पपी = सूर्य) ऊकारान्त [यथा वर्षाभू , मेंढक] ऐकारान्त [यथा रै = धन] ओकारान्त [यथा गो = बैल], तथा औकारान्त [यथा ग्लौ = चन्द्रमा] बहुत कम हैं, और ऋकारान्त तथा एकारान्त नहीं के बराबर हैं।

३. स्त्रीलिङ्ग शब्द—अकारान्त कभी नहीं होते, ऋकारान्त तथा एकारान्त भी नहीं होते, और ऐकारान्त (यथा रै = धन), ओकारान्त [यथा गो = गाय, द्यो = आकाश, स्वर्ग] तथा औकारान्त [यथा नौ = नाव] बहुत कम होते हैं।

४. नपुंसकलिङ्ग शब्द—दीर्घ स्वरान्त कभी नहीं होते।

२—अजन्त संज्ञा-शब्दों से परे विभक्ति प्रत्ययों में परिवर्त्तन :—

[भ्याम्, भ्यस्, ओस में परिवर्त्तन नहीं होता]

अन्त्य अच्	सुप्	सुप् का परिवर्त्तित रूप	उदाहरण
(हल्), ङी आप्	सु (स्)	लोप	(सरित्), नदी, रमा
नपुं०—इक्	,,	लोप	वारि, मधु, धातृ
नपुं०—अ	,,	अम्	फलम्, (अम् के अ का पूर्वसवर्ण)
एङ्, ह्रस्व स्वर	सम्बुद्धि (सु)	लोप	हे हरे, हे भानो, हे राम, हे नदि
नपुं०—इक्	अम्	लोप	वारि अम् = वारि; एवं, मधु; धातृ
पु०, स्त्री०—इ, ई, उ, ऊ	,,	अम्, (अ का पूर्वसवर्ण)	हरिम्, भानुम्, मतिम्, नदीम्, धेनुम्, वधूम्
पुं०, स्त्री०—इ, उ	औ, औट्	पू० स० दीर्घ	हरी, भानू; मती, धेनू
स्त्री०—आ; नपुं०—	,, ,,	शी (ई)	रमे; फले, वारिणी, मधुनी, (इ, उ, ऋ से परे न् का आगम्)
नपुं०—	जस्, शस्	शि (इ)	फलानि, वारीणि, मधूनि,
स्त्री०—आ, इक् (ह्रस्व अथवा दीर्घ)	शस् (अस्)	स्, (पूर्व स्वर को दीर्घ)	रमाः, मतीः, धेनूः, नदीः, वधूः, मातॄः
पुं०—अक् (ह्रस्व, दीर्घ)	,,	न्, (पूर्व स्वर को दीर्घ)	राम-रामान्, कवि-कवीन्, गुरु-गुरून्, पितृ-पितॄन्
पुं०, नपुं०—अ	टा (आ)	इन	राम-रामेण, फल-फलेन
पुं०, नपुं०—इ, उ, (ह्रस्व)	,,	ना	कवि-कविना, गुरु-गुरुणा, एवं वारिणा, मधुना
पुं०, नं०-अ (ह्रस्व)	भिस्	ऐस्	राम-रामैः फल-फलैः
,, ,, ,, ,,	ङे	य, (पूर्व अ का दीर्घ)	राम-रामाय, फल-फलाय

अन्त्य अच्	सुप्	सुप् का परि-वर्न्तित रूप	उदाहरण
स्त्री०-आ, ई, ऊ	ङे	ऐ	रमायै, नद्यै, वध्वै
पुं०, नपुं०—अ	ङसि (अस्)	आत्	रामात्, फलात्
पुं०स्त्री०-ह्रस्व इक्	,,	स्	कवि-कवेः, भानु-भानोः, पितृ-पितुः (इ, उ को गुण, ऋ को उ)
स्त्री०-आ, ई, ऊ	,,	आस्	नद्याः, वध्वाः,
पुं०, नपुं०-अ(ह्रस्व)	ङस् (अस्)	स्य	रामस्य, फलस्य
पुं०स्त्री०-ह्रस्व इक्	,,	स्	ङसिवत्
स्त्री०—ई, ऊ	,,	आस्	ङसिवत्
त्रि०—ह्रस्वस्वर	आम्	नाम्	रामाणाम्, फलानाम्, कवीनाम् मतीनाम्, वारीणाम्, इत्यादि ('नाम्' परे होने पर पूर्व स्वर को दीर्घ)
स्त्री०-आ, ई, ऊ	,,	,,	रमाणाम्, नदीनाम् वधूनाम्
पुं०, स्त्री०-इ, उ, (ह्रस्व)	ङि (इ)	औ	हरि-हरौ, मति-मतौ, भानु-भानौ, धेनु-धेनौ (इस औ से पूर्व इ, उ को अ)
स्त्री०-आ, ई, ऊ	,,	आम्	नद्याम्, वध्वाम्, रमायाम्
त्रि० इण्, कवर्ग	सुप् (सु)	षु[५]	कविषु, भानुषु, पितृषु, मतिषु, नदीषु, वधूषु

५ देखो अध्याय २ 'षत्व विधान।

३. प्रत्येक लिङ्ग के रूपो के लिए कुछ विशेष नियमः—

(क) अजन्त पुंलिङ्ग—

(i) ह्रस्व स्वरान्त पुंलिङ्ग शब्दों के द्वितीया बहुचन के अन्त में न्[६] होता है, तथा पूर्वस्वर को दीर्घ हो जाता है, जैसे, रामान्, कवीन्, भानून्, पितॄन्, परन्तु स्त्रीलिङ्ग में-रमाः, मतीः, धेनूः।

(ii) इकारान्त तथा उकारान्त पुंलिङ्ग शब्दों के तृतीया एकवचन में इ, उ, से परे ना होता हैं; जैसे, कविना, भानुना; परन्तु स्त्री० में 'टा' को 'ना' नहीं होता, जैसे मत्या धेन्वा।

(iii)-[सखि, पति आदि के रूपों में कुछ विशेषता है]

(ख) अजन्त स्त्रीलिङ्ग—

(i) आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों से परे ङित् [ङे, ङसि, ङस्, ङि] प्रत्ययों को याट् [या] का आगम हो जाता है,[७] अर्थात् उनसे पहले या जुड़जाता हैं, जैसे रमायै, रमायाः, रामायाम्

(ii) इकारान्त तथा उकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप ङित् प्रत्ययों (अर्थात् चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी के एकवचनों) में ईकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के समान विकल्प से होते हैं; जैसे मति-मत्यै, मतये; मत्याः, मतेः; मत्याम्, मतौ; धेन्वै, धेनवे; धेन्वाः, धेनोः, आदि

(iii)-[स्त्री, श्री आदि के रूपों में कुछ विशेषता है]

(ग) अजन्त नपुंसकलिङ्ग—

(i) अन्त में दीर्घस्वर कभी नहीं होता, ह्रस्व अ, इ, उ अथवा ऋ ही होता है।[८] [देखो त० टि० ४]

---

६. 'तस्माच्छसो नः पुंसि'

७. 'याडापः' पा०

८. 'ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य' वा०

(ii) प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के रूप समान होते हैं। 'औ' 'औट्' प्रत्ययों को शी [ई], तथा जस् शस् प्रत्ययों को शि [इ] हो जाता है।

(iii) प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन [शि = इ] से पहले न् जुड़ता है और न् से पूर्व स्वर को दीर्घ हो जाता है[९] यथा फलानि, वारीणि, मधूनि धातॄणि।

(iv) सम्बुद्धि में अन्त्य इक् [इ, उ, ऋ] को गुण विकल्प से होता है [ह्रस्व अथवा गुण से परे सम्बुद्धि-सु का लोप हो जाता है] यथा, हे वारे, हे वारि; हे मधो, हे मधु, हे धातः, हे धातृ

(v) इगन्त नपुंसक शब्दों से परे न् जुड़ जाता है अजादि सुप् परे होने पर;[१०] यथा, वारिणी, वारिणा, वारिणे, वारिणः, वारिणि, वारिणोः। परन्तु, वारीणाम् (पूर्व इक् को दीर्घ)

(vi) तृतीया से सप्तमी तक के अजादि सुप् परे हों तो इगन्त विशेषण शब्द नपुंसक विशेष्य के साथ आने पर विकल्प से पुंल्लिङ्ग भी हो जाते हैं,[११] यथा, शुचिनि जले, शुचौ जले, लघुनः वृत्तान्तस्य, लघोः वृत्तान्तस्य।

(vii) 'अस्थि' [हड्डी], 'दधि' [दही], 'सक्थि' [जंघा], तथा 'अक्षि' [आँख] शब्दों के रूपों में विशेषता है, इन चारों शब्दों के रूप समान होते हैं।

४. विभक्ति रूप—(अजन्त शब्द)

(क) अजन्त पुंलिङ्ग

---

९. 'नपुंसकस्य झलचः' [नुम् सर्वनामस्थाने], पा०; 'सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ' [नान्तरस्योपधाया: दीर्घ:], पा०

१०. 'इकोऽचि विभक्तौ' पा०।

११. 'तृतीयादिषु भाषितपुंस्कं पुंवद्गालवस्य' पा०।

(१) अकारान्त पुलिङ्ग शब्द—राम

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	रामः[१२]	रामौ	रामाः
सम्बोधन	हे राम	"	"
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
तृतीया	रामेण[१३]	रामाभ्याम्	रामैः
चतुर्थी	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पञ्चमी	रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
षष्ठी	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्[१३]
सप्तमी	रामे	रामयोः	रामेषु[१४]

सर्वनाम को छोड़ कर, कृष्ण, बालक, देव, नर, वृक्ष, अश्व, सूर्य, आदि सभी अकारान्त पुंलिङ्ग शब्दों के रूप 'राम' के रूपों के समान चलते हैं; तथा तादृश, त्वादृश, भवादृश, मादृश आदि शब्दों के रूप भी इसी प्रकार चलते हैं।

(२) इकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द—हरि

प्र०	हरिः	हरी	हरयः
सं०	हे हरे	"	"
द्वि०	हरिम्	हरी	हरीन्
तृ०	हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
च०	हरये	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
पं०	हरेः	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
ष०	हरेः	हर्योः	हरीणाम्
स०	हरौ	हर्योः	हरिषु

सखि, पति शब्दों को छोड़ कर, कवि, मुनि, ऋषि, विधि, गिरि अग्नि, वह्नि, रवि, अरि, आदि इकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूप भी इसीप्रकार चलते हैं।

---

१२. पदान्त स् को रु होकर विसर्ग हो जाता है (देखो विसर्ग सन्धि)
१३. देखो अध्याय २, णत्वविधान। १४. देखो अध्याय २, षत्वविधान।

(३) इकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द—सखि

प्र०	सखा	सखायौ	सखाय:
सं०	हे सखे	”	”
द्वि०	सखायम्	सखायौ	सखीन्
तृ०	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभि:
च०	सख्ये	सखिभ्याम्	सखिभ्य:
पं०	सख्यु:	सखिभ्याम्	सखिभ्य:
म० पु०-कथयस्व, कथयेथाम्, कथयध्वम्।
उ० पु०-कथयै, कथयावहै, कथयामहै।

विधिलिङ् (प०) प्र० पु०-कथयेत्, कथयेताम्, कथयेयुः।
म० पु०-कथयेः, कथयेतम्, कथयेत।
उ०-पु०-कथयेयम्, कथयेव, कथयेम।

(आ०) प्र० पु०-कथयेत, कथयेयाताम्, कथयेरन्।
म० पु०-कथयेथाः, कथयेयाथाम्, कथयेध्वम्।
उ० पु०-कथयेय, कथयेवहि, कथयेमहि।

आशीर्लिङ् (प०) प्र० पु०-कथ्यात्, कथ्यास्ताम्, कथ्यासुः।
म० पु०-कथ्याः, कथ्यास्तम्, कथ्यास्त।
उ० पु०-कथ्यासम्, कथ्यास्व, कथ्यास्म।

(आ०) प्र० पु०-कथयिषीष्ट, कथयिषीयास्ताम्, कथयिषीरन्।
म० पु०-कथयिषीष्ठाः, कथयिषीयास्थाम्, कथयिषीध्वम्।
उ० पु०-कथयिषीय, कथयिषीवहि, कथयिषीमहि।

लिट् (प०) प्र० पु०-कथयाञ्चकार, कथयाञ्चक्रतुः, कथयाञ्चक्रुः।
म० पु०-कथयाञ्चकर्थ, कथयञ्चाक्रथुः, कथयाञ्चक्र।
उ० पु०-कथयाञ्चकार, कथयाञ्चकृव, कथयाञ्चकृम।

(आ०) प्र० पु०-कथयाञ्चक्रे, कथयाञ्चक्राते, कथयाञ्चक्रिरे।
म० पु०-कथयाञ्चकृषे, कथयाञ्चक्राथे, कथयाञ्चकृढ्वे।
उ० पु०-कथयाञ्चक्रे, कथयाञ्चकृवहे, कथयाञ्चकृमहे।

लुट् (प०) प्र० पु०-कथयिता, कथयितारौ, कथयितारः।
म० पु०-कथयितासि, कथयितास्थः, कथयितास्थ।
उ० पु०-कथयितास्मि, कथयितास्वः, कथयितास्मः।

(आ०) प्र० पु०-कथयिता, कथयितारौ, कथयितारः।

म० पु०-कथयितासे, कथयितासाथे, कथयिताध्वे ।
उ० पु०-कथयिताहे, कथयितास्वहे, कथयितास्महे ।
लुङ् (प०) प्र० पु०-अचकथत्, अचकथताम्, अचकथन् ।
म० पु०-अचकथः, अचकथतम्, अचकथत ।
उ० पु० अचकथम्, अचकथाव, अचकथाम ।
(आ०) प्र० पु०-अचकथत, अचकथेताम्, अचकथन्त ।
म० पु०-अचकथथाः, अचकथेथाम्, अचकथध्वम् ।
उ० पु०-अचकथे, अचकथावहि, अचकथामहि ।
लृङ् (प०) प्र० पु०-अकथयिष्यत्, अकथयिष्यताम्, अकथयिष्यन् ।
म० पु०-अकथयिष्यः, अकथयिष्यतम्, अकथयिष्यत ।
उ० पु०-अकथयिष्यम्, अकथयिष्याव, अकथयिष्याम ।
(आ०) प्र० पु०-अकथयिष्यत, अकथयिष्येताम्, अकथयिष्यन्त ।
म० पु०-अकथयिष्यथाः, अकथयिष्येथाम्, अकथयिष्यध्वम् ।
उ० पु०-अकथयिष्ये, अकथयिष्यावहि, अकथयिष्यामहि ।

(५)* गण (उ०, सेट्)– गिनना

['गण' धातु भी अकारान्त है और इसके रूप 'कथ' के समान ही चलते हैं, इसलिए नीचे इस धातुके केवल प्र० पु० ए० व० के रूप ही दिये जाते हैं]

लट्—गणयति (प०), गणयते (आ०)। लृट्-गणयिष्यति (प०), गणयिष्यते (आ०)। लङ्-अगणयत् (प०), अगणयत (आ०)। लोट्-गणयतु (प०), गणयताम् (आ०)। वि० लिङ् गणयेत् (प०), गणयेत (आ०)। आ० लिङ्— गण्यात् (प०), गणयिषीष्ट (आ०)। लिट्—गणयाञ्चकार,—म्बभूव,—मास (प०), गणयाञ्चक्रे,—म्बभूव,—मास (आ०)। लुट्—गणयितासि (प०, म० पु०), गणयितासे (आ०, म० पु०)। लुङ्-अजीगणत् अथवा अजगणत् (प०), अजीगणत अथवा अजगणत (आ०)। लृङ्—अगणयिष्यत् (प०), अगणयिष्यत (आ०)

णिजन्त (Causal) रूप

१—धातु में णिच् प्रत्यय जोड़ने से णिजन्त (अर्थात् प्रेरणार्थक) धातु बन जाती है[1], चुरादिगण की धातुओं में भी णिच् प्रत्यय जुड़ता है; इसलिए णिजन्त धातुओं के रूप चुरादिगण की धातुओं के समान ही चलते हैं। आकारान्त धातुओं में णिच् प्रत्यय जुड़ने के पहले पुक् (प्) भी जुड़ता है; जैसे, दा–दापयति, स्था–स्थापयति। णिजन्त धातुएं प्रायः उभयपदी होती हैं; यदि क्रिया का फल कर्ता के लिए हो तो प्रेरणार्थक धातु भी चुरादिगणी धातु के समान आत्मनेपदी हो जाती है। परन्तु (i) बुध्, युध्, नश्, जन्, अधि-इङ् धातुएं, (ii) 'अद्' और 'पा' को छोड़ कर शेष निगरणार्थक ('निगलना' अर्थवाली) धातुएं, (iii) 'नृत्' को छोड़ कर शेष चलनार्थक धातुएं तथा (iv) रुच्, नृत्, वद्, वस् आदि कुछ धातुओं को छोड़कर शेष चेतन-कर्तृक अकर्मक धातुएं णिजन्त होने पर केवल परस्मैपदी होती हैं[2]।

नीचे णिजन्त 'भू' धातु के रूप दोनों पदों के दसों लकारों के प्र० पु० ए० व० में दिये जाते हैं, शेष रूप चुरादि गण की 'चुर्' धातु के समान समझने चाहिएं। (पृ० १०८ का कोष्ठक भी देखो)

'णिजन्त भू' धातु—लट्—भावयति, भावयते, । लृट्—भावयिष्यति, भावयिष्यते। लङ्—अभावयत्, अभावयत। लोट्—भावयतु, भावयताम्। विधिलिङ्—भावयेत्, भावयेत। आशीर्लिङ्—भाव्यात्, भावयिषीष्ट। लिट्—भावयामास, भावयाम्बभूव, भावयाञ्चकार, भावयाञ्चक्रे। लुट्—भावयितासि (म० पु०), भावयितासे (म० पु०)। लुङ्—अबीभवत्, अबीभवत। लृङ्—अभावयिष्यत, अभावयिष्यत।

२—इस अध्याय में दी हुई धातुओं के उसी क्रम से णिजन्त रूप लट् (प्र० पु० ए० व०) तथा लुङ् (प्र० पु० ए० व०) में आगे

१. देखो अ० ५, अनुच्छेद १८ [१] २. पा० १।३।८६–८९

दिये जाते हैं, (शेष रूप सरलता से बनाये जा सकते हैं)

धातु	णिजन्त लट्	णिजन्त लुङ्	धातु	णिजन्त लट्	णिजन्त लुङ्
१. भ्वादि			(२४) याच्	याचयति-ते	अययाचत्-त
(१) भू	भावयति-ते	अबीभवत्-त	(२५) नी	नाययति-ते	अनीनयत्-त
(२) हस्	हासयति-ते	अजीहसत्-त	(२६) हृ	हारयति-ते	अजीहरत्-त
(३) पठ्	पाठयति-ते	अपीपठत्-त	(२७) वह्	वाहयति-ते	अवीवहत्-त
(४) रक्ष्	रक्षयति-ते	अररक्षत्-त	२ अदादि		
(५) वद्	वादयति-ते	अवीवदत्-त	[१] अद्	आदयति-ते	आदिदत्-त
(६) पा	पाययति-ते	अपीप्यत्-त	[२] अस्	आसयति-ते	आसिसत्-त
(७) नम्	नमयति-ते	अनीनमत्-त	[३] रुद्	रोदयति	अरूरुदत्
(८) गम्	गमयति-ते	अजीगमत्-त	[४] स्वप्	स्वापयति	असूपुपत्
(९) दृश्	दर्शयति-ते	अदीदृशत्-त	[५] हन्	घातयति-ते	अजीघतत्-त
(१०) सद्	सादयति-ते	असीसदत्-त	[६] इ	गमयति	अजीगमत्
(११) स्था	स्थापयति-ते	अतिष्ठिपत्-त	[७] या	यापयति	अयीयपत्
(१२) स्मृ	स्मारयति-ते	असस्मरत्-त	[८] विद्	वेदयति-ते	अवीविदत्-त
(१३) घ्रा	घ्रापयति-ते	अजिघ्रपत्-त	[९] आस्	आसयति	आसिसत्
(१४) श्रु	श्रावयति-ते	अशुश्रवत्-त	[१०] शी	शाययति	अशीशयत्
(१५) जि	जाययति-ते	अजीजपत्-त	[११] अधी	अध्यापयति	अध्यापिपत्
(१६) लभ	लम्भयति-ते	अललम्भत्-त	[१२] दुह्	दोहयति-ते	अदूदुहत्-त
(१७) सेव्	सेवयति-ते	असिषेवत्-त	[१३] ब्रू	वाचयति-ते	अवीवचत्-त
(१८) मुद्	मोदयति-ते	अमूमुदत्-त	३ जुहोत्यादि		
(१९) वृत्	वर्तयति-ते	अवीवृतत्-त	[१] हु	हावयति-ते	अजूहवत्-त
(२०) वृध्	वर्धयति-ते	अवीवृधत्-त	[२] भी	भीषयते	अबीभीषत
(२१) भाष्	भाषयति-ते	अबभाषत्-त		भाययति-ते	अबीभयत्-त
(२२) सह्	साहयति-ते	असीषहत्-त	[३] हा	हापयति-ते	अजीहपत्-त
(२३) पच्	पाचयति-ते	अपीपचत्-त	[४] भृ	भारयति-ते	अबीभरत्-त

[५] दा	दापयति-ते	अदीदपत्-त	(५) प्रच्छ्	प्रच्छयति-ते	अपप्रच्छत-ते
[६] धा	धापयति-ते	अदीधपत्-त	(६) इष्	एषयति-ते	ऐषिषत्-त
४. दिवादि			(७) मृ	मारयति-ते	अमीमरत्-त
[१] दिव्	देवयति-ते	अदीदिवत्-त	७ रुधादि		
[२] भ्रम्	भ्रामयति-ते	अबीभ्रमत्-त	(१) रुध्	रोधयति-ते	अरूरुधत्-त
[३] नश	नाशयति	अनीनशत्	(२) भुज्	भोजयति-ते[3]	अबूभुजत्-त
[४] नृत्	नर्तयति-ते	अनीनृतत्-त	८ तनादि		
[५] युध	योधयति	अयूयुधत्	(१) तन्	तानयति-ते	अतीतनत्-त
[६] बुध्	बोधयति	अबूबुधत्	(२) कृ	कारयति-ते	अचीकरत्-त
[७] जन्	जनयति	अजीजनत्	९ क्र्यादि		
[८] पद्	पादयति	अपीपदत्	(१) क्री	क्रापयति-ते	अचिक्रपत्-त
५ स्वादि			(२) ग्रह्	ग्राहयति-ते	अजिग्रहत्-त
(१) सु	सावयति-ते	असूषुवत्-त	(३) ज्ञा	ज्ञापयति-ते	अजिज्ञपत्-त
(२) चि	चाययति	अचीचपत्	१० चुरादि[4]		
(३) आप्	आपयति-ते	आपिपत्-त	(१) चुर्	चोरयति-ते	अचूचुरत्-त
(४) शक्	शाकयति	अशीशकत्	(२) चिन्त्	चिन्तयति-ते	अचिचिन्तत्-त
६ तुदादि			(३) भक्ष	भक्षयति-ते	अबभक्षत्-त
(१) तुद्	तोदयति-ते	अतूतुदत्-त	(४) कथ्	कथयति-ते	अचकथत्-त
(२) मुच्	मोचयति-ते	अमूमुचत्-त	(५) गण	गणयति-ते	अजीगणत्-त
(३) कृष्	कर्षयति-ते	अचकर्षत्-त			अजगणत्-त
(४) स्पृश्	स्पर्शयति-ते	अपस्पृशत्-त			

३. रुधादिगणी 'भुज' धातुका णिजन्त रूप 'भक्षण करना' इस अर्थ में केवल परस्मैपदी (भोजयति) होता है, और पालन करने के अर्थ में उभयपदी [भोजयति-ते] होता है।

४. चुरादिगणी धातुएं णिजन्त हैं, अतः उनके णिजन्त (causal) रूप पूर्ववत् ही रहते हैं।

परिशिष्ट

पूर्वोक्त धातुओं के अतिरिक्त अधिक प्रयोग में आनेवाली कुछ और धातुएं नीचे दी जाती हैं। प्रत्येक धातु का लट् (प्र० पु० ए० व०) में रूप दिया गया है, और जहां आवश्यक समझा गया है वहां णिजन्त रूप (लट्, प्र० पु० ए० व०) भी दे दिया है। णिजन्तरूप प्रायः उभयपदी होते हैं, किन्तु जो णिजन्त रूप केवल एक पद वाले ही होते हैं, उनका केवल वही पद दिया है।

१. भ्वादिगण

अर्च् (उ०, सेट्) पूजा करना, अर्चति-ते
अर्ज् (प०, सेट्) उपार्जन करना, अर्जति
अर्ह् (प०, सेट्) योग्य होना, अर्हति
ईक्ष (आ०, सेट्) देखना, ईक्षते
ईह (आ०, सेट्) चेष्टा करना, ईहते
एध् (आ०, सेट्) बढ़ना, एधते
कांक्ष (प०, सेट्) चाहना, कांक्षति
क्लृप् (आ०, सेट्) योग्य होना, कल्पते
क्रीड् (प०, सेट्) खेलना, क्रीडति
खन् (उ०, सेट्) खोदना, खनति-ते
खाद् (प०, सेट्) खाना, खादति
खेल् (प०, सेट्) खेलना, खेलति
चर् (प०, सेट्) विचरण करना, चरति
चल् (प०, सेट्) चलना, चलति
चेष्ट् (आ०, सेट्) चेष्टा करना, चेष्टते
जीव् (प०, सेट्) जीना, जीवति
डी (आ०, सेट्) हवा में उड़ना, डयते
तॄ [प०, सेट्] तरना, तरति; तारयति-ते
त्यज् [प०, अनिट्] त्यागना, त्यजति; त्याजयति-ते
त्वर् [आ०, सेट्] जल्दी करना, त्वरते; त्वरयति-ते
दंश् [प०, अनिट्] दाँतों से काटना, डंक मारना; दशति, दंशयति-ते
दह् [प०, अनिट्] जलाना, दहति
दा (दाण्-प०, अनिट्) देना; यच्छति [संयच्छते-अशिष्ट व्यवहार करना]
द्युत् [आ०, सेट्] चमकना, द्योतते।
पत् (प०, सेट्) गिरना, उड़ना; पतति; पातयति
बाध् (आ०, सेट्) बाधा देना, बाधते
भज् (उ०, अनिट्) सेवा करना, भजति-ते; भाजयति-ते
भास् [आ०, सेट्] चमकना, भासते; भासयति-ते
यज् (उ०, अनिट्) यज्ञ करना, यजति-ते, याजयति-ते

यत् [आ०, सेट्] प्रयत्न करना, यतते
रम् [आ०, अनिट्] रमण करना, रमते, रमयति-ते
रुच् [आ०, सेट्] रुचना, रोचते,
रुह् [प०, अनिट्] उगना चढ़ना, रोहति, रोहयति-ते
वन्द् (आ०, सेट्) अभिवादन करना; वन्दते; वन्दयति-ते
वप् (उ०, अनिट्) बोना, वपति-ते
वस् (प०, अनिट्) बसना; वसति;
वे (उ०, अनिट्) बुनना; वयति-ते;
शिक्ष् (आ०, सेट्) शिक्षादेना; शिक्षते; शिक्षयति-ते
शुच् [प०, सेट्] शोक करना; शोचति
शुभ् [आ०, सेट्] शोभित होना, शोभते; शोभयति-ते
स्पर्ध् [आ०, सेट्] संघर्ष करना; स्पर्धते; स्पर्धयति-ते

२. अदादिगण

अन् [प०, सेट्] श्वास लेना जीना; अनिति; (प्र अन्—प्राणिति)
अधि-इ [प०, अनिट्] स्मरण करना; अध्येति; अधिगमयति-ते
जागृ [प०, सेट्] जागना; जागर्ति; जागरयति
द्विष् [उ०, अनिट्] द्वेष करना; द्वेष्टि, द्विष्टे; द्वेषयति-ते
पा [प०, अनिट्] रक्षा करना; पाति; पालयति-ते
लिह् [उ०, अनिट्] चाटना; लेढि, लीढे; लेहयति-ते
शास् [प०, सेट्] शासन करना उपदेश देना; शास्ति; शासयति-ते
आ-शास् [आ०, सेट्] आशा करना; आशीर्वाद देना; आशास्ते
श्वस् [प०, सेट्] श्वास लेना; श्वसिति; श्वासयति-ते
स्ना [प०, अनिट्] स्नान करना; स्नाति; स्नापयति-ते

३. जुहोत्यादिगण

ह्री [प०, अनिट्] लज्जा करना, जिह्रेति; ह्रेपयति-ते
पॄ [प०, सेट्] पालनपूरणयोः; पिपर्ति; पारयति-ते

४. दिवादिगण

अस् [प०, सेट्] फेंकना; अस्यति
कुप् [प०, सेट्] कोप करना; कुप्यति
क्रुध् [प०, अनिट्] क्रोध करना; क्रुध्यति; क्रोधयति-ते
तुष् (प०, अनिट्) संतुष्ट होना; तुष्यति; तोषयति-ते
तृप् (प०, वेट्) तृप्त होना; तृप्यति; तर्पयति-ते

तृष् (प०, सेट्) प्यासा होना; तृष्यति;
दुष् (प०, अनिट्) दूषित होना,
दुष्यति; दूषयति-ते
द्रुह् (प०, वेट्) द्रोह करना; द्रुह्यति
पुष् (प०, अनिट् ,) पुष्ट होना;
पुष्यति; पोषयति-ते
मुह् (प०, वेट्) मूर्छित होना, मूढ
होना; मुह्यति, मोहयति-ते
शम् (प०, सेट्) शान्त होना, शाम्यति
शुष् (प०, अनिट्) सूखना; शुष्यति,
शोषयति-ते
श्रम् (प०, सेट्) थकना; श्राम्यति;
श्रमयति-ते
सिव् (प०, सेट्) सीना, सीव्यति
स्निह् (प०, वेट्) स्नेह करना;
स्निह्यति; स्नेहयति-ते
हृष् (प०, सेट्) हर्षित होना; हृष्यति;
हर्षयति

५. स्वादिगण

अश् (प०, वेट्) व्याप्त होना, प्राप्त
करना; अश्नुते; आशयति
दु (प०, अनिट्) दुःखदेना, दुनोति
धु (उ०, अनिट्) काँपना, हिलाना;
धुनोति, धुनुते
वृ (उ० सेट्) छाँटना, चुनना; ढकना;
वृणोति वृणुते

साध् (प०, अनिट्) पूरा करना,
साध्नोति; साधयति-ते

६. तुदादिगण

कृत् (प०, सेट्) कतरना, छेदनकरना;
कृन्तति; कर्तयति-ते
कॄ (प०, सेट्) बखेरना; किरति
(अपस्किरते गिलति; किरोदना)
गृ (प०, सेट्) निगलना; गिरति,
गिलति; (संगिरते-प्रतिज्ञा करना)
आ-दृ (आ० अनिट्) आदर करना;
आद्रियते
भ्रस्ज् (उ०, अनिट्) भूनना, भृज्जति-ते
मस्ज् (प०, अनिट्) डूबना, गोता
लगाना; मज्जति
लस्ज् (आ० सेट्) लज्जित होना
लज्जते; लज्जयति-ते
लिख् (प०, सेट्) लिखना, किरोदना,
लिखति, लेखयति
सिच् (उ०, अनिट्) सींचना,
सिञ्चति-ते; सेचयति-ते
सृज् (प०, अनिट्) उत्पन्न करना,
त्यागना; सृजति; सर्जयति-ते

७. रुधादिगण

छिद् (उ०, अनिट्) काटना; छेदन
करना; छिनत्ति, छिन्ते; छेदयति-ते
पिष् (प०, अनिट्) पीसना; पिनष्टि
भञ्ज् (प०, अनिट्) तोड़ना; भनक्ति

युज् (उ०, अनिट्) संयुक्त होना;
युनक्ति युङ्क्ते [अनुयुङ्क्ते-पूछना]
हिंस् (प०, सेट्) हिंसायां; हिनस्ति

८. तनादिगण

मन् (आ०, सेट्) जानना, मनुते
वन् (आ०, सेट्) मांगना; वनुते

९. क्रयादिगण

अश् (प०, सेट्) खाना; अश्नाति;
क्लिश् (प०, अनिट्) क्लेश देना;
क्लिश्नाति; क्लेशयति-ते
पुष् (प०, सेट्) पोषण करना;
पुष्णाति; पोषयति-ते
पू (उ०, सेट्) पवित्र करना;
पुनाति पुनीते; पावयति-ते
बन्ध् (प०, अनिट्) बाँधना; बध्नाति
मन्थ् (प०, सेट्) मथना; मथ्नाति
मुष् (प०, सेट्) चुराना; मुष्णाति
लू (उ०, सेट्) काटना; लुनाति
लुनीते; लावयति-ते

१०. चुरादिगण

अर्थ (आ०, सेट्) याचना करना;
अर्थयते (अभ्यर्थयते-प्रार्थना करना)
कर्ण (उ०, सेट्)बींधना; कर्णयति-ते
[आकर्णयति-ते, सुनना]

क्षल् (उ०, सेट्) धोना; क्षालयति-ते
आ-ज्ञा (उ०,सेट्) आज्ञा देना, प्रेरणा
करना; आज्ञापयति-ते

तड् (उ०, सेट्) पीटना; ताडयति-ते
तर्क् (उ०, सेट्) विचारना; तर्कयति-ते
दण्ड् (उ०, सेट्) दंड देना; दण्डयति-ते
धृ (उ०, सेट्) धारण करना; धारयति-ते
पाल् (उ०सेट्) पालन करना;पालयति-ते
पीड (उ०, सेट्) पीड़ा देना; पीडयति-ते
पूज् (उ०, सेट्) पूजा करना; पूजयति-ते
भू (उ०, सेट्) विचार करना; मिश्रण
करना; भावयति-ते

भूष् (उ०,सेट्) भूषित करना,भूषयति-ते
मन्त्र् (आ०,सेट्) मन्त्रणा करना;
मन्त्रयते

मार्ग् (उ०, सेट्) खोजना, मार्गयति-ते
मृग् (आ०, सेट्) खोजना, मृगयते
मृष् (उ०, सेट्) क्षमा करना, सहन
करना, मर्षयति-ते

रच (उ०, सेट्) रचना करना, रचयति-ते
वर्ण (उ०, सेट्) रंगना, वर्णन
करना; वर्णयति-ते

सभाज् (उ०, सेट्) सम्मान करना;
सभाजयति-ते
स्तन् (उ०, सेट्) मेघ का गर्जना,
स्तनयति-ते

अध्याय ६ क

कृदन्त-प्रकरण

१—धातुओं में जिन प्रत्ययों को जोड़कर संज्ञा, विशेषण तथा अव्यय शब्द बनाये जाते हैं उन्हें **कृत्** प्रत्यय कहते हैं, तथा उनसे बने हुये शब्दों को **कृदन्त** कहते हैं। (देखो अ० ५, अनु० १)

२—अर्थ के अनुसार कृदन्त-शब्दों के तीन विभाग किये जा सकते हैं—

(क) **क्रियासूचक-कृदन्त**, जो क्रियार्थक होते हैं, और प्रायः विशेषण अथवा क्रियाविशेषण-अव्यय (adverbs) के रूप में प्रयुक्त होते हैं, (ख) **कारकसूचक-कृदन्त**, जो कर्त्ता आदि कारक के अर्थ वाले होते हैं, और प्रायः द्रव्यवाचक संज्ञाएं (Concrete Nouns), अथवा विशेषण होते हैं, (ग) **भावसूचक-कृदन्त**, जो भाववाची संज्ञाएं (Abstract Nouns) होते हैं।

(क) क्रियासूचक-कृदन्तों के विभाग—(१) वर्तमान-कृदन्त (Present Participles), (२) भविष्य-कृदन्त (Future Participles), (३) भूत-कृदन्त (Past Participles), (४) पूर्णभूत-कृदन्त (Perfect Participles), (५) कृत्य-कृदन्त (Potential Passive Participles), (६) पूर्वकालिक-कृदन्त (Gerunds), तथा (७) तुमन्त-कृदन्त (Infinitives)।

<u>क्रियासूचक-कृदन्तों को बनाने वाले प्रत्यय—</u>

(१) वर्त्तमानकृदन्त-प्रत्यय—शतृ, शानच्

शतृ (अत्)—यह प्रत्यय परस्मैपदी धातुओं से परे केवल कर्त्तृवाच्य में ही जुड़ता है। शित होने से यह सार्वधातुक प्रत्यय है, अतः इससे पूर्व धातु में स्वगण का विकरण जुड़ता

है। (उदा०—पठत्, दीव्यत, तुदत् आदि।) शतृ प्रत्यय जोड़ने का सरलनियम—लट् प्रथम पुरुष बहु वचन के रूप में से अन्ति (अथवा अति) हटाकर अन् जोड़ देते हैं, जैसे गम् (गच्छन्ति)–गच्छत् (जाता हुआ), अस् (सन्ति)–सत्, हन् (घ्नन्ति)—घ्नत्, हु-[जुह्वति]-जुह्वत् आदि।

शतृ प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुंलिङ्ग में प्रथमा ए० व० को छोड़कर भगवत् के समान, जैसे, गच्छत्—गच्छन्, गच्छन्तौ, गच्छन्तः आदि, नपुंसक लिङ्ग में 'शी' (प्रथ० द्वितीº द्वि० व०) को छोड़कर 'जगत्' के समान, जैसे, गच्छत्, गच्छन्ती, गच्छन्ति आदि; और स्त्रीलिङ्ग में 'ई' जुड़कर नदी के समान चलते हैं; जैसे पठत्–पठन्ती, पठन्त्यौ, पठन्त्यः आदि [भ्वादि तथा दिवादि गण की धातुओं से परे शतृ प्रत्यय को त् से पूर्व स्त्री लिङ्ग में तथा शी—नपुं०-औ, औट्—में न् जुड़ता है]

शानच् (आन)—यह प्रत्यय आत्मनेपदी धातुओं से परे तीनों ही वाच्यों में जुड़ता है। कर्तृवाच्य में धातु से परे स्वगण का विकरण, और कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में यक् (य) जुड़ता है। अ से परे शानच् के 'आन' को 'मान' हो जाता है, (कर्तृवाच्य में १, ४, ६, १० गण की धातुओं से परे ही 'आन' को 'मान होता है, शेषगणों की धातुओं से परे आन ही रहता है; जैसे सेव् १—सेवमान, युध् ४—युध्यमान, मृ ६—म्रियमाण, चुर् १०—चोरयमान; किन्तु शी २—शयान, दा ३–ददान, कृ ८ – कुर्वाण आदि। किन्तु कर्म तथा भाव में धातुओं से परे यक् होता है, अतः यक् के अ से परे सर्वत्र आन को 'मान हो जायगा, जैसे सेव्यमान, क्रियमाण आदि।]

शानच् प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुंलिङ्ग में 'राम' के समान, स्त्रीलिङ्ग में 'आ' जोड़कर 'रमा' के समान, तथा नपुंसक लिङ्ग में 'फल' के समान चलते हैं।

वर्तमान कृदन्त शब्दों का प्रयोग द्वितीया आदि विभक्तियों में ही अधिक होता है, प्रथमा में कम। ये शब्द विशेषण होते हैं अतः विशेष्य के अनुसार ही रूप चलते हैं, जैसे धावन् बालकः, धावन्तं बालकं, धावतः बालकान् आदि।

(२) भविष्यकृदन्त[१]-प्रत्यय—शतृ, शानच्

धातु से परे लृट् का आर्धधातुक प्रत्यय 'स्य' जुड़ता है। इट् तथा गुण आदि यथानियम होते हैं। शेष नियम वर्त्तमान कृदन्त के समान हैं। उदा०—गम् स्य-शतृ = गमिष्यत् (गमिष्यन् ,—कुछ समय पश्चात् जाने वाला), सेव्-स्य-शानच् = सेविष्यमाण, आदि।

(३) भूतकृदन्त-प्रत्यय—क्त, क्तवतु– (निष्ठा)

ये दोनों निष्ठा प्रत्यय भूतकाल के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। इन दोनों में क् इत् है, अतः इनसे पूर्व धातु का गुण नहीं होता (जैसे भूतः, नीतवान् आदि)। सेट् धातुओं से परे इन दोनों प्रत्ययों को इट् होता है (जैसे, पठित, पठितवत्)। निष्ठाविषयक कुछ और नियम निम्नलिखित हैं-

(i) संयोगादि धातु के आ से परे तथा धातु के अन्त में स्थित ईर् से परे और 'लू' आदि धातुओं से परे निष्ठा के त को न हो जाता है; जैसे म्ला + क्त = म्लानः, शॄ-शीर् + क्त = शीर्णः, जॄ-जीर् + क्त = जीर्णः, लू + क्त = लूनः, आदि

(ii) धातु के द् से परे निष्ठा के त को न तथा पूर्व द को भी न हो जाता है; जैसे भिद् + क्त = भिन्नः, छिद् + क्त = छिन्नः।

(iii) निष्ठा से पूर्व दा३ को दत् तथा धा को हि हो जाता है; जैसे, दा + क्त, = दत्तः, धा + क्त = हितः, दा + क्तवतु = दत्तवान्।

---

१. भविष्यकृदन्त की क्रिया का वाक्य की मुख्य क्रिया की अपेक्षा बाद में आरम्भ होना सूचित होता है; जैसे, अहं गृहं गमिष्यन्तं बालकम् अपश्यम् (मैंने बालक को देखा जो बाद में घर को जाने वाला था)।

(iv) वच् , स्वप् , यज् , ग्रह् , प्रच्छ् आदि कुछ धातुओं को निष्ठा तथा क्त्वा से पूर्व सम्प्रसारण होता है, जैसे उक्तः, सुप्तः, इष्टः, गृहीतः, पृष्टः आदि ।

(v) धातु के अन्त के म् , न् का लोप हो जाता है, जैसे गम् + क्त = गतः, मन् + क्त = मतः । किन्तु शम् , दम् , क्रम् , भ्रम् आदि कुछ धातुओं के अनुनासिक का लोप नहीं होता और उपधाको दीर्घ हो जाता है, जैसे शान्तः, दान्तः, आदि । जन, खन् को जा, खा हो जाता है; जैसे, जन् + क्त = जातः खन् + क्त = खातः ।

क्त (त)—यह प्रत्यय सकर्मक धातुओं से परे कर्मवाच्यमें, तथा अकर्मक और गत्यर्थक धातुओं से परे कर्त्तृवाच्य (तथा भाववाच्य) में जुड़ता है ; जैसे ,

पठ् (सक०)—मया पुस्तकं पठितम्–मुझसे पुस्तक पढी गई (कर्म०),
गम् (गत्य०)—अहं ग्रामं गतः– मैं गाँव गया—(कर्तृ०),
सुप्(अक०)—अहं सुप्तः—मैं सोया –(कर्तृ०) ।

(क्तप्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुँलिङ्ग में राम के समान, नपुंसक लिङ्ग में फल के समान तथा स्त्री लिङ्ग में आ जोड़ कर रमा के समान चलते हैं। ये शब्द कर्त्तृवाच्य में कर्त्ता के विशेषण, कर्मवाच्य में कर्म के विशेषण, तथा भाववाच्य में नपुंसक लिङ्ग की प्रथमा के एक वचन में होते हैं ।

क्तवत् (तवत्)—यह प्रत्यय सकर्मक तथा अकर्मक दोनों प्रकार की धातुओं से परे केवल कर्तृवाच्य में ही जुड़ता है । (कर्मवाच्य भाववाच्य में क्तवत् प्रत्यय कभी नहीं जुड़ता); जैसे,

पठ् + क्तवत् = पठितवत् (अहं पुस्तकं पठितवान्)
गम् + क्तवत् = गतवत् (स गतवान्)
हस + क्तवत् = हसितवत् (त्वं हसितवान्)

क्तवत्प्रत्ययान्त शब्द के रूप पुलिङ्ग में 'भगवत्' के समान (जैसे, गतवत्– गतवान् , गतवन्तौ, गतवन्तः), नपुंसक मे 'जगत्' के समान,

तथा स्त्रीलिङ्ग में 'ई' जोड़ कर नदी के समान (गतवती, गतवत्यौ, गतवत्यः, आदि) चलते हैं।

[विशेष–निष्ठाकृदन्त शब्द भूतकाल के अर्थ में प्रायः क्रिया के रूप में ही प्रयुक्त होते हैं; जैसे, अहं गत —मैं गया, ते गताः—वे गये, त्वया पुस्तकं पठितम्—मुझसे पुस्तक पढ़ी गई, यूयं वृक्षं दृष्टवन्तः आदि। क्रिया के रूप में प्रयुक्त निष्ठान्त शब्द कर्तृवाच्य में कर्त्ता के विशेषण तथा कर्म वाच्य में कर्म के विशेषण बनते हैं और केवल प्रथमा विभक्ति में ही प्रयुक्त होते हैं। किन्तु जब विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं तो किसी भी विभक्ति में प्रयुक्त हो सकते हैं; जैसे गतः काल (बीता हुआ कालः), गते काले (बीते हुए काल में), वृक्षं दृष्टवतः पुरुषस्य (वृक्ष को देखे हुए पुरुष का), उदिते रवौ आदि

(४) पूर्णभूतकृदन्त-प्रत्यय—क्वसु [वस्], कानच् (आन)।[२]

ये दोनों प्रत्यय सामान्यभूत के अर्थ में प्रयुक्त लिट् के बदले जुड़ते हैं, अतः धातुको द्वित्व होता है। परस्मैपदी धातुओं से क्वसु [वस्] तथा आत्मनेपदी धातुओं से परे कानच् जुड़ता है, जैसे गम् + वस् = जगनवस् (जगन्वान्) चला गया; कृ—आन = चक्राण, निषद्–वस् = निषेदिवस् (बैठ गया); वच्–आन = ऊचान; स्था + वस् = तस्थिवस् (तस्थिवान्) इत्यादि। इनके अतिरिक्त उपेयिवान् (उप-इ + वस्), अनाश्वान् (अन्-अश् + वस्), अनूचानः (अनुवच् + आन) शब्दों का प्रयोग भी होता है।

---

२. क्वसु तथा कानच् प्रत्ययान्त शब्दों का प्रयोग अधिकतर वेद में ही होता है। व्याकरण के नियमों के अनुसार तो लौकिक संस्कृत मे सद्, वस्, तथा श्रु धातुओं में ही क्वसु, कानच् प्रत्यय जुड़ सक्ते हैं, तथा उपेयिवान् आदि शब्दों का प्रयोग भी विहित है। किन्तु संस्कृत साहित्य में इस मर्यादा की उपेक्षा की गई है।

क्वसु प्रत्ययान्त शब्दके रूप पुंलिङ्ग में विद्वस् के समान चलते हैं असर्वनामस्थान विभक्तियों में इट् का अभाव तथा वस् के व को सम्प्रसारण [उ] हो जाता है; जैसे, निषेदुषः, उपेयुषः आदि। स्त्रीलिङ्ग में 'ई' जोड़कर 'विदुषी' के समान रूप चलते हैं; जैसे, निषेदुषी आदि।

(५) कृत्य प्रत्यय[3]—तव्य, अनीय, यत् (य), ण्यत् (य), क्यप् (य) ये पाँचों प्रत्यय निम्नलिखित अर्थों[4] में कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में ही जुड़ते हैं कर्तृवाच्य में नहीं—(i) अर्ह (योग्य), जैसे, तेन पठितव्यम् [उसे पढना चाहिये], (ii) आवश्यक, जैसे, मया तत्र अवश्यं गन्तव्यम् (मुझे वहां अवश्य जाना है); (iii) शक्य, जैसे, त्वया भारो वोढव्यः (तू बोझ ढो सकता है)।

कृत्य कृदन्त के रूप कर्मवाच्य में विशेष्य के अनुसार तथा भाववाच्य में केवल नपुसक लिङ्ग के एक वचन में ही होते हैं; जैसे, मया वेदाः पठितव्याः, त्वया शास्त्राणि पठितव्यानि, गुरूणामग्रे न हसितव्यम्।

तव्य—यह प्रत्यय उपर्युक्त अर्थों में सभी धातुओं से परे जोड़ा जा सक्ता है यथानियम गुणः तथा इट् होते हैं। उदा०—नी + तव्य = नेतव्य; एवं, भवितव्य, गन्तव्य आदि।

अनीय—तव्य के बदले यह प्रत्यय भी सभी धातुओं में जोड़ा जा सकता है; यथानियम धातु को गुण होता है। उदाहरण—प्रविश् + अनीय = प्रवेशनीयः, एवं बोधनीयः, गमनीयः आदि

यत् (य)—तव्य के अर्थ में निम्नलिखित धातुओं से परे 'यत्' प्रत्यय भी जुड़ता है (धातु को गुण हो जाता है)—

---

३. इन प्रत्ययों का प्रयोग लोट् तथा विधिलिङ् के अर्थ में होता है।

४. 'अर्हे कृत्यतृचश्च', 'आवश्यकाधमर्ण्ययोर्णिनिः', 'कृत्याश्च', 'शकि लिङ् च' (पा० ३।३।१६९—१७२)।

(i) अजन्त धातुओं से परे[५]; जैसे, चि + यत् = चेय, भू + यत् = भव्य, श्रु + यत् = श्रव्य, दा + यत् = देय[६], पा + यत् = पेय[६]।

(ii) अकार उपधा वाली पवर्गान्त धातुओं से परे[७], जैसे, शप् + यत् = शप्य, लभ् + यत् = लभ्य, गम्+यत = गम्य।

(iii) शक, सह तथा उपसर्गरहित गद्, मद्, चर, यम् धातुओं से परे[८]; जैसे, शक्य, सह्य, गद्य, मद्य, चर्य, यम्य।

ण्यत् (य)—ऋकारान्त तथा हलन्त धातुओं से परे 'ण्यत्' जुड़ता है[९]।

णित् होने से धातु की उपधा के अत् को तथा अन्त्य इक् को वृद्धि होती है। उदा०—कृ+ण्यत=कार्य, धृ+ण्यत् = धार्य, पठ्+ण्यत् = पाठ्य, खद् + ण्यत् = खाद्य, बुध् + ण्यत् = बोध्य।

क्यप् (य)—इ२प० (जाना), स्तु२उ० (स्तुति करना), शास्२प० (अनुशासन करना), वृ५उ० (वरण करना), दृ६आ० (आदर करना), जुष्६आ (प्रीति करना) धातुओं से परे तथा ऋकार उपधा वाली धातुओं से परे[१०] क्यप् होता है। 'क्यप्' के कित् होने से धातु को गुण नहीं होता और पित् होने से ह्रस्वान्त धातुओं से परे तुक् (त्) का आगम होता है[११]। उदा०— इ + क्यप् = इत्य, एवं, शिष्य, वृत्य, आदृत्य, जुष्य, तथा कृप-कृप्य, स्पृश्-स्पृश्य आदि।

[यत्, ण्यत्, क्यप् इन तीनों ही में 'य' शेष रहता है, किन्तु 'यत्' से पूर्व धातु को गुण, तथा 'ण्यत्' से पूर्व यथानियम वृद्धि अथवा गुण होता है, और 'क्यप्' से पूर्व गुण तथा वृद्धि नहीं होते, और ह्रस्व

---

५. 'अचो यत्, (पा० ३।१।९७)। ६. यत् प्रत्यय परे हो तो धातु के अन्त में 'आ' को 'ई' हो जाता है। और फिर 'ई' को गुण हो कर 'ए' हो जाता है। ७. 'पोरदुपधात् (प० ।३।१।९८) ८. 'शकि सहोश्च', 'गदमदचरयमश्चानुपसर्गात् (पा० । ३।१।९९,१००) ९. 'ऋहलोर्ण्यत् । पा०, । १०. 'एतिस्तुशासवृदृजुषः क्यप्' पा०, 'ऋदुपधाच्च' (प०।३।१।१०९)। ११. 'ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्' पा०।

से परे तुक् का आगम होने से 'क्यप्' के 'य' को 'त्य' हो जाता है। जहां जहां यत्, ण्यत्, क्यप् होते हैं वहां पक्ष में तव्य तथा अनीय भी हो सक्ते हैं]

*विशेष—'खल्' प्रत्यय भी कृत्य प्रत्ययों के समान ही भाव तथा कर्म में ही जुड़ता है, यदि कृच्छ्र (दुःख) अर्थ वाला दुस्' अथवा अकृच्छ्र अर्थ वाले 'ईषत्' तथा 'सु' शब्द उपपद हों[12] उदा०—दुष्करः कटो भवता (आपसे चटाई बनाई जानी कठिन है), एवं ईषत्करः, सुकरः]

(६) **पूर्वकालिक कृत्-प्रत्यय**—क्त्वा, ल्यप्, णमुल्।

दो या अधिक क्रियाओं का समान कर्त्ता हो तो पूर्वकालिक क्रिया में उपर्युक्त प्रत्यय जुड़ते हैं; जैसे, स भुक्त्वा गतः, विद्यां प्राप्य विनयी भवेत् (वह खाकर गया), परन्तु यदि कर्ता भिन्न भिन्न हों तो पूर्व कालिक प्रत्यय नहीं जुड़ेंगे; जैसे, सूर्ये उदिते स प्रस्थितः (सूर्य के उदय होने पर उसने प्रस्थान किया)। ऐसे वाक्यों में पूर्व कालिक क्रियाओं में भावेसप्तमी होती है[13] दिव्-देवित्वा, वृत-वर्तित्वा। पूर्व कालिक कृदन्त अव्यय होते हैं, अतः इनके रूप नहीं चलते।

क्त्वा [त्वा]—नञ् (अ, अन्) को छोड़कर यदि और कोई शब्द धातु से पूर्व न जुड़ा हो, तो ऐसी समान कर्तावाली पूर्व-कालिक क्रिया से परे 'क्त्वा' प्रत्यय जुड़ता है[14]। क्त्वा प्रत्यय कित् है अतः इस से पूर्व धातु का गुण नहीं होता; किन्तु सेट्-धातुओं के 'क्त्वा' से पूर्व गुण होता है। शेष प्रायः सभी नियम निष्ठा के समान हैं। उदा०—नीत्वा भूत्वा, कृत्वा, बुद्ध्वा

---

१२. ईषद्दुस्सुषु कृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खल् पा०। १३. देखो विभक्ति-प्रकरण।

१४. समानकर्तृकयोः पूर्वकाले' पा०।

[विशेष—प्रतिषेधार्थक 'अलम्' तथा 'खलु' शब्दों के साथ भी 'क्त्वा' प्रत्ययान्त शब्दों का प्रयोग होता है[१५]; जैसे, अलं गत्वा खलु गत्वा (मत जाओ)]

ल्यप् (य)—नञ् (अ, अन्) के अतिरिक्त यदि और कोई शब्द समास में धातु से पूर्व जुड़ा हो तो ऐसी धातु में 'क्त्वा' के बदले 'ल्यप्' जुड़ता है।[१६] क्त्वा के स्थान में होने से ल्यप् प्रत्यय भी कित् माना जाता है और पित् होने से ह्रस्व से परे ल्यप् के 'य' को 'त्य' हो जाता है। उदा०—आनीय, सम्भूय, विजित्य, प्रहृत्य, प्रबुध्य, प्रवच्—प्रोच्य, गम्-आगत्य[१७] अथवा आगम्य, प्रहन्-प्रहत्य[१७]।

*णमुल् (अम् — आभीक्ष्ण्य (पौनःपुन्य, नैरन्तर्य) के अर्थ में क्त्वा' के स्थान में विकल्प से 'णमुल्' भी होता है। णित् होने से धातु को यथानियम वृद्धि होती है। उदाहरण— स्मृ + णमुल् = स्मारम् [स्मारं स्मारं नमति शिवम्; पक्ष में स्मृत्वा स्मृत्वा भी होगा]

(७) तुमन्त कृदन्त (Infinitives –तुमन्त कृदन्त बनाने के लिए धातु में तुमुन् (तुम्) प्रत्यय जुड़ता है। यथानियम धातु को गुण होता है तथा सेट् धातुओं से परे इट् का आगम होता है। उदा०— दा + तुम् = दातुम्; एवं, नी–नेतुम्, भू–भवितुम्, कृ–कर्तुम्, गम्–गन्तुम्, पृच्छ्–प्रष्टुम् पठ्–पठितुम् (स पठितुमिच्छति)।

[विशेष—तुमन्त शब्द के बाद में यदि 'काम' अथवा 'मनस्' शब्द जुड़े हों तो 'तुम्' के 'म्' का लोप हो जाता है; जैसे, गन्तुकामः, प्रष्टुमनाः इत्यादि]

---

१५ 'अलंखल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा' पा०। १६. 'समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्' पा०। १७ 'ल्यप्' से पूर्व अनिट् मकारान्त धातुओं के म् का विकल्प से लोप होता है, किन्तु अनिट् नकारान्त धातुओं के न् का नित्य लोप होता है (देखो पा० ६।४।३८)।

(ख) कारकसूचक-कृदन्त—कारक-कृदन्तों में कर्तृवाची कृदन्त ही प्रधान हैं। [१] 'कर्ता' (करनेवाले) के अर्थ में धातुओं में जोड़े जाने वाले कुछ प्रत्यय निम्नलिखित हैं—

ण्वुल् [अक]—यह प्रत्यय कर्ता के अर्थ में प्रायः सभी धातुओं में जोड़ा जा सकता है। णित् होने से धातु को यथानियम वृद्धि होती है। उदा०—नी + ण्वुल् = नायकः; एवं, कृ—कारकः, पठ्—पाठकः, बुध्—बोधकः इत्यादि।

तृच् [तृ]—कर्ता के अर्थ में ण्वुल् के बदले तृच् भी सभी धातुओं में जोड़ा जा सकता है। उदा०—नी + तृच् = नेतृ [नेता]; एवं कृ—कर्तृ [कर्ता]; पठ्—पठितृ [पठिता]; बुध्-बोद्धृ [बोद्धा] इत्यादि। तृच् प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुंलिङ्ग में 'कर्तृ' के समान, तथा स्त्रीलिङ्ग में 'ई' जुड़कर (जैसे नेतृ-नेत्री) 'नदी' के समान हैं।

[विशेष—'ण्वुल्' का प्रयोग 'तुमुन्' के अर्थ में, तथा 'तृच्' का प्रयोग अर्ह (चाहिए) के अर्थ में भी होता है; जैसे, ण्वुल्-गुरुं दर्शको याति; तृच्-त्वं गृहं गन्ता (त्वया गृहं गन्तव्यम्)]

क (अ)—इक् (इ, उ, ऋ) उपधावाली धातुओं से परे, तथा ज्ञा, प्री, कृ और उपसर्गपूर्वक आकारान्त धातुओं से परे[१८] कर्ता के अर्थ में 'क' प्रत्यय जुड़ता है। 'क' प्रत्यय कित् है अतः धातुको गुण नहीं होता और आकारान्त धातु के 'आ' का लोप हो जाता है। उदा०—क्षिप् + क = क्षिपः [फेंकने-वाला], बुध् + क = बुधः (जानने वाला); कृश् + क = कृशः; ज्ञा + क = ज्ञः; प्री + क = प्रियः; कॄ + क = किरः (बखेरने-वाला); सु-स्था + क = सुस्थः।

---

१८. 'इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः' 'आतश्चोपसर्गे' [पा० ३।१।१३५, १३६]

अच् (अ)—'पच्' आदि धातुओं में तथा अन्य धातुओं में भी कर्त्ता के अर्थ में यह प्रत्यय जुड़ता है[१९]। उदा०—पचतीति पचः (पच् + अच्); भवतीति भवः (भू + अच्); एवं दिव् + अच् = देवः; चुर् + अच् = चोरः; नद् + अच = नदः।

अण् (अ)—कर्म (Object) उपपद[२०] हो तो कर्ता के अर्थ में धातु में 'अण्' प्रत्यय जुड़ता है। उदा०—कुम्भं करोतीति कुम्भकारः (कुम्भं-कृ + अण्); भारं हरति भारहारः (भारं-हृ + अण्)

[अपवाद—कर्म उपपद हो तो उपसर्ग रहित आकारान्त धातु में 'क' प्रत्यय जुड़ता है, जैसे, धनं ददातीति धनदः (धनं-दा + क)]

क्विप् (०)—'कर्ता के अर्थ में यह प्रत्यय भी धातुओं में जुड़ता है। 'क्विप्' प्रत्यय के सभी वर्ण इत् हैं, इसलिए इस प्रत्यय का कोई भी वर्ण शेष नहीं रहता। यह प्रत्यय कित् है अतः धातु को गुण भी नहीं होता। 'क्विप्' के पित् होने से इससे पूर्व ह्रस्व को तुक् (त्) का आगम होता है। उदा०—पर्णात् ध्वंसते पर्णध्वत् (ध्वंस् + क्विप्), एवं, शत्रुजित् (जि + क्विप् , तुक्), भयकृत् (कृ + क्विप् , तुक्), इत्यादि।

*णिनि (इन्)—(i) जाति-भिन्न अर्थवाला सुबन्त शब्द उपपद हो तो ताच्छील्य (स्वभाव, habit) अर्थ में धातु में णिनि (इन्) जुड़ता है।[२१] उदा०—उष्णभोजी (उष्णं भुङ्क्ते तच्छीलः, उष्ण भोजन करने के स्वभाव (शील) वाला, उष्णं-भुज् + णिनि = उष्णभोजिन्)

---

१९. पा० ३।१।१३४। २०. 'उपपद' का अर्थ है समीपस्थ पद। कृदन्त का अपने उपपद के साथ समास हो जाता है।

२१. 'सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये' पा०।

(ii) ग्रह्, स्था, मन्त्र् इत्यादि कुछ धातुओं से परे केवल कर्त्ता अर्थ में भी णिनि प्रत्यय जुड़ता है, जैसे, ग्राहिन् (ग्राही—ग्रहणकरने वाला), स्थायिन् (स्थायी), मन्त्रिन् (मन्त्री), इत्यादि। णिनि प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुंलिङ्ग में 'स्वामिन्' के समान, और स्त्रीलिंग में 'ई' जोड़कर (जैसे, स्थायिनी) 'नदी' के समान चलते हैं।

[२] कर्त्ता से भिन्न कारकों के अर्थ में घञ् आदि अनेक प्रत्यय जुड़ते है; जैसे, रञ्ज् (रँगना) + घञ् = रागः [रज्यतेऽनेन, जिससे रंगा जावे, अर्थात् रँगने का द्रव्य], यहां करण कारकके अर्थ में घञ् प्रत्यय हुआ है; इसी प्रकार दन्ताः छाद्यन्ते अनेनेति दन्तच्छदः (होंठ), [छद् + घ, करण कारक के अर्थ में]; जल-धा + कि = जलधिः [जलानि धीयन्तेऽस्मिन्, समुद्र; यहां अधिकरण के अर्थ में कि (इ) प्रत्यय हुवा है।]

(ग) भाववाची कृदन्त-प्रत्यय—ये प्रत्यय तीनों लिङ्गों के लिए पृथक्-पृथक् हैं, जो नीचे दिये जाते हैं:—

[१] पुंलिङ्ग-भाववाची प्रत्यय

(i) घञ् [अ]—इस प्रत्यय में घ् और ञ् इत् हैं। घित् होने से धातु के च्, ज् को क्रमशः क्, ग् होता है;[२२] तथा ञित् होने से यथानियम वृद्धि होती है। उदा०—पच् + घञ् = पाकः, त्यज् + घञ् = त्यागः; अनु-रञ्ज् + घञ् = अनुरागः; भू + घञ् = भावः; पठ् + घञ् = पाठः; रुज् + घञ् = रोगः; क्रुध् + घञ् = क्रोधः, इत्यादि।

(ii) अच् (अ)—इकारान्त तथा ईकारान्त धातुओं से परे जुड़ता है[२३] (यथानियम धातु को गुण होता है।) उदा०—चि + अच् = चयः; जि + अच् = जयः, नी + अच् = नयः।

---

२२. 'चजोः कु घिण्ण्यतोः', पा०। २३. 'एरच्' पा०।

(iii) **अप्** (अ) – ॠ उ, ऊ अन्तवाली धातुओं से परे,[२४] तथा वृ, दृ, जप्, यम्, मद् आदि कुछ धातुओं से परे जुड़ता है; धातु को गुण होता है। उदा०—गॄ (निगलना) + अप् = गरः (निगलने का कार्य); लू + अप् = लवः (काटने का कार्य); वृ + अप् = वरः (छांटना); दृ + अप् = दरः (भय); एवं जपः, यमः, मदः आदि। [अप् प्रत्यय कर्तृभिन्न कारक के अर्थ में भी जुड़ता है; जैसे, कॄ (फेंकना) + अप् = करः (हाथ आदि)]

(iv) **कि** (इ)—उपसर्ग पूर्वक घुसंज्ञक धातुओं [दा, धा] से परे भाव अर्थ में जुड़ता है[२५]; आ का लोप होता है। जैसे, आ दा + कि = आदिः [आरम्भ]; उप-धा + कि = उपधिः [छल]; एवं विधिः, व्याधिः, आधिः, उपाधिः, समाधिः।

(v) **नङ्** (न) – यज्, याच्, यत्, प्रच्छ्, स्वप् इत्यादि कुछ धातुओं से परे जुड़ता है; जैसे यज् + न = यज्न = यज्ञः, याच् + न = याच्ना (स्त्री०); यत् + न = यत्नः; प्रच्छ + न = प्रश्नः; स्वप् + न = स्वप्नः (नन् प्रत्यय)।

(२) स्त्रीलिङ्ग भाववाची—

(i) **क्तिन्** (ति)—स्त्रीलिङ्ग भाववाची प्रत्ययों में यह सबसे मुख्य प्रत्यय है[२६]। कित् होने से धातु को गुण नहीं होता, तथा धातु के अन्त्य म्, न् का लोप हो जाता है। उदा०—ख्या—ख्यातिः, नी—नीतिः; स्तु—स्तुतिः, भू—भूतिः, गम्—गतिः, मन्—मतिः, बुध्—बुद्धिः, शुध्—शुद्धिः, उपलभ्—उपलब्धिः आदि।

(ii) **अ**—प्रत्ययान्त धातुओं से, तथा गुरु उपधावाली हलन्त धातुओं से परे 'अ' जुड़ता है[२७]; उसके पश्चात् स्त्रीलिङ्ग का टाप्

---

२४ 'ॠदोरप्' पा०। २५, 'उपसर्गे घोः किः' पा० २६. 'स्त्रियां क्तिन्' पा०। २७ 'अ प्रत्ययात्' 'गुरोश्च हलः' पा० ३।३।१०२, १०३।

(आ) जुड़ जाता है; जैसे, चिकीर्ष् (कृ+सन्)+अ+टाप=चिकीर्षा (करने की इच्छा); एवं जिगमिषा (जाने की इच्छा), आदि; तथा ईह्-ईहा; ऊह—ऊहा आदि।

(iii) युच् (अन)—णिजन्त धातुओं से परे स्त्रीलिङ्ग भाववाची शब्दों में 'युच्' जुड़ता है 'अ' नहीं। उदा०—धृ-णिच्+युच् [अन]=धारणा; एवं, भावना, पारणा आदि।

(३) नपुंसक भाववाची—

(i) ल्युट् (अन)[२८]—धातु को गुण होता है। उदा०—नी+ल्युट्=नयनं, भू-भवनं, गम्-गमनं, हस्-हसनं, बुध्—बोधनं, शुध्-शोधनं, सिञ्च्-सिञ्चनं आदि।

(ii) क्त (त)[२८]—निष्ठा क्त के समान; जैसे हस्—हसितं [हंसी], गम्—गतं [चाल], मन्—मतं, इत्यादि।

——

[सूचना—कृदन्तशब्द-तालिका पुस्तक के अन्त में दी हुई है।]

अध्याय ७

विभक्ति प्रकरण

१. कारक तथा विभक्ति का वर्णन सुबन्त प्रकरण (अध्याय ३) में किया जा चुका है। सुबन्त (नाम) शब्दों में सात विभक्तियां कारक तथा सम्बन्धमात्र को प्रकट करने के लिए जोड़ी जाती हैं। कारक को प्रकट करने के लिए तो सातों ही विभक्तियां प्रयुक्त होती हैं, किन्तु सम्बन्धमात्र की विवक्षा में केवल षष्ठी

---

२८. 'नपुंसके भावे क्तः' 'ल्युट् च' पा० ३।३।११४, ११५;

विभक्ति का ही प्रयोग होता है (जैसे, रामस्य पुस्तकम्, साधोः सङ्गतिः)। इसके अतिरिक्त उपपद के योग में भी ये विभक्तियां प्रयुक्त होती हैं (जैसे ग्रामं परितः, रामेण सह, शिवाय नमः, धनाद् ऋते)। इस प्रकार कारकविभक्ति, सम्बन्धविभक्ति तथा उपपदविभक्ति इन तीन रूपों में इन विभक्तियों का प्रयोग होता है। सुबन्त प्रकरण में (पृष्ठ २८ पर) इन विभक्तियों का कुछ संक्षिप्त प्रयोग दिखाया गया है। इस प्रकरण में विभक्ति-प्रयोग का सविस्तर वर्णन किया जायगा।

२. कारकविभक्ति के रूप में सातों विभक्तियों का प्रयोग—

(१) कर्त्ता में-(i) प्रथमा—कर्तृवाच्य में; जैसे रामः पठति, अहं गच्छामि।
(ii) तृतीया—कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में; जैसे, रामेण पुस्तकं पठ्यते, मया गम्यते।
(iii) षष्ठी[1] —भाववाचक कृदन्त के योग में; जैसे, कालिदासस्य कृतिः, व्यासस्य वचनम्, (कृत्य कृदन्त के योग में कर्ता में विकल्प से षष्ठी होती है[2], जैसे, मम कर्तव्यम् मया कर्तव्यम्)

(२) कर्म में-(i) द्वितीया—कर्तृवाच्य में; जैसे रामः ग्रन्थं पठति।
(ii) प्रथमा—कर्मवाच्य में; जैसे, रामेण ग्रन्थः पठ्यते।
(iii) षष्ठी[1]—कृदन्त के योग में; जैसे, काव्यस्य कर्ता, शास्त्राणां परिचयः, जगतः कृतिः।

(३) करण में-तृतीया; जैसे, नेत्राभ्यां पश्यामः दण्डेन ताडयति।

(४) सम्प्रदान में-चतुर्थी; जैसे, दरिद्राय धनं ददाति; मोक्षाय यतते

(५) अपादान में—पञ्चमी; जैसे, अश्वात् पतति, ग्रामाद् आयाति

(६) अधिकरण में—सप्तमी; जैसे, आसने उपविशति, ग्रामे वसति

३ प्रत्येक विभक्ति के भिन्न भिन्न प्रयोगों का परिचय नीचे दिया जाता है-

(१) प्रथमा विभक्ति [Nominative case] का प्रयोग—

---

१. 'कर्तृकर्मणोः कृति, पा०। २, 'कृत्यानां कर्तरि वा' पा०।

(i) केवल नामनिर्देश, लिङ्गनिर्देश आदि में; (ऐसे अवसरों पर प्रथमान्त शब्द किसी वाक्य में प्रयुक्त न हो कर अकेला ही प्रयुक्त होता है) जैसे, घटः. फलम् , बालकः, बालिका।

(ii) कर्तृवाच्य के कर्ता में; जैसे रामो ग्रन्थं पठति, बालका हसन्ति

(iii) कर्मवाच्य के कर्म में, जैसे ग्रन्थः पठ्यते, बालकाः ताड्यन्ते।

(iv) सम्बोधन में; जैसे, हे राम हे बालक।

(v) 'अस्' 'भू' आदि सत्तार्थक धातुओं के विधेय (Predicate) में; जैसे, सीता रामस्य प्राणा आसीत् , वेदाः प्रमाणं सन्ति। [ऐसे वाक्यों में विधेय अपने ही लिङ्ग तथा वचन में प्रयुक्त होता है, चाहे उद्देश्य का कोई भी लिङ्ग तथा वचन हो।]

पात्र, आस्पद, स्थान, पद, प्रमाण, भाजन आदि शब्द जब सत्तार्थक क्रिया के विधेय होते है तो वे सदा नपुंसकलिङ्ग के एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं; और क्रिया उद्देश्य के अनुसार ही प्रयुक्त होती है, विधेय के अनुसार नहीं। उदा०—गुणाः पूजास्थानं सन्ति ('गुणाः पूजास्थानम् अस्ति' ऐसा वाक्य अशुद्ध होगा ; एवं, सम्पदः पदम् आपदाम् , निर्धनाः कृपापात्रं सर्वस्य इत्यादि (Apte, 11)

(२) **द्वितीया विभक्ति** (Accusative Case) का प्रयोग—

(i) कर्तृवाच्य की सकर्मक क्रिया के कर्म (Object) में; जैसे, स काव्यं शृणोति, अहं सूर्यं पश्यामि।

(ii) गत्यर्थक धातुओं के कर्म में; जैसे, रामो वनं जगाम, स महीम् अटति (वह भूमिपर घूमता है) यमुनाकच्छम् अवतीर्णः स परं विषादमगच्छत्। (Apte, 30)

(iii) शी, स्था, आस् धातुओं के पूर्व 'अधि' उपसर्ग हो, अथवा 'विश्' के पूर्व 'अभि नि' उपसर्ग हों, अथवा वस् के पूर्व 'उप' 'अनु' 'अधि' 'आ' उपसर्ग हों, तो इनके आधार में द्वितीया होती है[3], जैसे, शय्यामधिशेते, आसनमधितस्थौ,

---

३. 'अधिशीङ्स्थाऽऽसां कर्म' 'अभिनिविशश्च' 'उपान्वध्याङ्वसः' (पा० १।४।४६–४८)

शिलापट्टमध्यास्ते, अभिनिविशते सन्मार्गम् ,ग्रामम् उपवसति अनुवसति अधिवसति आवसति । (Apte, 31,32)

[यदि इन धातुओं से पूर्व ये उपसर्ग न हों तो आधार में सप्तमी होगी द्वितीया नहीं, जैसे शय्यायां शेते. आसने तिष्ठति इत्यादि]

(iv) अभितः, परितः, सर्वतः, उभयतः, उपर्युपरि, अधोऽधः अध्यधि (निकट), समया (निकट), निकषा (निकट), अन्तरा (बीचमें) अन्तरेण (बिना, अथवा विषय में), प्रति, हा, तथा धिक् शब्दों के योग में द्वितीया होती है,[४] उदा०—ग्रामम् अभितः परितः सर्वतः उभयतः समया, निकषा वा वनं वर्तते; राजपथम् उभयतः आम्रवृक्षाः सन्ति, उपर्युपरि लोकं हरिः, अन्तरा त्वां मां च नदी, धर्ममन्तरेण (विना) न सुखम् ; त्वामन्तरेण (विषय में) कीदृशोऽस्य विचारः, बुभुक्षितं न प्रतिभाति किञ्चित् , गुरुं प्रति विनयी भवेत् , हा दुर्जनम् , धिक् साधुनिन्दकम् । [कभी कभी 'धिक्' शब्द प्रथमा के साथ, तथा हा शब्द सम्बोधन के साथ भी प्रयुक्त होता है, जैसे, धिगियं दरिद्रता, हा सीते !]—(Apte 33,35)

(v) काल (Time) तथा अध्वन् (Space) सूचक शब्दों के अत्यन्त संयोग (नैरन्तर्य, continuity) में द्वितीया होती है[५], जैसे, द्वादशवर्षाणि न ववर्ष (लगातार बारह वर्षों तक नहीं बरसा), स त्रीणि वर्षाणि काश्यां न्यवसत् (वह निरन्तर तीन वर्ष तक काशी में रहा), क्रोशं कुटिला नदी (एक कोस तक नदी कुटिल है । (Apte, 39)

[अपवाद–कार्य-सिद्धि (अपवर्ग) सूचित हो, तो काल तथा अध्वन् के अत्यन्त संयोग में तृतीया होती है[६]; जैसे,

---

४. 'अभितः परितः समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि' (वा०) उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु । द्वितीयाऽम्रेडितान्तेषु···'। 'अन्तराऽन्तरेण युक्ते' (पा०)

५. 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' पा०।६. 'अपवर्गे तृतीया' (पा०)

त्रिभिर्वर्षैर्व्याकरणम् अधीतम्—तीन वर्षों में व्याकरण पढ़ लिया ।]

(vi) द्विकर्मक धातुओं के प्रधान (Direct तथा गौण (Indirect) इन दोनों प्रकार के कर्मों में द्वितीया प्रयुक्त होती है; जैसे, स गां पयो दोग्धि (वह गाय का दूध दुहता है), इस वाक्य में 'दोग्धि' क्रिया के दो कर्म हैं—गाम् तथा पयः; इनमें से 'पयः' प्रधान कर्म है, तथा 'गाम्' गौण कर्म है; गौण कर्म वक्ता की इच्छा के अनुसार द्वितीया के अतिरिक्त अन्य विभक्तियों में भी रक्खा जा सकता है ।

दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मन्थ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, वह्, ये १६ धातुएं तथा इनके समानार्थक धातुएं द्विकर्मक हैं।[७] इनमें से संस्कृत-साहित्य में द्विकर्मक धातुओं के रूप में प्रायः निम्नलिखित सात धातुएं तथा इनके समानार्थक अन्य धातुए ही अधिक प्रयुक्त हुई हैं (शेष धातुओं का प्रयोग नहीं के बराबर हुवा है)—

[१] दुह् (गां पयो दोग्धि); [२] याच् (बलिं वसुधां याचते-बलि से पृथ्वी मांगता है) [३] दण्ड् [गर्गान् शतं दण्डयति;] [४] प्रच्छ् (माणवकं पन्थानं पृच्छति-बालक से मार्ग पूछता है); [५] ब्रू[८] (माणवकं धर्मं ब्रूते भाषते वक्ति इत्यादि); [६] शास् (आचार्यः शिष्यं धर्मं शास्ति उपदिशति इत्यादि); [७] नी (अजां ग्रामं नयति हरति कर्षति वहति इत्यादि) । [कोष्ठ में रक्खे हुए उदाहरणों में बारीक टाइप में छपा हुवा कर्म गौण है, और दूसरा कर्म प्रधान है]। (Apte, 39-40)

---

७. "दुह्याचपचदण्डरुधिप्रच्छिचिब्रूशासुजिमथ्मुषाम् । कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम्"

८. 'कथ्' 'ख्या', चक्ष्, शंस्, निवेदय् के गौण कर्म में चतुर्थी प्रयुक्त होती है, द्वितीया नहीं; जैसे, तस्मै वार्ताम् अकथयत् । (Apte,68)

[विशेष—द्विकर्मक धातुओं के कर्मवाच्य में 'दुह्' आदि १२ धातुओं का गौणकर्म, तथा 'नी' आदि ४ धातुओं का प्रधान कर्म प्रथमा में रक्खा जाता है[९], शेष कर्म द्वितीया में ही रहता है; जैसे गौः पयो-दुह्यते; अजा ग्रामं नीयते । [Apte,41]

(vii) प्रेरणार्थक (णिजन्त, Causal) धातुओं के प्रयोज्य[१०] में साधारणतया तृतीया विभक्ति प्रयुक्त होती है; जैसे, रामः ओदनं पचति–गोविन्दो रामेण ओदनं पाचयति; परन्तु गत्यर्थक (जैसे गम् , इ, या) बुद्ध्यर्थक (जैसे, बुध् , विद् , ज्ञा), भक्षणार्थक (जैसे अश् , भुज्), शब्दकर्मक अर्थात जिनका कर्म कोई शास्त्र या ग्रन्थ हो (जैसे अधीङ् , पठ्), तथा अकर्मक धातुओं से बनी हुई प्रेरणार्थक धातुओं के प्रयोज्य में द्वितीया विभक्ति आती है ।[११]
(Apte, 52—56) । उदा०—

अणिजन्त	णिजन्त [Causal]
गत्यर्थक—शत्रवः स्वर्गमगच्छन्	हरिः शत्रून् स्वर्गमगमयन्
बुद्ध्यर्थक-शिष्याः वेदार्थम् अविदुः	गुरुः शिष्यान् वेदार्थम् अवेदयन्
भक्षार्थक – देवा अमृतम् आश्नन्	स देवान् अमृतम् आशयत्
शब्दकर्मक—शिष्यो वेदम् अध्यैत	गुरुः शिष्यम् वेदम् अध्यापयन्
अकर्मक—गुरुः आसने आस्ते	शिष्यो गुरुम् आसने आसयति

[विशेष— [१] यदि णिजन्त धातुओं के प्रयोजक कर्ता को भी अन्य कोई प्रयोजक प्रेरित करे तो पूर्व प्रयोजक तृतीया में रक्खा जायगा और दूसरा प्रयोजक प्रथमा में; जैसे, रामो गोविन्दं गमयति—गोपालो रामेण गोविन्दं गमयति । [प्रेर-

---

९. 'गौणे कर्मणि दुह्यादेः प्रधाने नीहृकृष्वहाम् ।...लादयोमताः' (सि० कौ०)
१०. अणिजन्त धातु का कर्त्ता उससे बनी हुई णिजन्त धातु का प्रयोज्य कर्म कहाता है, तथा णिजन्त धातु का कर्ता प्रयोजक या हेतु कहाता है
११. 'गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्मकाणामणि कर्ता स णौ' (पा०)

णार्थक धातु का रूप उत्तरोत्तर प्रेरणाओं में भी पूर्ववत् ही बना रहेगा। (Apte, 44)]

❀ [२] [णिजन्त धातुओं के कर्मवाच्य में प्रयोज्य कर्म प्रथमा में, तथा अन्य कर्म द्वितीया में ही रहेगा और प्रयोजक तृतीया में रक्खा जायेगा, जैसे स रामं ग्रामं गमयति—तेन रामो ग्रामं गम्यते [Apte,41]

(३) तृतीया विभक्ति (Instrumental Case) का प्रयोग—

(i) कर्मवाच्य तथा भाववाच्य के कर्ता में; जैसे, तेन पुस्तकं पठितम्, मया रात्रौ न सुप्तम्।

(ii) करण में; जैसे, पद्भ्यां गच्छामः, लेखिन्या लिखामः, ।

(iii) किसी की विशेषता सूचित करने वाले प्रकृति, नाम, गोत्र आदि शब्दों में; जैसे, प्रकृत्या विनयान्वितः, नाम्ना देवदत्तः, गोत्रेण माठरः, जात्या ब्राह्मणः, विधिनोपयेमे; सुखेन वसति। [Apte,51 (A)]

(iv) जिस मूल्य में कोई वस्तु मोल ली जाय उसमें; जैसे, कियता मूल्येन क्रीतं पुस्तकम्, रूप्यकत्रयेण क्रीतमिदम्। (Apte,51 b)

(v) गत्यर्थ धातुओं के साथ वाहन, दिशा तथा मार्ग में; जैसे, विमानेन नभो विगाहमानः; कतमेन दिग्भागेन गतः स जाल्मः? अनेन मार्गेण न गन्तव्यम्। [Apte, 51 (c, f)]

(vi) शरीर के जिस अंग पर कोई वस्तु ले जाई जावे, अथवा रक्खी जावे उसमें; जैसे, स श्वानं स्कन्धेन उवाह (वह कुत्ते को कन्धे पर ले गया,) भर्त्तुराज्ञां शिरसा गृहीतवान् [Apte, 51 (d)]

(viii) जिसकी शपथ खाई जावे उसमें; जैसे सत्येन शपामि; जीवितेनैव शपामि ते [Apte, 51 (e)]

❀ (viii) हेतु (कारण अथवा प्रयोजन) में; जैसे भक्त्या प्रीतः (भक्ति के कारण प्रसन्न हुवा); अध्ययनेन वसति (अध्ययन

के प्रयोजन से रहता है ।) (Apte, 54)

※(ix) निषेधार्थक 'अलम् ' तथा 'कृतम्' के योग में; जैसे, अलम् अतिविस्तरेण, कृतमश्वेन (Apte, 57)

(x) साकं, सार्धं, समं, सह, किं, कार्यं, प्रयोजनं, अर्थः शब्दों के योगमें, जैसे, रामेण सह (समं, साकं, सार्धं); किं तया क्रियते धेन्वा; धनेन न प्रयोजनं इत्यादि । (Apte, 58, 59)

(xi) जिस अंग से विकृत हो, उसमें; जैसे अक्ष्णा काणः पादेन खञ्जः।

(४) **चतुर्थी विभक्ति** (Dative Case) का प्रयोग—

(i) सम्प्रदान में; जैसे, कि वस्तु भगवन् गुरुवे प्रदेयम् ?
युद्धाय संनह्यते (युद्ध के लिए तैयार होता है) । (Apte, 60)

※ (ii) रुच्यर्थक धातु के योग में जिस कोई चीज रुचिकर हो उसमें चतुर्थी होती है;[12] जैसे, मह्यं पायसं रोचते (मुझे पायस-खीर-अच्छी लगती है ।) (Apte, 61)

※ (iii) 'स्पृह्' धातु के योग में, जिस की स्पृहा की जावे उसमें चतुर्थी होती है; जैसे धनाय स्पृहयति । (Apte, 62)

(iv) क्रुध् , द्रुह् , ईर्ष्य् , असूय् तथा इन्हीं के समान अर्थ वाली धातुओं के योग में, जिसके प्रति क्रोध, द्रोह, ईर्ष्या इत्यादि हो, उसमें चतुर्थी होती है; जैसे, स रामाय क्रुध्यति द्रुह्यति ईर्ष्यति असूयति ।[13] (Apte, 63)

[**अपवाद**—उपसर्गपूर्वक क्रुध् तथा द्रुह् के साथ द्वितीया प्रयुक्त होती है; जैसे, मामभिद्रुह्यति; किं स त्वामभिक्रुध्यति ।]

(v) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं (समर्थ) के योग में चतुर्थी होती है;[15] जैसे, नमो वासुदेवाय, स्वस्ति भवद्भ्यः, अग्नये स्वाहा,

---

१२. रुच्यर्थानां प्रीयमाणः, पा०

१३. 'क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः' पा०। १४ 'क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म' पा० ।१५. 'नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधाऽलंवषट् योगाच्च' पा० ।

पितृभ्यः स्वधा, इन्द्राय वषट्, दैत्येभ्यो हरिरलम् (दैत्यों के लिए हरि समर्थ हैं); [Apte 67] अलं (समर्थ, शक्त) शब्द के समान अर्थवाले अन्य शब्दों के साथ भी चतुर्थी होती है; जैसे रामो रावणाय शक्तः समर्थः प्रभुः; विधिरपि न येभ्यः प्रभवति

विशेष (अ)—कृ धातु के साथ 'नमः' का प्रयोग हो तो द्वितीया प्रयुक्त होती है; जैसे मुनित्रयं नमस्कृत्य; कभी कभी चतुर्थी भी प्रयुक्त हो जाती है; जैसे, नमस्कुर्मो नृसिंहाय। (Apte, 67 b)

(आ) प्रणामार्थक धातुओं (प्रणिपत्, प्रणम् आदि) के साथ चतुर्थी अथवा द्वितीया प्रयुक्त होती है; जैसे, धातारं प्रणिपत्य, तस्मै प्रणिपत्य; तां प्रणनाम, त्रिलोचनाय प्रणम्य। [Apte, 67 (c)]

(vi) स्वागत करने में अथवा आशीर्वाद देने में स्वागतं, कुशलं, भद्रं, सुखं, आयुष्यं इत्यादि शब्दों के साथ प्रायः चतुर्थी प्रयुक्त होती है; जैसे स्वागतं देव्यै। आशीर्वाद में कुशलं आदि शब्दों के साथ षष्ठी भी प्रयुक्त होती हैं; जैसे, कृष्णस्य (कृष्णाय वा) सुखं कुशलं हितं भद्रं वा भूयात्। [Apte, 67 (d)]

❀ (vii) 'तुम्' प्रत्ययान्त शब्द (क्रियार्थोपपद कृदन्त) का प्रयोग न किया जावे तो उस शब्द के कर्म में चतुर्थी प्रयुक्त होती है[16]; जैसे, धनाय यतते (=धनं प्राप्तुं यतते), वनाय गां मुमोच =वनं गन्तु गां मुमोच [Apte, 65 (a)]

❀ (viii) तुम् के अर्थ को प्रकट करने के लिए, उसी धातु से बने हुए भाववचन [Abstract Noun] में चतुर्थी होती है[17]; जैसे यागाय याति = यष्टुं याति। [Apte, 65 (b)]

(५) पञ्चमी विभक्ति (Ablative Case) का प्रयोग—

---

१६. 'क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः' पा० (स्थानिनः = अप्रयुक्तस्य)

१७. 'तुमर्थाच्च भाववचनात्' पा०।

(i) अपादान में; जैसे ग्रामाद् आयाति (Apte, 72)

(ii) तुलनाबोधक (तरप्प्रत्ययान्त, ईयसुनप्रत्ययान्त, ऊन, विशेष आदि) शब्दों के योग में जिससे तुलना की जावे उसमें पञ्चमी होती है; जैसे मोहादभूत कष्टतरः प्रबोधः, बलाद् बुद्धिर्गरीयसी, न रामः कृष्णाद् ऊनः। (Apte, 74)

(iii) जिससे नियमपूर्वक विद्या ग्रहण की जावे, उस वक्ता में; जैसे, उपाध्यायादधीते।[१८] (Apte, 77)

(iv) जिससे उत्पन्न हो उसमें; जैसे, सङ्गात् संजायते, कामः। (Apte, 77)

(v) भय तथा रक्षा अर्थवाली धातुओं के साथ, भय के हेतु में;[१९] जैसे, चोराद् बिभेति (यहां 'चोर' भय का हेतु है), पापात् त्रायते। (Apte, 78)

[vi] अन्य, पर, इतर, आरात् (दूर, समीप), ऋते (विना,) दिशावा-वाचक (जैसे पूर्व, उत्तर), प्राक्, प्रत्यक्, प्रभृति, इत्यादि शब्दों के साथ; जैसे कृष्णादन्यः, आराद्वनात्, ऋते ज्ञानाद्, ग्रामात्पूर्वः ग्रामात् प्राक् [पूर्व में], बाल्यात्प्रभृति इत्यादि। [Apte; 81 82]

विशेष—पृथक्, विना, नाना [विना] शब्दों के साथ पञ्चमी, तृतीया अथवा द्वितीया प्रयुक्त होती है; जैसे, रामाद् विना, रामेण विना, रामं विना इत्यादि। [Apte, 83]

(६) षष्ठी विभक्ति (Genitive Case) का प्रयोग—

(i) संज्ञा (noun) का संज्ञा (noun) के साथ जो सम्बन्ध हो उसे प्रकट करने के लिए षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त होती है; जैसे, कृष्णस्य पुस्तकम्, रामस्यौदार्यम्।

* विशेष—संज्ञा का क्रिया के साथ सम्बन्धमात्र प्रकट करना

---

१८ 'आख्यातोपयोगे' पा०। १९. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' पा०।

हो, तो वहां भी षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त होती है; जैसे, तं भरतस्य व्यसृजत् (उसे भरत के पास विदा किया; यहां, 'भरताय' के स्थान में 'भरतस्य' प्रयुक्त हुवा है), स राजा नारायणस्य अनुकरोति (नारायणमनुकरोति) इत्यादि। (Apte, 101)

❀ (ii) तृच् प्रत्ययान्त कृदन्त शब्दों के कर्म में, तथा भाववाचक कृदन्त शब्दों के कर्ता तथा कर्म दोनों में षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त होती है;[२०] जैसे, प्रजानां रक्षिता (कर्म में षष्ठी), कालिदासस्य रचना (कर्ता में षष्ठी), शास्त्राणां परिचयः [कर्म में षष्ठी]।

❀(iii) कृत्य प्रत्यान्त शब्दों के कर्ता में षष्ठी अथवा तृतीया प्रयुक्त होती है;[२१] जैसे, मम पठनीयम् अथवा मया पठनीयम्, सर्वेषां भजनीयः, अथवा सर्वैर्भजनीयः।

(iv) तस् प्रत्ययान्त (जैसे दक्षिणतः, उत्तरतः) शब्दों के योग में तथा उपरि, अधः, पुरः, अग्रे, पुरस्तात, पश्चात् आदि शब्दों के योग में षष्ठी का प्रयोग होता है; जैसे, ग्रामस्य दक्षिणतः, उत्तरतः, वृक्षस्योपरि, तरूणामधः, गुरोरग्रे। (Apte, 112)

(७) सप्तमी विभक्ति (Locative Case) का प्रयोग—

[i] आधारे सप्तमी—क्रिया के आधार में सप्तमी होती है; जैसे, स्थाल्याम् ओदनं पचति, आसने उपविशति, ग्रामे वसति। [Apte, 87]

[ii] विषये सप्तमी—जैसे मयि अकरुणो मा भूः (मेरे विषय में अकरुण मत हो), भोगेषु निःस्पृहोऽभूत् (भोगोंके प्रति इच्छारहित हो गया)। ['प्रति' 'विषय में' इत्यादि अर्थों में 'विषये सप्तमी' प्रयुक्त होती है] [Apte, 88]

इसी प्रकार स्नेह, अभिलाष, अनुराग आदि अर्थों वाले शब्दों

---

२०. कर्तृकर्मणोः कृति' पा०। २१. कृत्यानां कर्तरि वा' पा०।

के साथ जिसके प्रति स्नेह, अभिलाष, अनुराग आदि प्रकट किये जांय उसमें सप्तमी होती है; जैसे, स मयि स्निह्यति, देवे चन्द्रगुप्ते प्रजा अनुरक्ताः, न तस्यां ममाभिलाषः। (यहां भी विषये सप्तमी ही है।) कभी कभी 'अनुरञ्ज' से बने हुए कृदन्त शब्दों के साथ द्वितीया भी प्रयुक्त होती है; जैसे, अपि वृषलमनुरक्ताः प्रकृतयः, एषा भवन्तमनुरक्ता। (Apte, 94)

(iii) **निर्धारणे सप्तमी** (षष्ठी वा)—अतिशयबोधक विशेषणों[२२] (Superlatives) के साथ तथा अन्य शब्दों के साथ भी यदि किसी समुदाय में से उसके शेष व्यक्तियों की अपेक्षा एक भाग की विशिष्टता का निर्धारण करना हो, तो समुदाय में सप्तमी (अथवा षष्ठी) प्रयुक्त होती है;[२३] जैसे गोषु (गवां वा) कृष्णा बहुक्षीरा, नृषु (नृणां वा) द्विजः श्रेष्ठः (Apte, 89)

(iv) **भावे सप्तमी**—जिसकी क्रिया से किसी दूसरे की क्रिया का समय लक्षित हो, उसमें, तथा उसके विशेषण क्रियावाची कृदन्त (शतृ, शानच् , अथवा निष्ठा प्रत्यान्त शब्द) में- दोनों में—सप्तमी होती है;[२४] जैसे, सूर्ये उदिते वयं विद्यालयं गताः, कः पौरवे वसुमतीं शासति अविनयमाचरति (पौरव अर्थात् दुष्यन्त के शासन करते रहने पर कौन अविनय का आचरण कर रहा है)

---

२२. 'तमप्' तथा 'इष्ठन्' तद्धितप्रत्यायन्त शब्द अतिशयबोधक विशेषण होते हैं, जैसे बलवत्तमः अथवा बलिष्ठः (strongest)

२३. 'यतश्च निर्धारणम्' पा०। २४, 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' पा० (भाव = क्रिया)

अध्याय ८

समास-प्रकरण

१—समास का अर्थ है संक्षिप्त करना। जब दो या अधिक सुबन्त पदों की विभक्तियों को हटाकर उनका एक पद बना लेते हैं, तब उसे **समास** कहते हैं; और जब किसी समास के पदों में पहले हटाई हुई विभक्तियों को लगाकर फिर अलग अलग पद बना लेते हैं उसे **समास-विग्रह** कहते हैं।

२—प्रत्येक समास में कम से कम दो पद अवश्य होते हैं, पहला **पूर्वपद** तथा दूसरा **उत्तरपद** कहलाता है। 'नृपसेवकः' इस समास में 'नृप' पूर्वपद है, तथा सेवक 'उत्तरपद' है। क्रिया के साथ समास के जिस पद के अर्थ का अन्वय (सम्बन्ध) होता है वही पद प्रधान कहा जाता है, जैसे 'नृपसेवक आगतः' इस वाक्य में 'सेवक' का ही सम्बन्ध 'आगतः' से है, 'नृप' का नहीं [क्योंकि 'सेवक' ही आया है, 'नृप' नहीं। अतः इस, समास में उत्तरपद का अर्थ प्रधान हुवा।

३—किसी समास में पूर्वपदार्थ प्रधान होता है, किसी में उत्तरपदार्थ तथा किसी में दोनों पदों का अर्थ प्रधान होता है, और किसी समास में दोनों पदों में से किसी का भी अर्थ प्रधान नहीं होता किन्तु किसी अन्य ही पद का अर्थ प्रधान होता है। इस प्रकार पद के अर्थ की प्रधानता के विचार से समास के निम्नलिखित भेद किये गये हैं—

१—पूर्वपदार्थप्रधान—अव्ययीभाव; जैसे, यथाशक्ति, प्रतिदिनम्।

२—उत्तरपदार्थप्रधान—तत्पुरुष; जैसे, राजसेवकः, कलाकुशलः।

३—उभयपदार्थप्रधान—द्वन्द्व; जैसे, रामलक्ष्मणौ, पाणिपादम्।

४—अन्यपदार्थ प्रधान—बहुब्रीहि; जैसे दशाननः, पीताम्बरः।

['कर्मधारय' तथा 'द्विगु' इन दोनों समासों में उत्तरपद का अर्थ ही प्रधान होता है, अतः ये दोनों समास 'तत्पुरुष' के ही भेद हैं; परन्तु सुविधा के लिए इन्हें भी अलग समास मान लिया गया है]

४—नीचे प्रत्येक समास का परिचय दिया जाता है—

(१) अव्ययीभाव—इसमें पूर्वपद का अर्थ प्रधान होता है; पूर्वपद अव्यय होता है; तथा यह समास क्रियाविशेषण अव्यय [Adverb] के रूप में प्रयुक्त होता है, अतः इसके सुबन्त रूप नहीं चलते। यह समास नपंसक लिङ्ग के एक वचन में ही प्रयुक्त होता है। इस समास के अन्त में यदि 'अ' हो तो उसमें अम् (म) जुड़ता है, और यदि अन्य कोई वर्ण हो तो प्रायः कोई भी विभक्ति प्रत्यय नहीं जुड़ता; जैसे, प्रतिदिनम्, उपनगरम्, यथाशक्ति, अधिहरि, अनुविष्णु।

अव्ययीभाव समास नित्य समास माना गया है अतः उसका विग्रह करते समय उसके पूर्वपद (अव्यय) के स्थान में उसी अर्थ का द्योतक अन्य कोई शब्द प्रयुक्त होता है। उदा०—उपनगरम्—नगरस्य समीपे इति उपनगरम्, यथाशक्ति—शक्तिम् अनतिक्रम्य इति यथाशक्ति, अनुविष्णु—विष्णोः पश्चाद् इति अनुविष्णु।

(२) तत्पुरुष—इस समास में उत्तर पद का अर्थ प्रधान होता है, तथा पूर्वपद प्रथमा के अतिरिक्त अन्य विभक्ति वाला होता है; अर्थात् तत्पुरुष समास के दोनों पदों के बीच में द्वितीया आदि, विभक्ति छिपी रहती है। पूर्वपद की विभक्ति के विचार से तत्पुरुष समास के ६ भेद किये जा सकते हैं—

(i) द्वितीया-तत्पुरुष—जब द्वितीयान्त पद का श्रित, अतीत, पतित, गत, प्राप्त, आपन्न आदि शब्दों के साथ समास हो; जैसे, कृष्णं श्रितः=कृष्णश्रितः, ग्रामं गतः = ग्रामगतः, इत्यादि।

(ii) तृतीया-तत्पुरुष–जब तृतीयान्त पद का उसके द्वारा निष्पन्न किसी गुणवाची शब्द अथवा अर्थ शब्द के साथ समास हो, अथवा तृतीयान्त पद का किसी कृदन्त के साथ समास हो; जैसे शंकुलया खण्डः शंकुलाखण्डः, हरिणा त्रातः हरित्रातः।

(iii) चतुर्थी-तत्पुरुष–जब चतुर्थ्यन्त विकृतिवाची[1] शब्द का प्रकृतिवाचक[1] शब्द के साथ तादर्थ्य अर्थात् उसके लिए (इस) अर्थ में' समास हो, अथवा चतुर्थ्यन्त पद का बलि, हित, सुख, अर्थ आदि शब्दों के साथ समास हों; जैसे यूपाय दारु= यूपदारु; भूतेभ्यो बलिः भूतबलिः; देशाय हितम् देशहितम् इत्यादि

(iv) पञ्चमी-तत्पुरुष–जब पञ्चम्यन्त पद का 'भय' 'भीत' आदि शब्दों के साथ समास हो, अथवा अपेत, अपोढ, मुक्त, पतित आदि शब्दों के साथ समास हो; जैसे चोराद् भीतः = चोरभीतः; सुखाद अपेतः = सुखापेतः; स्वर्गात् पतितः = स्वर्गपतितः इत्यादि।

(v) षष्ठी-तत्पुरुष–जब षष्ठ्यन्त पद का किसी समर्थ (अर्थ में सम्बद्ध) पद के साथ समास हो; जैसे राज्ञः सेवकः = राजसेवकः।

(vi) सप्तमी-तत्पुरुष–जब सप्तम्यन्त पद का शौण्ड, धूर्त, प्रवीण, निपुण, कुशल, पटु इत्यादि शब्दों के साथ समास हों; जैसे शास्त्रेषु निपुणः = शास्त्रनिपुणः, वाचि पटुः = वाकपटुः।

[विशेष—तत्पुरुष समास का ही एक भेद उपपद समास भी है। जिस समास का पूर्वपद कर्म, अधिकरण आदि हो, तथा उत्तरपद 'कर्ता'

---

१. जिस कारणद्रव्य से कोई कार्यद्रव्य बनता है उस कारणद्रव्य को प्रकृति तथा कार्यद्रव्य को विकृति कहते है; जैसे, सुवर्ण से यदि कुण्डल बनें तो सुवर्ण प्रकृति और कुण्डल बिकृति है। तादर्थ्य में जब यह समास होता है, तो पूर्वपद विकृतिवाचक तथा उत्तरपद प्रकृतिवाचक होता है; जैसे, यूपदारु यूपाय दारु, (अर्थात् यज्ञस्तम्भ के लिए काष्ठ)

अर्थवाला कृदन्त हो-उसे 'उपपद' समास कहते हैं; जैसे, कुम्भं करोति कुम्भकारः, कालं जानाति कालज्ञः, कुरुषु चरति कुरुचरः।

(३) कर्मधारय—इस समास का पूर्वपद विशेषण तथा उत्तरपद विशेष्य होता है। इस समास में उत्तरपद ही प्रधान होता है, अतः कर्मधारय समास तत्पुरुष का ही एक भेद है। तत्पुरुष में दोनों पदों की विभक्तियां भिन्न भिन्न होती हैं, किन्तु कर्मधारय में दोनों पदों की (अर्थात् विशेषण, विशेष्य की) विभक्तियाँ समान होती हैं अतः कर्मधारय समानाधिकरण (समान विभक्तियों वाला) तत्पुरुष है।[२] उदा०—नीलोत्पलम् [नीलम् उत्पलम्] वीरपुरुषः [वीरः पुरुषः, अथवा वीरश्चासौ पुरुषः]

कर्मधारय समास के भेद—

(i) उपमान समास—इस समास में पूर्वपद उपमान, तथा उत्तरपद सामान्यधर्म वाचक होता है;[३] बीच में 'इव' शब्द छिपा रहता है। उदा०—घनश्यामः (घन इव श्यामः)

(ii) उपमित समास—इसमें पूर्वपद उपमित अर्थात् उपमेय, तथा उत्तरपद उपमान होता है; उपमान के बाद में 'इव' छिपा रहता है। इस समास में सामान्यधर्मवाचक नहीं होता। जैसे, राजर्षिः (राजा ऋषिः इव) मुखकमलम्[३] (मुखम् कमलम् इव)

(iii) नञ् समास—इसमें पूर्वपद नञ् (न) होता है। व्यञ्जन से पूर्व नञ् को अ, तथा, स्वर से पूर्व अन् हो जाता है, जैसे, न

---

२. 'तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः' पा०।

३. 'मुखकमलम्' का विग्रह 'मुखमेव कमलम्' इस प्रकार भी हो सकता है; इस विग्रह में रूपक अलंकार है। यहां विशेषण अथवा क्रिया के अनुसार ही विग्रह होगा, जैसे 'मुखकमलं सहास्यम्', इसमें 'मुखं कमलमिव' ऐसा विग्रह करना चाहिए; परन्तु 'मुखकमलं विकसति' इसमें 'मुखमेव कमलम्' ऐसा विग्रह करना होगा।

ब्राह्मणः = अब्राह्मणः; न सुखम् = असुखम्, न अर्थः = अनर्थः।

(४) **द्विगुसमास** इस समास में पूर्वपद संख्यावाचक होता है; उत्तरपद उस संख्या का विशेष्य होता है, और उत्तरपद का अर्थ ही प्रधान होता है। द्विगु समास प्रायः समाहार (समुदाय) अर्थ में ही होता है। समाहार में नपुंसक लिङ्ग का एक वचन होता है। अकारान्त द्विगु के बाद में स्त्रीलिङ्ग का 'ई' प्रत्यय जुड़ता है, किन्तु पात्र, भुवन, युग आदि शब्दों से परे 'ई' नहीं जुड़ता।[४]
उदा०—पञ्चगवम् = पञ्चानां गवां समाहारः; पञ्चपात्रम् = पञ्चानां पात्राणां समाहारः; त्रिभुवनम् = त्रयाणां भुवनानां समाहारः; त्रिलोकी = त्रयाणां लोकानां समाहारः; एवं पञ्चवटी।

(५) द्वन्द्वसमास—'चार्थे द्वन्द्वः' 'च' (और) के अर्थ में द्वन्द्व समास होता है। इस समास के सभी पद समानविभक्ति वाले होते हैं; बीच में 'च' छिपा रहता है। थोड़े अक्षरों वाला पद इस समास में पहले रक्खा जाता हैं। यह समास दो प्रकार का होता है;—

(i) इतरेतरद्वन्द्व—जब द्वन्द्वसमास का प्रत्येक पद अपना अलग अलग अर्थ प्रकट करता हो। इस समास के पदों के वचन को मिलाकर ही पूरे समास का वचन द्विवचन अथवा बहुवचन होता है, और उत्तरपद के लिङ्ग के अनुसार ही पूरे समास का लिङ्ग होता है।[५] उदा० -रामलक्ष्मणौ = रामश्च लक्ष्मणश्च, रामलक्ष्मणशत्रुघ्नाः = रामश्च लक्ष्मणश्च शत्रुघ्नश्च।
मयूरीकुक्कुटौ = मयूरी च कुक्कुटश्च [उत्तरपद-कुक्कुट पुंलिङ्ग है, अतः पूरा समास पुंलिङ्ग होगा], कुक्कुटमयूर्यौ = कुक्कुटश्च मयूरी च [उत्तरपद-मयूरी-स्त्रीलिङ्ग है, अतः पूरा समास स्त्रीलिङ्ग में होगा]

---

४. 'अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः' वा०; 'पात्राद्यन्तस्य न' वा०।

५. 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः' पा०

(ii) समाहार द्वन्द्व—इसमें समाहार [समूह] का अर्थ इष्ट होता है; अतः इसमें नपुंसकलिङ्ग एकवचन का ही प्रयोग होता है। प्राणि के अङ्ग तथा सेना के अंग सूचक पदों का द्वन्द्वसमास समाहार के अर्थ में ही होता है।[१] उदा०—पाणिपादम् = पाणी च पादौ च तेषां समाहारः; रथिकाश्वारोहम् रथिकाश्च अश्वारोहाश्च तेषां समाहारः।

(६) बहुव्रीहि समास — अनेक पदों का अन्य पद के अर्थ में जो समास होता है, उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। बहुव्रीहिसमास के किसी पद के साथ भी वाक्य की क्रिया का अन्वय नहीं होता है, किन्तु किसी अन्य पद के साथ ही होता है। वह अन्य पद विशेष्य, तथा बहुव्रीहिसमास उस अन्य पद का विशेषण होता है। बहुव्रीहि समास के दोनों पद प्रायः समान विभक्ति वाले ही होते हैं बहुव्रीहि समास अन्यपद के अर्थ में होता है, और वह अन्यपद प्रथमा से भिन्न विभक्ति वाला होता है; उदा०—प्राप्तोदकः = प्राप्तमुदकं यं स प्राप्तोदकः; ऊढरथः ऊढो रथो येन स ऊढरथः (बैल इत्यादि); दत्तोपहारः दत्त उपहारो यस्मै स दत्तोपहारः (छात्र आदि); पतितपर्णः पतितानि पर्णानि यस्मात् स पतितपर्णः (वृक्ष आदि); पीताम्बरः = पीतानि अम्बराणि (वस्त्राणि) यस्य स पीताम्बरः (हरिः), वीरपुरुषकः = वीराः पुरुषा यस्मिन् स वीरपुरुषक (ग्राम आदि)।

विशेष—१ कभी कभी बहुव्रीहि समास के दोनों पदों में भिन्न भिन्न विभक्तियां भी होती हैं; जैसे चक्रपाणिः = चक्रं पाणौ यस्य सः। ऐसे बहुव्रीहि समास को व्यधिकरणबहुव्रीहि कहते हैं, और समान विभक्तियों वाले बहुव्रीहि को समानाधिकरण बहुव्रीहि कहते हैं।

२. कर्मधारय तथा बहुव्रीहि समास में जब दोनों पद स्त्रीलिङ्ग हों, और यदि पूर्वपद का स्त्रीलिंग पुंलिङ्ग से बना हुवा न हो तो पूर्वपद का

---

१. 'द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम्' पा०।

स्त्रीलिंग प्रत्यय हटाकर उसका पुंलिंग के समान रूप हो जाता है; जैसे, वीरा स्त्री = वीरस्त्री (कर्मधारय) चित्रा गौः यस्य स चित्रगुः (बहुव्रीहि)।

५ **समासान्त प्रत्यय**— समास के अन्त में जो प्रत्यय जुड़ते हैं उन्हें समासान्त प्रत्यय कहते हैं। कुछ समासान्त प्रत्यय नीचे दिये जाते हैं (अजादि समासान्त प्रत्ययों से पूर्व अ, इ का लोप हो जाता है).—

(१) **अच्** (अ)—अहः, सर्व, एकदेश (भाग), संख्यात, तथा पुण्य शब्दों के साथ 'रात्रि' शब्द का समास हुवा हो, तो 'अच्' जुड़ता है; जैसे अहोरात्रः, सर्वरात्रः, पूर्वरात्रः, संख्यातरात्रः, पुण्यरात्रः, द्विरात्रम्, त्रिरात्रम

(२) **टच्** [अ]—[i] 'अन्' अन्तवाले अव्ययीभाव में; जैसे, उपराजन् + टच् = उपराजम्, अध्यात्मन् + टच् = अध्यात्मम्।
(ii) 'गा' अन्त वाले तत्पुरुष समास में; जैसे पञ्चगवम् ७
(iii) तत्पुरुष समास के अन्त में राजन्, अहन् तथा सखि शब्द से परे; जैसे परमराजः; महाराजः, पुण्याहः, कृष्णसखः।

(३) कप्—(क) बहुव्रीहि समास में उरस् आदि शब्दों से परे, ईकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्री शब्दों से परे, तथा ऋ से परे नित्य कप् प्रत्यय जुड़ता है, और शेष शब्दों से परे विकल्प से कप् प्रत्यय जुड़ता है।८ उदा०—व्यूढोरस्कः [व्यूढम् उरो यस्य]; मृतपत्नीकः, सवधूकः, बहुभ्रातृकः आदि; किन्तु महायशस्कः अथवा महायशाः।

---

७. 'राजाहःसखिभ्यष्टच्' पा०।
८. 'उरः प्रभृतिभ्यः कप्' पा०; 'नद्यृतश्च' पा०'; 'शेषाद् विभाषा' पा०।

अध्याय ९

तद्धित प्रकरण

१. सुबन्त प्रकरण [अध्याय ३] में कहा गया है कि जिन शब्दों में सुप् प्रत्यय जुड़ते हैं उन्हें प्रातिपदिक कहते हैं। प्रातिपदिक शब्द दो प्रकार से बनाये जाते हैं-[i] धातुओं में कृत् प्रत्यय (Primary Suffixes) जोड़कर जो प्रातिपदिक बनते हैं उन्हें कृदन्त कहते हैं; इनका वर्णन कृदन्त प्रकरण [अध्याय ७] में किया जा चुका है; [ii] धातुओं से बने हुये इन कृदन्त प्रातिपदिकों में तथा अन्य रूढ प्रातिपादिकों में कुछ और प्रत्यय जोड़कर नये अर्थवाले प्रातिपदिक भी बनाये जाते हैं। इन प्रत्ययों को तद्धित प्रत्यय [Secondary Suffixes] कहते हैं।

२. तद्धितविषयक कुछ सामान्य नियम नीचे दिये जाते हैं—

(i) तद्धित प्रत्ययों के आदि में ल , श , तथा कवर्ग इत नहीं होते। [अन्य प्रत्ययों के आदि में ल् , श् तथा कवर्ग इत् होते हैं। (देखो अध्याय ३ का परिशिष्ट ।]

(ii) तद्धित प्रत्यय के आदि में फ, ढ, ख, छ, घ, ठ, हो, तो फ को आयन, ढ को एय, ख को ईन, छ को ईय, घ को इय, तथा ठ को इक हो जाता है।

(iii) यकारादि अथवा अजादि तद्धित प्रत्यय परे हो तो शब्द के अन्तके अ, आ, इ, ई तथा अन् का लोप हो जाता है; उ, ऊ को गुण [ओ] हो जाता है, तथा ओ को अव् हो जाता है। (अपवाद–अण् प्रत्यय परे हो तो अन्त्य अन् का लोप नहीं होता।)

३. तद्धित प्रत्यय अनेक अर्थों में प्रातिपदिकों में जुड़ते हैं। यहाँ कतिपय मुख्य मुख्य अर्थों वाले तद्धित प्रत्यय दिये जाते हैं—

(१) अपत्यार्थक—'तस्यापत्यम्' (उसकी सन्तान है) इस अर्थ में—
(i) अण् (अ)—वसुदेवस्य अपत्यम वासुदेवः (वसुदेव + अण्)
(ii) इञ् (इ)—दशरथस्य अपत्यम् दाशरथिः, दक्षस्यापत्यम् दाक्षिः
(iii) ढक् (एय)—स्त्रीप्रत्ययान्त शब्दों से परे; जैसे, कुन्त्याः अपत्यम् कौन्तेयः (कुन्ती + ढक्), एवं वैनतेयः (विनता + ढक्)।
(२) विकारार्थक – 'तस्य विकारः' (उसका बना हुवा है) इस अर्थ में–
(i) अण् – मृत्तिकायाः विकारः मार्त्तिकः (मृत्तिका + अण्);
एवं सौवर्णम् (सुवर्ण + अण्), राजतम्-(रजत + अण्)इत्यादि
(ii) मयट्—लोहमयः (लोहे का बना हुवा, बाण इत्यादि),
(३) 'तस्येदम्' (उसका यह है) इस अर्थ में—
अण् आदि—इन्द्रस्य इदम् ऐन्द्रम्; एवं दैवम्, चान्द्रमसम् आदि ।
(४) 'तस्येसमूहः' (उसका समूह है) इस अर्थ में—
अण्—भिक्षाणां समूहो भैक्षम् (भिक्षा + अण्), काकानां समूहः काकम् ।
तल् (ता)—जनानां समूहो जनता, गजानां समूहो गजता ।
वुञ् [अक]–राज्ञां समूहो राजकम्, वृद्धानां समूहो वार्धकम्, मनुष्याणां समूहो मानुष्यकम्
(५) 'तत्र जातः' [वहां उत्पन्न हुवा है] इस अर्थ में—
अण् आदि—स्रुघ्ने जातः स्रौघ्नः (स्रुघ्न[1]+अण्); उत्से जातः औत्सः [उत्स[2] + अञ्], राष्ट्रे जातः राष्ट्रियः [राष्ट्र + घ], इत्यादि
(६) 'तत्र भवः' (वहां विद्यमान है) इस अर्थ में—
अण् आदि—स्रुघ्ने भवः स्रौघ्नः (अण्), उत्से भवः औत्सः (अञ्)
राष्ट्रे भवः राष्ट्रियः (घ-इय), कण्ठे भवं कण्ठ्यम् (यत्), अध्यात्मं भवम् आध्यात्मिकम् (अध्यात्म + ठञ् -इक), मासे भवं मासिकम्

---

१. पाटलिपुत्र नामक देशविशेष । २. निर्झर (झरना) fountain

(ठञ्), जिह्वामूले भवं जिह्वामूलीयम् (छ-ईय), इत्यादि।

(७) 'तदधीते तद्वेद' (उसको पढ़ता है, उसको जानता है) इस अर्थ में—

अण् आदि—व्याकरणमधीते वेद वा वैयाकरणः।

वुन् (अक)—मीमांसाम् अधीते वेद वा मीमांसकः (मीमांसा+वुन्)

(८) 'तदर्हति' (उसको प्राप्त करने के योग्य है) इस अर्थ में—

यत् (य)—दण्डम् अर्हति दण्ड्यः, वधमर्हति वध्यः।

(९) 'तदस्य सञ्जातम्' (वह इसमें प्रादुर्भूत हो गया है) इस अर्थ में—

इतच् (इत)—तारकाः सञ्जाताः अस्य तारकितम् (तारे इसमें निकले आए हैं ऐसा नभ; तारका+इतच्), एवं पुष्पितः, पल्लवितः, रोमाञ्चितः, पण्डितः (पण्डा+इतच्) इत्यादि।

(१०) मतुबर्थक—'तदस्यास्ति' (वह इसका है), तथा 'तदस्मिन्नस्ति' (वह इसमें है) इन अर्थों में—

(i) मतुप् (मत् , वत्)—गो + मतुप् = गोमत् (गोमान्—गावः अस्य अस्मिन् वा सन्ति; गौवों वाला); एवं बुद्धिमान् , श्रीमान् , लक्ष्मीवान्[३], मेधावान्[३], बलवान्[३], यशस्वान्[३] आदि। [मतुप् , वतुप् प्रत्यान्त शब्दों के रूप 'भगवत्' के समान हैं]

(ii) इन्—ह्रस्व अ से परे; जैसे, दण्ड + इन् = दण्डिन् (दण्डी; दण्डम् अस्यास्ति) एवं, धनिन् (धनी), बलिन् (बली), ज्ञानिन् [ज्ञानी] इत्यादि। (पक्षमें मतुप् भी होता है)

(iii) विन्[४]—अस् अन्त वाले शब्दों से परे, तथा माया, मेधा, स्रज् [माला] शब्दों से परे; जैसे, यशस्विन् , मनस्विन् ,

---

३ म, अ, आ अन्तवाले, अथवा म, अ, आ उपधा वाले शब्दों से परे मतुप् के म को व हो जाता है। (पा० ८।२।९)

४. 'अस्मायामेधास्रजो विनिः' [पा०]।

मायाविन्, मेधाविन्, स्रग्विन्। ['विन्' की जगह पक्ष में 'मतुप्' भी] [इन् तथा विन् अन्त वाले शब्दों के रूप स्वामिन् के समान होते हैं।]

(११) विभक्त्यर्थक—किम् आदि शब्दों से परे

(i) तसिल् [तस्]—पञ्चमी के अर्थ में; जैसे, किम् + तसिल् = कुतः [कस्मात्]; इदम + तसिल् = इतः [अस्मात्]; एतद् + तसिल् = अतः [एतस्मात्]; एवं यतः ततः परितः अभितः सर्वतः।

(ii) त्रल् (त्र)—सप्तमी के अर्थ में; जैसे, किम् + त्रल् = कुत्र[५] (कस्मिन्); एतद + त्रल् = अत्र(एतस्मिन्); एव तत्र, यत्र, बहुत्र (बहुषु)।

(iii) ह—'इदम्' में सप्तमी के अर्थ में ह जुड़ता है त्रल् नहीं; जैसे, इदम् + ह = इह [अस्मिन्]

(१२) कालार्थक—सप्तम्यन्त काल के अर्थ में—

(i) दा—सर्व, अन्य किं, यद्, तद्, शब्दों से परे; जैसे, सर्वदा [अथवा सदा], एकदा, अन्यदा, कदा, यदा, तदा।

(ii) र्हिल् (र्हि)—सप्तम्यन्त काल के अर्थ में 'इदम्' शब्द में नित्य, तथा 'किम्' 'तद्' शब्दों में विकल्प से 'दा' के स्थान में 'र्हिल्' प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, इदम् + र्हिल् = एतर्हि; एवं कर्हि, तर्हि।

(१३) प्रकारवचनार्थक—

(i) था—सर्व, अन्य, यद्, तद् शब्दों से परे; जैसे, सर्वथा (सर्वप्रकारेण), अन्यथा (अन्येन प्रकारेण), यथा (येन प्रकारेण), तथा [तेन प्रकारेण]।

---

५. 'किम्' को सप्तमी के अर्थ में 'कुत्र' के बदले 'क्व' भी होता है।

(ii) थम्‌ -- इदम्‌ , एतद्‌ , तथा किम्‌ शब्दों से परे; जैसे, इदम्‌—इत्थम्‌ [अनेन प्रकारेण]; एतद्‌—इत्थम [एतेन प्रकारेण]; किम्‌—कथम्‌ [केन प्रकारेण]

(१४) परिमाणार्थक—

वतुप्‌ [वत्‌]—यद्‌, तद्‌, एतद्‌ शब्दों से परे; जैसे; यद्‌ + वतुप्‌ = यावत्‌ [यावान्‌ , यत्परिमाणमस्य, जितना]; एवं तद्‌ + वतुप्‌ = तावत्‌ [तावान्‌-उतना], एतद्‌ + वतुप्‌ = एतावत्‌ [एतावान्‌-इतना]। [रूप-भगवत्‌ के समान]

इयत्‌—किम्‌ तथा इदम्‌ से परे; जैसे; किम्‌—कियत्‌ [कियान्‌-कितना]; इदम्‌ + इयत्‌ = इयत्‌ (इयान्‌ इतना)

(१५) अभूततद्भावार्थक—(जो जैसा नहीं था वैसा हो गया) इस अर्थ में—

च्वि [०]—उपर्युक्त अर्थ में शब्द से परे 'च्वि' प्रत्यय जुड़ता है। 'च्वि' प्रत्यय के सब वर्ण इत्‌ हैं। 'च्वि' प्रत्यय परे हो, तो शब्द के अन्त के अ, आ को ई तथा अन्य स्वर को दीर्घ हो जाता है। च्वि' प्रत्ययान्त शब्द के बाद में कृ, भू , अथवा अस्‌ धातु जुड़ता है[१]। उदा०—शुक्लीभवति [अशुक्लः शुक्लः सम्पद्यते, जो शुक्ल नहीं था वह शुक्ल हो जाता है. शुक्ल+च्वि इसी प्रकार, कृष्णीकरोति [अकृष्णः कृष्णः सम्पद्यते तं करोति; कृष्ण + च्वि]; अग्नीभवति [अनग्निः अग्निः सम्पद्यते, अग्नि + च्वि, पूर्वस्वर का दीर्घ]

(१६) भाववचनार्थक—भाववाचक संज्ञाएं (Abstract Nouns) बनाने के लिए—[ये प्रत्यय तीनों लिङ्गों के लिए भिन्न भिन्न हैं]

(क) पुंलिङ्ग में इमनिच्‌ (इमन्‌)—पृथु, मृदु, तनु, लघु, गुरु,

---

१. 'कृभ्वस्तियोगे सम्पद्यकर्तरि च्विः' (पा०)।

आदि शब्दों से परे; जैसे, पृथु + इमन् = प्रथिमन्[७] (प्रथिमा पृथो भावः), एवं, म्रदिमन् (म्रदिमा), तनिमन् (तनिमा-तनोर्भावः दुबलापन), लघिमन् (लघिमा), गरिमन् (गरिमा-गुरोर्भावः, भारीपन) महत् + इमन् = महिमन (महिमा) इत्यादि ['इमनिच् प्रत्ययान्त शब्दों के रूप 'राजन' के समान होते हैं]

(ख) स्त्रीलिङ्ग में तल् (ता)—जैसे, पृथुता, मृदुता, तनुता, लघुता, गुरुता, मनुष्यता आदि। [आकारान्त स्त्रीलिंग]

(ग) नपुसकलिङ्ग में—(i) त्व-जैसे , पृथुत्वम्, मृदुत्वद् लघुत्वम् , गुरुत्वम् , मनुष्यत्वम् आदि (ii) अण्-लघु उपधावाले इगन्त शब्दों से परे; जैसे. मृदु + अण = मार्दवम्, एवं लाघवम् , गौरवम् आदि. (iii) ष्यञ् (य)—शुक्ल, कृष्ण इत्यादि वर्णवाची शब्दों में तथा दृढ़ आदि शब्दों में केवल भाव में, तथा गुणवाचक और ब्राह्मणादि शब्दों से परे भाव और कर्म में जैसे, शुक्ल + ष्यञ् = शौक्ल्यम् , दृढ + ष्यञ् = दार्ढ्यम्, जड + ष्यञ् = जाड्यम् (जडस्य भावः कर्म वा),एवं ब्राह्मण्यम्।

(१७) **निर्धारणार्थक**—(किम् , यद् , तद् से परे जुड़ते हैं)—

डतर (अतर) दो में से एक का निर्धारण करने के लिए; जैसे कतरः, (दोनों में से कौनसा), यतरः ततरः।

डतम (अतम)—बहुतों में से एक का निर्धारण करने के लिए; जैसे, कतमः (बहुतों में से कौनसा), यतमः, ततमः।

(१८) **अतिशायनार्थक**—तारतम्य (Degree) द्योतक—

(क) बहुतों में से एक का अतिशय सूचित करने के लिए (Super-

---

७. जिस शब्द के आदि में हल् हो उसके लघु ऋकार को र् हो जाता है, इष्ठन् , ईयस् तथा इमनिच् प्रत्यय परे हों तो।

lative)—(i) तमप् (तम), जैसे, लघुतमः (अयम् एषाम् अतिशयेन लघुः, (सबसे छोटा); एवं, गुरुतमः, महत्तमः, बुद्धिमत्तमः इत्यादि ।

(ii) इष्ठन् (इष्ठ)—लघु + इष्ठ = लघिष्ठः[८], महत् + इष्ठ = महिष्ठः[८] (सबसे महान्); मेधाविन् + इष्ठः = मेधिष्ठः[९]; बलवत् + इष्ठ = बलिष्ठः[९] ।

(ख) दो में से एक का अतिशय सूचित करने के लिए (Comparative)—(i) तरप् (तर)—लघुतरः (अयम् अनयोरतिशयेन लघुः, इन दोनों में यह छोटा है); एवं, पटुतरः, महत्तरः, आदि ।

(ii) ईयस् - लघु + ईयस् = लघीयस् (लघीयान्), गुरु + ईयस् = गरीयस् (गरीयान्), महत् + ईयस् = महीयस् (महीयान्), बलवत् + ईयस् = बलीयस् (बलीयान्) इत्यादि । ['तरप्' 'तमप्' प्रत्ययान्त शब्दों के रूप स्त्रीलिङ्ग में 'आ' जोड़ कर 'रमा के समान चलते हैं । 'ईयस्' प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुंलिंग में पहले पांच रूप 'विद्वस्' के समान (जैसे, लघीयान् , लघीयांसौ, लघीयांसः आदि) तथा शेष रूप चन्द्रमस् के समान हैं; स्त्रीलिङ्ग में 'ई' जोड़कर (जैसे, लघीयसी) 'नदी' के समान, और नपुंसक में 'पयस्' के समान ।]

नीचे कुछ अनियमित ईयस् तथा इष्ठन् प्रत्ययान्त शब्द दिये जाते हैं—अन्तिक [निकट]—नेदीयस् , नेदिष्ठ । अल्प-अल्पीयस् अल्पिष्ठ; अथवा कनीयस् , कनिष्ठ । उरु (विस्तृत)—वरीयस् , वरिष्ठ । क्षुद्र-क्षोदीयस् , क्षोदिष्ठ । दीर्घ-द्राघीयस् , द्राघिष्ठ । दूर-दवीयस् , दविष्ठ । प्रशस्य (प्रशंसनीय)-श्रेयस् , श्रेष्ठ; अथवा ज्यायस् , ज्येष्ठ । बहुल (बहुत)-बंहीयस् , बंहिष्ठ । युवन् (युवा)—यवीयस् , यविष्ठ ; अथवा

---

८. इष्ठन् , ईयस् प्रत्यय परे हों तो शब्द की टि का लोप हो जाता है ।

९. इष्ठन् , ईयस् , प्रत्यय परे हों तो, विन् तथा मतुप् का लोप हो जाता है ।

कनीयस् , कनिष्ठ । वृद्ध-वर्षीयस् , वर्षिष्ठ ; अथवा ज्यायस् , ज्येष्ठ । विपुल (बहुत)-ज्यायस् , ज्येष्ठ । स्थिर-स्थेयस्, स्थेष्ठ । स्थूल-स्थवीयस्, स्थविष्ठ । ह्रस्व-ह्रसीयस् , ह्रसिष्ठ ।

परिशिष्ट

अकारादि क्रम से कुछ मुख्य मुख्य तद्धित प्रत्यय—

अण् (अ)—(i) अपत्य-वासुदेवः । (ii) विकार—सौवर्णम् ।
(iii) भाव (नपुं०)—लाघवम् (iv) समूह-काकम् , भैक्षम् ।
(v) तस्येदम्-दैवम् ऐन्द्रम (vi) 'तत्रजातः' आदि-स्रौघ्नः ।
(vii) तदधीते तद्वेद-वैयाकरणः; (viii) स्वार्थे-प्रज्ञ एव प्राज्ञः ।

इञ् (इ)—अपत्य—दाशरथि, दाक्षिः ।

इतच् (इत)—तदस्य सञ्जातम्—तारकितं नभः, पण्डितः, निद्रितः ।

इनि (इन्)—मतुबर्थक-सुखिन् (सुखी), बलिन् (बली) ।

इमनिच् (इमन्)-पुंलिङ्ग भाववाची-म्रदिमन् , लघिमन् , महिमन् (महिमा), गरिमन् (गरिमा) ।

इष्ठन् (इष्ठ)—(Superlative) लघु-लघिष्ठ, बलवान्-बलिष्ठ ।

ईयसुन् (ईयस्)—(Comparative) लघीयस् , बलीयस् ।

ख (ईन)—(i) 'तस्मै हितम्'—विश्वजनीनम् , आत्मनीनम् ।
(ii) 'तत्रभवः' आदि-ग्रामीणः; अवारपारीणः ।

घ (इय)—(i) 'तत्रभवः' आदि—राष्ट्रियः ।

च्वि (×) अभूततद्भाव में—शुक्लीकरोति, अग्नीभवति ।

छ (ईय)—'तस्येदम्' आदि—देवदत्तीयः, मदीयः ।

ठक् (इक)—(i) 'रक्षति'—समाजं रक्षति सामाजिकः ।
(ii) धर्मं चरति—धार्मिकः । [iii] शिल्पम्-मार्दङ्गिकः
(iv) प्रहरणम्—असिःप्रहरणमस्य आसिकः, धानुष्कः ।

ठञ् (इक)—'तत्र भवः' इत्यादि अर्थों में कालवाची शब्दों से परे-दैनिकम्, मासिकम् , वार्षिकम् ।

डतर (अतर)—दो में से एक के निर्धारण में—कतरः, ततरः।
डतम (अतम)—बहुतों में से एक के निर्धारण में—कतमः, ततमः।
ढक् (एय)—अपत्यार्थक, स्त्रीलिङ्ग से परे—वैनतेयः, कौन्तेयः।
तरप् (तर)—(Comparative)-लघुतरः, महत्तरः।
तमप् (तम)—(Superlative)-लघुतमः, महत्तमः।
तल् (ता)—(i) भाववाची (स्त्रीलिङ्ग)-लघुता, जडता।
(ii) समूह-जनता, ग्रामता, गजता।
तसिल् (तस्) पञ्चमीके अर्थ में कुतः ततः, यतः।
त्रल् (त्र)—सप्तमीके अर्थ में-कुत्र, अत्र, तत्र।
त्व नपुंसक भाववाची-लघुत्वम्, गुरुत्वम्।
थम् प्रकारवचन में इदम्, किम् से परे-इत्थम्, कथम्।
था प्रकारवचन में-यथा, तथा।
दा काल के अर्थ में सप्तमी में-कदा सर्वदा, तदा।
मतुप् (मत्, वत्) (Possessive)—बुद्धिमत, धनवत्।
मयट्—(i) विकार-लोहमयम्; (ii) प्राचुर्य-आनन्दमयम्।
यत् (य) 'तस्मै हितम्' गव्यम् कण्ठ्यम् (कण्ठाय हितम्)।
र्हिल् (र्हि)—सप्तम्यन्त काल के अर्थ में-एतर्हि, तर्हि, कर्हि।
वतुप् (वत्)—परिमाण में—यावान्, तावान्, एतावान्।
विनि (विन्)—मतुबर्थक-यशस्विन्, मेधाविन्।
वुञ् (अक)—समूह-मानुष्यकम्, राजकम्, बार्धकम्।
ष्यञ् (य (i) नपुंसक भाववचन में वर्णवाची तथा दृढादि शब्दों से परे—शौक्ल्यम्, कार्ष्ण्यम्, दार्ढ्यम्।
(ii) नपुंसक भाव तथा कर्म में गुणवाची तथा ब्राह्मणादि शब्दों से परे-जाड्यम्, मौढ्यम्, ब्राह्मण्यम् (ब्राह्मणस्य भावः कर्म वा)।

अध्याय १०

स्त्रीप्रत्यय-प्रकरण

पुंलिङ्ग शब्दों में स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं वे स्त्रीप्रत्यय कहाते हैं। स्त्रीप्रत्यय निम्नलिखित हैं—

(१) आप् (टाप्, डाप्, चाप्)—अजादि (अजा, एडका, अश्वा आदि) शब्दों में तथा अकारान्त शब्दों में जुड़ता है;[१] जैसे अजा (बकरी), अश्वा आदि; भुञ्जान-भुञ्जाना, शयान-शयाना आदि।

(२) ङी (ङीप्, ङीष्, ङीन्)—निम्नलिखित शब्दों में जुड़ता है—

(i) तृच् प्रत्ययान्त कृदन्त शब्दों में;[२] जैसे, कर्तृ-कर्त्री; नेतृ नेत्री।

(ii) नकारान्त शब्दों में;[२] जैसे राजन्-राज्ञी,[३] श्वन्-शुनी;[३] हस्तिनी।

(iii) उगित् (उ, ऋ इत् वाले) प्रत्ययान्त शब्दों में; जैसे, भवत् (भू + डवतु)-भवती; विद्वस् (विद् + वसु)-विदुषी;[३] पचत् (पच + शतृ)-पचन्ती;[४] एवं ददत्-ददती; तुदत्-तुदती अथवा तुदन्ती।

(iv) उकारान्त गुणवाचक शब्दों में विकल्प से; जैसे, लघु अथवा लघ्वी, मृदु अथवा मृद्वी, गुरु अथवा गुर्वी।

(v) 'क्तिन्' 'अनि' नि, प्रत्ययान्त शब्दों को छोड़ कर अन्य इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों में विकल्प से;[७] जैसे, रात्रि अथवा रात्री, आवलिः अथवा आवली, श्रेणिः अथवा श्रेणी। [परन्तु मतिः, बुद्धिः, अकरणिः, हानिः आदि शब्दों में ङी (ई) नहीं जुड़ता]

(vi) अकारान्त समाहारद्विगुसमास में; जैसे, त्रिलोकी, पञ्चमूली।

(vii) पुंलिङ्ग में प्रसिद्ध शब्द यदि पुरुष-सम्बन्ध (दाम्पत्य अथवा

---

१. 'अजाद्यतष्टाप्' पा०। २. 'ऋन्नेभ्यो ङीप्' पा०। ३. हलन्त शब्द का जो स्वरूप द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय (अस्) से पूर्व होता है, वही स्वरूप 'ङी' प्रत्यय से पूर्व भी होता है। ४. देखो कृदन्त प्रकरण (शतृप्रत्यय)।

जन्यजनक भाव) से स्त्री के लिए भी प्रसिद्ध हो तो उसमें [ङीष्] प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, गोपस्य स्त्री गोपी, ब्राह्मणस्य स्त्री ब्राह्मणी; शूद्रस्य स्त्री शूद्री, देवकस्य कन्या देवकी। [अपवाद- 'पालक' अन्त वाले शब्द से परे टाप् प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, गोपालस्य स्त्री गोपालिका[१]]

(viii) जातिवाचक पुंलिंग शब्द से जातिवाचक [समान आकृति वाला] स्त्रीलिंग शब्द बना हो, तो उसमें ङीष् प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, तटः-तटी वृषलः-वृषली, हयः-हयी । [अपवाद वैश्य-वैश्या, क्षत्रिय-क्षत्रिया, शूद्र-शूद्रा]

(ix) वृद्धावस्था से भिन्न अवस्था के द्योतक अकारान्त शब्दों में स्त्री लिङ्ग की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय जुड़ता है; जैसे कुमार-कुमारी, किशोर-किशोरी; (परन्तु वृद्ध-वृद्धा, स्थविर-स्थविरा)

(x) षित् प्रत्ययान्त शब्दों में तथा गौरादि (गौर, मनुष्य, हरिण आमलक, पितामह, मातामह इत्यादि) शब्दों में ङीष् प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, नर्तक (नृत् + ष्वुन्)-नर्तकी, रजक-रजकी; गौर-गौरी, मनुष्य-मनुषी, हरिण-हरिणी इत्यादि ।

(३) ऊङ् (ऊ)—मनुष्य जातिवाचक उकारान्त शब्दों से परे, तथा पङ्गु और श्वशुर शब्दों से परे, स्त्रीलिङ्ग की विवक्षा में 'ऊ' प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, कुरुः (पुं०)—कुरूः (स्त्री०); पङ्गु (पुं०) पङ्गूः (स्त्री०); श्वशुर-श्वश्रू ।

(४) ति—युवन् शब्द से परे स्त्रीलिङ्ग की विवक्षा में 'ति' प्रत्यय जुड़ता है; जैसे, युवन् (युवा)—युवतिः ।

---

१ 'आप् स्त्रीप्रत्यय परे हो तो प्रत्यय के 'क' से पूर्व के ह्रस्व अ को इ हो जाता है (पा० ७।३।४४) ।

अध्याय ११

लिङ्गपरिचय-प्रकरण

तीनों लिङ्गोंका कुछ परिचय सुबन्त प्रकरण में दिया जा चुका है। प्रातिपदिक शब्दों के लिङ्ग का निर्णय उनमें जुड़े हुए प्रत्ययों से, शिष्ट प्रयोग से तथा अर्थ से होता है। लिङ्गविषयक कुछ नियम संक्षेप से नीचे दिये जाते हैं।

स्त्रीलिङ्ग

निम्नलिखित शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं:—

(१) स्त्रीप्रत्ययान्त शब्द; (अर्थात् आकारान्त, ईकारान्त, ऊकारान्त स्त्रीवाची शब्द)। (देखो स्त्रीप्रत्यय-प्रकरण)

(२) निम्नलिखित भाववाचक कृदन्त शब्द—

(i) 'क्तिन्' प्रत्ययान्त शब्द, जैसे, गतिः, बुद्धिः, मतिः, रतिः;

(ii) आक्रोशार्थक 'अनि' प्रत्ययान्त शब्द; जैसे, अकरणिः, अजननिः;

(iii) 'अ' प्रत्ययान्त शब्द; जैसे, चिकीर्षा, जिज्ञासा, ईहा, ऊहा;

(iv) 'युच्' प्रत्ययान्त शब्द, जैसे, धारणा, भावना, आसना;

[v] 'क्यप्' प्रत्ययान्त शब्द, जैसे, व्रज्या, इज्या, निषद्या, हत्या;

[३] निम्नलिखित तद्धितप्रत्ययान्त शब्द—

[i] 'तल्' प्रत्ययान्त शब्द, जैसे लघुता, जनता, देवता।

[ii] समूहार्थक 'य' प्रत्ययान्त शब्द, जैसे, पाश्या [पाशानां समूहः]

[४] ई तथा ऊ अन्त वाले एकाच् [एक अच् वाले] शब्द;[1] जैसे, स्त्री, श्रीः, धीः, ह्रीः, भूः, भ्रूः।

[५] ऋकारान्त शब्दों में मातृ, दुहितृ [पुत्री], स्वसृ [बहिन], यातृ

---

१. "स्त्रियामीदूद्विरामैकाच्, (विराम = अन्त)

[जिठानी, देवरानी], ननान्दृ [ननंद] ये पांच शब्द;

[६] स्त्रीप्राणियों के नाम;[२] जैसे, योषित्, धेनुः। [अपवाद-दाराः]

[७] विद्युत् (बिजली), निशा (रात्री), वल्ली (लता), वीणा, दिक् (दिशा), भू (भूमि), नदी, तथा ह्री (लज्जा) अर्थों के वाचक शब्द स्त्री० हैं;[३]

[८] पात्रादि शब्द जिनके अन्त में न हों ऐसे अकारान्त समाहारद्विगु समास स्त्रीलिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं; जैसे, त्रिलोकी, पञ्चमूली।

[९] एकोनविंशति [१९] अथवा विंशति [२०] से लेकर नवनवति [९९] तक के संख्यावाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

पुंलिङ्ग

निम्नलिखित शब्द पुंलिङ्ग होते हैं:—

[१] अच्, अप्, अथुच्, ल्यु [अन-कर्तरि], क, कि, घ, घञ्, तथा न [नङ्, नन्] प्रत्ययान्त कृदन्तशब्द; जैसे, अच्—चयः, जयः, अप्—करः, स्तवः; अथुच्—वेपथुः; ल्यु—नन्दनः, रमणः, क—प्रस्थः, विघ्नः; कि—उपधिः, विधिः, इपुधिः [स्त्री० च]; घ—दन्तच्छदः, घञ्—पाकः, त्यागः; न—यज्ञः यत्नः, प्रश्नः, स्वप्नः [याच्ञा-स्त्री०]

[२] 'इमनिच्' तद्धित प्रत्यान्त शब्द; जैसे; गरिमा, लघिमा महिमा;

(३) निम्नलिखित शब्द और उनके पर्याय पुंलिंग होते हैं—

"स्वर्गयागाद्रिमेघाब्धिद्रुकालासिशरारयः।
करगण्डौष्ठदोर्दन्तकण्ठकेशनखस्तनाः
अह्नाह्नान्ताः, क्ष्वेडभेदाः, रात्रान्ताः प्रागसंख्यकाः॥" (अ० को०)

स्वर्गः, यागः (यज्ञः); अद्रिः (पर्वतः); मेघः; अब्धिः (समुद्रः); द्रुः (तरुः); कालः (समयः), क्षणः, दिवसः, मासः, संवत्सरः; परन्तु

---

२ सयोनिप्राणिनाम च। ३. नाम विद्युन्निशावल्लीवीणादिग्भूनदीह्रियाम्॥" (अ० को०)। [त० टि० १, २, ३ से पूरा श्लोक बनता है]

दिनम्, वर्षम्); असिः (खड्गः); शरः (वाणः); अरिः (शत्रुः), करः (हस्तः; तथा किरणः) गण्डः (कपोलः); दोः (दोस्, भुजः, बाहुः); दन्तः; कण्ठ; केशः; नखः; स्तनः; अह्नान्त (जैसे, पूर्वाह्णः, मध्याह्नः ; अहान्त (जैसे, पुण्याहः), विषभेदाः (कालकूटः, हलाहलः); असंख्यापूर्व रात्रान्त (जैसे, अहोरात्रः, अर्धरात्रः; परन्तु त्रिरात्रम्, पञ्चरात्रम्)

(४) ऐसा अकारान्त शब्द जिसकी उपधा में क, ट, ण, थ, न, प, भ, म, य, र, ष, स, इन बारह वर्णों में से कोई वर्ण हो, प्रायः पुंलिंग होता है। उदा०,-कल्कः वराटकः; घटः, पटः; कणः, गणः; रथः, शपथः; फेनः, जनः; वाष्पः, सूपः; कुम्भः, शलभः; ग्रामः, धूमः; तनयः, व्ययः; अङ्कुरः, समीरः; कक्षः, वृक्षः, निकषः; रसः, वत्सः।

नपुंसकलिङ्ग

निम्नलिखित शब्द नपुंसक लिङ्ग होते हैं:—

(१) (i) ल्युट्, क्त, तथा कृत्य प्रत्ययान्त भाववाची कृदन्त; जैसे ल्युट्— गमनम्, पठनम्, रोदनम्; क्त—गतम्, रुदितम, हसितम्, जीवितम्; कृत्य—कर्तव्यम्, करणीयम्, कार्यम्, आदि;

(ii) 'त्र' तथा 'इत्र' प्रत्ययान्त करणवाची कृदन्त शब्द; जैसे, नेत्रम् शस्त्रम्, स्तोत्रम्, पत्रम्, खनित्रम्, चरित्रम् आदि।

(२) त्व, अण् तथा ष्यञ् तद्धित प्रत्ययान्त भाववाची शब्द; जैसे, त्व—लघुत्वम्, गुरुत्वम्; अण्—लाघवम्, गौरवम्; ष्यञ्— शौक्ल्यम्, जाड्यम्,

(३) अव्ययीभावसमास, समाहारद्वन्द्वसमास तथा पात्रादि अन्त-वाला समाहारद्विगुसमास; जैसे, अव्ययी०-प्रतिदिनम्, यथाशक्ति; समाहारद्वन्द्व-पाणिपादम्; समाहारद्विगु-पञ्चपात्रम्, त्रिपुरम;

(४) कुछ अपवादों को छोड़कर अस् इस् उस् तथा मन् अन्तवाले द्व्यच् शब्द; जैसे, अस्—तेजस्, तपस्, पयस्, मनस्, यशस्,

आदि; इस्—सर्पिस्, हविस् आदि; उस्—धनुस्, यजुस् आदि; मन्—कर्मन् (कर्म), चर्मन् (चर्म), नामन् (नाम) इत्यादि ;

(५) कोटि (करोड़) को छोड़कर शतादि संख्या; जैसे, शतम्, सहस्रम् अयुतम्, लक्षम्, प्रयुतम् इत्यादि (कोटिः शब्द स्त्रीलिङ्ग है)

(६) निम्नलिखित अर्थों के वाचक शब्द नपुंसक होते हैं—

'...... खारण्यपर्णश्वभ्रहिमोदकम् ।
शीतोष्णमांसरुधिरमुखाक्षिद्रविणं बलम् ॥
फलहेमशुल्बलोहसुखदुःखशुभाशुभम् ।
जलपुष्पाणि लवणव्यञ्जनान्यनुलेपनम् ॥' (अ०को०)

खम् (इन्द्रियम्, आकाशम् च); अरण्यम् (वनम्); पर्णम् (दलम्, leaf); श्वभ्रम् (विवरम्); हिमम् (तुहिनम्); उदकम् (जलम्); शीतम् (शिशिरम्); उष्णम् (घर्मम्); मांसम्; रुधिरम्; मुखम्; अक्षि (नेत्रम्); द्रविणम् (धनम्); बलम्; फलम् (आम्रम् इत्यादि); हेम (स्वर्णम्); शुल्वम् (ताम्रम्); लोहम्; सुखम्; दुःखम्; शुभम् (भद्रम्); अशुभम्; जलपुष्पम् (कुमुदम्, अम्बुजम्), लवणम्; व्यञ्जनम् (दधि आदि), अनुलेपनम् (चन्दनम् आदि) ।[४]

[विशेष—(१) कुछ शब्द एक से अधिक लिङ्ग वाले भी होते हैं; जैसे, (i) गो, मणि, मृत्यु, रेणु आदि शब्द पुं० तथा स्त्री० हैं; तथा (ii) पुच्छ, शृङ्ग, दण्ड, आकाश, देह आदि शब्द पुं० तथा नपुं० है। [२] अव्यय, कति, युष्मद्, अस्मद्, तथा पञ्चन् से लेकर दशन् तक के संख्या शब्द अविशिष्टलिङ्ग होते हैं [३] गुणवाचक विशेषण शब्द, एक, द्वि, त्रि, चतुर् संख्याशब्द तथा सर्व आदि सर्वनाम शब्द विशेष्य के लिङ्ग वाले होते हैं ।]

---

४. इनके अतिरिक्त निम्नलिखित शब्द भी नपुंसकलिङ्ग होते हैं—

"भयामृतशकृद्रस्नुचापाभरणलाङ्गलम् । दार्वौषधमृधापत्यहृदयोदरकाकुदम् ॥ पत्तनाजिरशृङ्गाग्रद्वारश्मश्रूडुमानसम् । ध्वान्तचाव्यक्तलिङ्गं च भाणतो यत् प्रयुज्यते (वी० स्वा०) (दारु = काष्ठं; मृधं = युद्धं; उडु = नक्षत्र')।

अध्याय १२

अव्यय-प्रकरण

१. ऐसा शब्द जिसका रूप तीनों लिङ्गों में, सातों विभक्तियों में तथा तीनों वचनों में एकसा बना रहे उसे अव्यय (Indeclinable) कहते हैं। 'अव्यय' (अ-व्यय) शब्द का अर्थ है जिसका कभी व्यय न हो, जो कभी विकार को न प्राप्त हो अर्थात् घटे बढ़े नहीं। [1]

२. अव्यय तीन प्रकार के होते हैं—(क) अव्युत्पन्न (रूढ)-जो कृत् प्रत्यय या ताद्धित प्रत्यय जुड़कर न बने हों; (ख) व्युत्पन्न (यौगिक)-जो कृत् प्रत्ययों या तद्धित प्रत्ययों के योग से बने हों; तथा [ग] अव्ययीभावसमास।

(क) अव्युत्पन्न – (i) स्वरादि शब्द (जैसे स्वर् , अन्तर् , प्रातर् , पुनर् इत्यादि) तथा (ii) निपात शब्द (अर्थात् अद्रव्य वाचक च, वा, इत्यादि, तथा प्र, परा, इत्यादि) अव्युत्पन्न अव्यय हैं।

(ख) व्युत्पन्न अव्यय—(१) कृत् प्रत्ययों के योग से बने हुए—

(i) तुम्—गन्तुम् , नेतुम् , (ii) णमुल्-स्मारं स्मारं, स्वादुङ्कारम्; (iii) क्त्वा—गत्वा, नीत्वा, [iv] ल्यप्-अधिगम्य, आनीय।

(२) तद्धित प्रत्ययों के योग से बने हुए; (i) विभक्तिवाचक-तसिल्-कुतः, ततः; त्रल्-कुत्र, तत्र; अन्य-क्व, इह; (ii) कालवाचक-दा-कदा, तदा, सर्वदा; अन्य-इदानीम्, तदानीम्, अधुना, तर्हि; (iii) प्रकारवाचक-था- सर्वथा, यथा, तथा; थम्-कथम् , इत्थम् ;

---

१. "सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम्॥"

(iv) विविध—अस्ताति—पुरस्तात्, परस्तात् ; कृत्वसुच् शतकृत्वः धा—शतधा, बहुधा; शस्—शतशः, बहुशः, अल्पशः।

(ग) अव्ययीभावसमास — जैसे, अध्यात्मम्, अनुरूपम् इत्यादि।

३. अव्ययों में से (१) कुछ क्रियाविशेषण (Adverbs) होते हैं, [२] कुछ समुच्चयबोधक (Conjunctions); [३] कुछ मनोविकार सूचक (Interjections); तथा [iv] कुछ उपसर्ग होते हैं।

(१) क्रियाविशेषण अव्यय—कतिपय प्रसिद्ध क्रियाविशेषण अव्यय ये हैं—

अकस्मात्, अजस्रम् [निरन्तर], अन्तर् [अन्दर], अतीव, अद्धा (वास्तव में), अधस् [नीचे], अनिशम् [निरन्तर], अभितः, अर्वाक् [पहले], अलम्, अवश्यम्, असकृत् (बारबार), आरात् [दूर, समीप], ईषत् [थोड़ा सा], उच्चैस्, उपांशु (गुप्त रूप से), ऋते (बिना), एकपदे [एक साथ], ओम् [अच्छा, हां], किल, कृतम् [निषेधार्थक], खलु [वास्तव में], चिरम्, जातु [कदाचित्], जोषम् [चुपचाप], तिर्यक् [तिर्छे], तूष्णीम् [चुपचाप], दिवा [दिन में], दिष्ट्या [सौभाग्यसे], दोषा [रात्रि में], नक्तम् [रात्रि में], नाना [अलग अलग], नाम [वास्तव में, शायद], निकषा [निकट], नूनं [निश्चित], परश्वः [परसों], परितः [चारों ओर], पुनर्, पुरा [पहले], प्रगे [प्रातः], प्रायः, बहिः, भूयः [फिर], भृशम् [बहुत], मनाक् [थोड़ा], मिथः [परस्पर], मुधा [व्यर्थ], मुहुर् [बारबार], मृषा [झूठ], युगपत् [साथ साथ], वाव [केवल], विना, वृथा, वै [निश्चित], शनैः, शश्वत् [सदा], श्वः [अगला दिन], सकृत् [एक बार], सततम् [सदा], सद्यः [तुरन्त], सपदि [तुरन्त], समन्तात् [चारों ओर], समया [निकट], सम्प्रति [अब], सम्यक्, समं, सह, सहसा, साक्षात्, साम्प्रतम् (उचित), सायम्, सार्धम् (साथ), सुष्ठु (भली प्रकार), स्वयम्, ह्यः (पूर्वदिन)।

(२) **समुच्चयबोधक अव्यय**—अथ, अथो, अथच (ये तीनों अव्यय 'तब' के अर्थ में किसी अगले वाक्य अथवा प्रकरण के आरम्भ में जुड़ते हैं), अथवा (या), अपि, इति (वाक्य के अन्त में समप्ति के अर्थ में जुड़ता है), च (और), चेत् (यदि), तथापि, तर्हि (तो), तु (वाक्य के बीच में प्रयुक्त), हि, नोचेत् , (नहीं तो), यदि, यावत्-तावत् (यावद् अहमागच्छामि तावदत्र तिष्ठ), इत्यादि ।

(३) **मनोविकारसूचक अव्यय**—[i] हर्षसूचक—जैसे-हन्त (हन्त प्रवृत्तं सङ्गीतकम्); [ii] शोकसूचक—जैसे आ, अह, अहह, अहा बत, हा, हाहा, हन्त (हन्त धिङ् मामधन्यम्); [iii] विस्मय-सूचक—जैसे ओ, अहो, अहोबत; [iv] घृणासूचक—जैसे, किम् , धिक् , [v] क्रोधसूचक—जैसे आः, हुम् , हम् , [vi] आदरसूचक सम्बोधन—अङ्ग, अयि, अये, हे, भोः, इत्यादि . [vii] अनादर-सूचक सम्बोधन—अङ्ग, अरे, अवे, रे, रेरे, अरेरे इत्यादि

(४) **उपसर्ग** – प्र, परा, अप, सम् अनु, अव, निस् , निर् , दुस् , दुर् वि, आङ् , नि, अधि, अपि, अति, सु, उत् , अभि, प्रति, परि, उप ये बाइस निपात क्रिया के योग में **उपसर्ग** [अथवा **गति**] कहाते हैं ।[२] ये उपसर्ग क्रिया के अर्थ को या तो [i] बिल्कुल बदल देते हैं (जैसे-विजयः पराजयः, अपकारः, उपकारः, आहारः, प्रहारः इत्यादि); या [ii] क्रिया के अर्थ में विशिष्टता लाते हैं (जैसे, वचनं—निर्वचनं, गमनं—अनुगमनं); अथवा (iii) क्रिया के अर्थ का ही अनुवर्तन करते हैं (जैसे उच्यते–प्रोच्यते, वसति – अधिवसति) ।[४]

---

२. इनमें से अव, अनु इत्यादि कुछ निपात सुबन्त पदों के योग में कर्मप्रवचनीय कहाते हैं; जैसे अनु हरिं सुराः, आ समुद्रात् क्षितिः । ३ "उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते । प्रहाराहारसंहारविहारपरिहारवत् ॥" ४. "धात्वर्थं बाधते कश्चित्, कश्चित् तमनुवर्तते । तमेव विशिनष्ट्यन्य उपसर्गगतिस्त्रिधा ॥"

क्रिया के योग में इन उपसर्गों के कुछ अर्थ इस प्रकार हैं—प्र—प्रकृष्ट (प्रवक्ता), परा—विरुद्ध (पराजयः), अप—परे (अपनयन), सम्—साथ; सम्यक् (संगमः संस्कार), अनु—पीछे (अनुगमनं), अव—नीचे (अवरोहः), निस् निर्—बाहर, रहित (निर्गमः, निर्दोषः), दुस्—कठिन (दुष्करः), दुर्—बुरा (दुर्गतिः), वि—विरुद्ध, अधिक (वियोगः, विनम्रः) आ—विरुद्ध, समन्तात् (आगमनं, आच्छादनं), नि—नीचे (निपतति), अधि—ऊपर (अधिकारः), अपि—ऊपर (अपिधानं, पिधानं), अति—ऊपर (अतिक्रमणं), सु—सुष्ठु (सुकृतम्), उत्—ऊपर (उद्गमः), अभि—सम्मुख (अभिगमनं), प्रति—ओर (प्रतिगमनं), परि—समन्तात् (परिधिः), उप—समीप (उपस्थानम् ।)

कृदन्त-प्रकरण का परिशिष्ट [कृदन्दशब्द-तालिका]

[आगे कतिपय प्रसिद्ध धातुओं के व्यवहार में आने वाले कृदन्त रूप दिये हैं। भूतकृदन्त का केवल 'क्त' प्रत्ययान्त रूप ही यहां दिया गया है; 'क्त' प्रत्ययान्त शब्द के 'त' के स्थान में 'तवत्' रखने से 'क्तवत्' प्रत्ययान्त रूप बन जाता है; जैसे, गत-गतवत् (–वान्)। निष्ठा (क्त, क्तवत्) प्रत्यय के स्थान में 'त्वा' रखने से 'क्त्वा' प्रत्ययान्त रूप बन जाता है; जैसे, गत-गत्वा। (परन्तु, 'क्त्वा' से पूर्व सेट् धातुओं को गुण हो जाता है)। इसी प्रकार 'तुमुन्' के स्थान में तव्य तथा तृ रखने से क्रमशः तव्यान्त तथा तृजन्त शब्द बन जाते हैं; इसलिए स्थानाभाव के कारण कहीं कहीं तव्यान्त रूप नहीं दिये हैं। 'क्त' प्रत्यय के स्थान में 'ति' रखने से 'क्तिन्' प्रत्ययान्त स्त्रीभाववाची शब्द बनते हैं (परन्तु 'ति' से पूर्व इट् का आगम नहीं होता; जैसे, जागरित-जागर्तिः)। वर्तमान कृदन्त तथा कर्तृ० कृदन्त पुंलिङ्ग की प्रथमा के एकवचन में, भाव० कृदन्त स्वलिंग के प्र० ए० व० में, तथा शेष कृदन्त विभक्तिरहित (प्रातिपदिक) दिये हैं।]

धातु	वर्त कृद० Pr. Parti	भूत कृद० P. Parti	पूर्वकालिक Gerund	क्रियार्थक Infinitive	कृत्य Passive Potential	कर्तृवाचक Agent of action	भाववाचक Abstract Noun
	शतृ, शानच्	क्त, क्तवत्	क्त्वा, ल्यप्	तुमुन्	तव्य, अनीय, य	तृच्, ण्वुल्, इत्या०	घञ् ल्युट् तिइ०
अद् २ प	अदन्	जग्ध	जग्ध्वा	अत्तुम्	अत्तव्य, अदनीय, अद्य	अत्ता	अदनम्
अश् ६ प	अश्नन्	अशित	अशित्वा	अशितुम्	अशितव्य, अशनीय	अशिता	प्रातराशः, अशनं
आप् ५ प	आप्नुवन्	प्राप्त	आप्त्वा, प्राप्य	आप्तुम्	प्रापणीय, प्राप्य	प्राप्ता, प्रापकः	प्रापणं, प्राप्तिः
आस् २ आ	आसीनः	आसितः	आसित्वा	आसितुम्	आसितव्य, आसनीय	आसिता, उपासकः	आसनम्, आसना
अधि-इ २ आ	अधीयानः	अधीत	–, अधीत्य	अध्येतुम्	अध्येतव्य, अध्येय	अध्येता	अध्ययनम्
इष् ६ प	इच्छन्	इष्ट	एषित्वा	एषितुम्	एषितव्य, एषणीय	एषिता, इच्छुः	इच्छा ['अ']
कथ १० उ	कथयन्	कथित	कथयित्वा	कथयितुम्	कथयितव्य, कथनीय	कथयिता	कथनम्, कथा
कृ ८ उ	कुर्वन्, कुर्वाणः	कृत	कृत्वा, उपकृत्य	कर्तुम्	कर्तव्य, करणीय, कार्य	कर्ता, कारकः, -कृत्	-कारः करणं कृतिः
क्री ६ उ	क्रीणन्-णानः	क्रीत	क्रीत्वा, विक्रीय	क्रेतुम्	क्रेतव्य, क्रयणीय, क्रेय	क्रेता	क्रयः, क्रयणम्
गम् १ प	गच्छन्	गत	गत्वा, आगत्य	गन्तुम्	गन्तव्य, गमनीय, गम्य	गन्ता, गामी	गमनम्, गतिः
ग्रह् ६ उ	गृह्णन्, गृह्णाणः	गृहीत	गृहीत्वा	ग्रहीतुम्	ग्रहीतव्य ग्रहणीय ग्राह्य	ग्रहीता, ग्राहकः	ग्रहणम्, ग्रहः
जन् ४ आ	जायमानः	जात	जनित्वा	जनितुम्	जनितव्य जननीय जन्य	जनिता, जनकः	जननम्, जन्म

धातु	शतृ, शानच्	क्त, क्तवत्	क्त्वा, ल्यप्	तुमुन्	तव्य, अनीय, य	तृच्, एवुल्, इत्या०	घञ् ल्युट् ति इ०
जागृ २ प.	जाग्रत्	जागरित	जागरित्वा	जागरितुम्	जागरितव्य जागरणीय	जागरिता, जागरकः	जागरणं, जागर्तिः
ज्ञा ९ उ.	जानत् जानानः	ज्ञात	ज्ञात्वा, विज्ञाय	ज्ञातुम्	ज्ञातव्य, ज्ञेय	ज्ञाता, विज्ञः	ज्ञानम्
तॄ १ प.	तरन्	तीर्ण	तीर्त्वा, संतीर्य	तर्तुं	तरणीय, तार्य	तर्ता, तरिता	निस्तारः, तरणं
त्यज् १ प.	त्यजन्	त्यक्त	त्यक्त्वा	त्यक्तुम्	त्यजनीय, त्याज्य	त्यक्ता, त्यागी	त्यागः, त्यजनं
दा ३ उ.	ददत्, ददानः	दत्त, आत्त	दत्त्वा, आदाय	दातुम्	दातव्य, दानीय, देय	दाता, दायकः, -प्रदः	दानम्
दृश् १ प.	पश्यन्	दृष्ट	दृष्ट्वा	द्रष्टुम्	द्रष्टव्य दर्शनीय दृश्य	द्रष्टा, दर्शकः	दर्शनम्, दृष्टिः
धा ३ उ.	दधत्, दधानः	निहित	हित्वा, निधाय	धातुम्	धातव्य, धेय	धाता, आधायकः	आधानम्
नी १ उ.	नयन्-मानः	नीत	नीत्वा, आनीय	नेतुम्	नेतव्य, नेय	नेता, नायकः	आनयनं, नीतिः,
पच् १ उ.	पचन्-मानः	पक्व	पक्त्वा	पक्तुम्	पक्तव्य पचनीय पाक्य	पक्ता, पाचकः	पाकः पचनं पक्तिः
पठ् १ प.	पठन्	पठित	पठित्वा	पठितुम्	पठितव्य, पठनीय	पठिता, पाठकः	पाठः, पठनम्
पा १ प.	पिबन्	पीत	पीत्वा, आपाय	पातुम्	पातव्य, पानीय, पेय	पाता, पायकः, द्विपः	पानम्, पीतिः
प्रच्छ् १ प	पृच्छन्	पृष्ट	पृष्ट्वा	प्रष्टुम्	प्रष्टव्य, प्रच्छनीय	प्रष्टा, प्रच्छकः	प्रच्छनं, प्रश्नः
बुध् ४ आ	बुध्यमानः	बुद्ध	बुद्ध्वा	बोद्धुम्	बोद्धव्य, बोधनीय	बोद्धा, बोधकः	बोधः, बुद्धिः
भुज् ७ आ.	भुञ्जानः	भुक्त	भुक्त्वा	भोक्तुम्	भोक्तव्य, भोजनीय	भोक्ता, -भुक्,	भोगः भोजनं भुक्तिः
भू १ प.	भवन्	भूत	भूत्वा	भवितुम्	भवितव्य भवनीय भव्य	भविता, भावकः	भावः, भवनम्

मुच् ६ उ.	मुञ्चन्-मानः	मुक्त	मुक्त्वा	मोक्तुम्	मोक्तव्य, मोचनीय	मोक्ता, मोचकः	मोचनं, मुक्तिः
मृ ६ आ.	म्रियमाणः	मृत	मृत्वा	मर्तुम्	मर्तव्य, मरणीय	मर्ता	मृत्युः, मरणं
यज् १ उ.	यजन्-मानः	इष्ट	इष्ट्वा	यष्टुम्	यष्टव्य, यजनीय	यष्टा, याजकः	यागःयजनं इष्टिः
रुह् १ प.	रोहन्	रूढ	रूढ्वा, -रुह्य	रोढुम्	रोढव्य, रोहणीय,	रोढा रोहकः	आरोहः, रोहणं
लभ् १ आ	लभमानः	लब्ध	लब्ध्वा, लभ्य	लब्धुम्	लब्धव्य, लभ्य,	लब्धा	लाभः, लब्धिः
वच् २ प.	वचन्	उक्त	उक्त्वा,	वक्तुम्	वक्तव्य, वाच्य	वक्ता, वाचकः	वाकःवचनंउक्तिः
वस् १ प.	वसन्	उषित	उषित्वा,	वसितुं, वस्तुं	वसितव्य, वस्तव्य	वसिता, -वासी	वासः, वसनं
वह् १ उ.	वहन्-मानः	ऊढ	ऊढ्वा,	वोढुम्	वोढव्य, वहनीय	वोढा वाहकःवाही	वहनम्, ऊढिः
शी २ आ	शयानः	शयित	शयित्वा	शयितुम्	शयितव्य, शयनीय	शयिता	शयनं-शय्या
श्रु १ प.	शृण्वन्	श्रुत	श्रुत्वा, आश्रुत्य	श्रोतुम्	श्रोतव्य, श्रवणीय, श्रव्य	श्रोता, -श्रुत् (क्विप्)	श्रवणं, श्रुतिः
सह् १ आ	सहमानः	सोढ	सोढ्वा,	सोढुम्	सोढव्य सहनीय सह्य	सोढा, सहिष्णुः	सहनम्
स्था १ प.	तिष्ठन्	स्थित	स्थित्वा,	स्थातुम्	स्थातव्य, स्थेय	स्थाता, स्थायी	स्थानं, स्थितिः
स्पृश् ६ प.	स्पृशन्	स्पृष्ट	स्पृष्ट्वा,	स्पष्टुम्	स्प्रष्टव्य, स्पर्शनीय,	स्प्रष्टा, स्पर्शकः	स्पर्शः, स्पर्शनम्
स्मृ १ प.	स्मरन्	स्मृत	स्मृत्वा,	स्मर्तुम्	स्मर्तव्य, स्मरणीय	स्मर्ता, स्मारकः	स्मरणम्, स्मृतिः
स्वप् २ प.	स्वपन्	सुप्त	सुप्त्वा	स्वप्तुम्	स्वप्तव्य, स्वपनीय	स्वप्ता, स्वापकः	स्वापः स्वपनं सुप्तिः
हन् २ प.	घ्नन् निघ्नानः	हत	हत्वा, प्रहत्य	हन्तुम्	हन्तव्य, हननीय,	हन्ता, -घ्नः, -हा	घातः हननं, हत्या
हु ३ प.	जुह्वत्	हुत	हुत्वा,	होतुम्	होतव्य, हवनीय, हव्य	होता, हावकः	हवन, हुतिः, हवः

अशुद्धि-संशोधन (प्राक्कथन भी देखो)

[संकेत—नी. = नीचे से गिनी हुई पंक्ति; निर० = निरसनीय (delete); यो० = योजनीय (add)]

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२	५	त	त्
६	१६	ठ	ठ, ढ [महाप्राण]
७	१४	लृ	लॄ
	२०	वर्णों के	वर्गों के
१२	१	अय	अय्
१५	१८	अश्	झश्
२२	११	सिषेव	सिषेवे
४३	नी २	उ को	ऊ को
४७	१०	मल	फल
	१३	हे वारे	हे वारे, हेवारि[31]
	१३	हे वारि[31]	हे वारिणी
४८	१६	भानु	सानु
४६	नी ८	द्ग्याम्	दिग्भ्याम्
५६	नी ६	वाच	वाच्
५७	१५	कोई विकार	द् के अतिरिक्त अन्य कोई विकार
६०	नी ५	पयसा:	पयसो:
६२	नी ५	सर्वं	सर्वैः
६८	७	काः	कान् [पुं०]
	११	केयो:	कयो: [ष०]
	१२	कयौ:	कयो: [स०]
७०	१६	असुष्यै	अमुष्यै
	१७	अनुष्या:	अमुष्या:
७४	१४	(एकनाटक)	(एकलाख)

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७५	८	चत्वारिंशत्	[illegible]
	नी ३	पप्	पप्
	नी ४	पश्चन्	पञ्चन्
७६	१०	पश्चविंशति	पञ्चविंशति
७६	नी ४	एकोन चत्वरिंशत	एकोनचत्वारिंशत्
७७	११	बटसप्तति	षट्सप्तति
९३	७	श्नु	श्नु १८
९४	१२	नियाय	निनाय
९५	१५,१६	(१५ पंक्ति को १६ पंक्ति के बाद में पढ़ो)	
१००	१५	आशिलिङ्	आशीर्लिङ्
११८	१७	स्मर्मि	स्मरामि [लट्]
१२३	१७	अजेप्म	अजैप्म: [लुङ्]
१२५	१८	अर्धताम्	अवर्धताम[लङ्]
१३१	नी ८	अयाचिष्यन्त	अयाचिष्यन्त [लृङ्]
१३४	८	जह्नु	जह्नु: [लिट्]
१३७	१४	बभूव	बभूव [लिट्]
१४३	६	अयास्यास	अयास्याम [लृङ्]
१४६	१०	अध्यैष्यत	अध्यैष्यत[लृङ्]
१४७	१४	श्रुणीय:	श्रुणीय [वि० लिङ्]
१५३	नी ८	वद्ध्वे	वदध्वे [लट् आ०]
१५८	४	नृत्येयु	नृत्येयु: [वि०लिङ्]
	५	नृत्येत:	नृत्येत [वि० लिङ्]
१६१	३	लृङ्	लृट्
	१२	अद्यन्ताम्	पद्यन्ताम् [लोट्]
१६७	१३	तुदासि	तुदसि [लट् प०]
१८०	१६	भुङ्क्व	भुङ्क्ष्व [लोट् आ०]

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१८०	१७	भुनूजै	भुनजै [लोट्]
१८६	१७	चिक्रयथु:	चिक्रियथु: [लिट्]
		चिक्रय	चिक्रिय [लिट्]
१६२	नी ३	चोरयामासिथु:	चोरयामासथुः
	नी ३	चोरयामासिव (२)	चोरयामासिम
२०४	नी १	त	तॄ
२०६	७	गिलति	निर०
	८	गृ	गॄ
	१४	सीव्यति	सीव्यति [सिव्]
२०७	१५	बध्नाति	बध्नाति [बन्ध्]
२१२	१७	जगनवम्	जगन्वस्
२१५	१२	(वह खाकर गया)	निर०
	१६	दिव्···वर्तित्वा	निर०
	नी ५	गुण होता है	योज०-जैसे, दिव्-देवित्वा, वृत्-वर्तित्वा

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२१७	१७	कृ	कॄ
२२०	१३	स्वप्	निर०
२२४	१३	विनयी	विनम्रो
२२८	१२	मह्यं	मह्यं
२३४	१	बहुब्रीहि	बहुव्रीहि
२३५	१५	स्वर्गगपतित:	स्वर्गपतित:
	नी ४	सुबर्ण	सुवर्ण
२३८	१६	तदोहार:	दत्तोपहार:
	नी २	बना हुवा न हो	बना हुवा हो
२३६	१४	'गा'	'गो'
	१४	पञ्चगवम्[७]	पञ्चगवम् ।
२४२	६	दण्डय:	दण्ड्य:
	९	पल्लबित:	पल्लवित:
२४५	नी ६	डत्तम	डतम
२४८	नी ६	बार्धकम्	वार्धकम्
२५०	नी ५	पङ्ग:	पङ्गु:

अतिरिक्त संनिवेश

पृ० ७७, पं० नी २ चतुर्थ:—इसके आगे जोड़िये—तुर्य:, तुरीयः
चतुर्थी—इसके आगे जोड़िये—तुर्या, तुरीया

पृ० २१३, पं० ६ निम्नलिखित अर्थों में—इसके स्थान में पढ़िये—विधि में तथा निम्नलिखित अर्थों में

पृ० २२१, पं० ४ णिजन्त धातुओं से परे—इसके स्थान में पढ़िये—आस् तथा णिजन्त धातुओं से परे

पं० ५ उदा०—आस्+युच्=आसना, उपासना;

पृ० २३६ समासान्त प्रत्यय—(४) डच् (अ)–संख्या शब्दों के बहुव्रीहि समास में 'डच्' जुड़ता है, यदि अन्यपदार्थ संख्येय हो; जैसे, पञ्च वा षट् वा ये ते पञ्चषा: (टिलोप); एवं द्वित्राः इत्या०; त्रिचतुराः (अच्)